@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
मंगलवार, 11 नवंम्बर 2025

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 19 अंक 7 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

# जम्मू-कश्मीर में बड़ी आतंकी साजिश नाकाम

## 7 गिरफ्तार 2,900 किलो विस्फोटक भी बरामद

● *जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कहा कि यह ऑपरेशन आतंकवाद के खिलाफ उनकी दृढ़ निष्ठा और सतर्कता का सबूत है।*

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए एक अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय आतंकी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। यह नेटवर्क प्रतिबंधित आतंकी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद और अंसर गजवात-उल-हिंद से जुड़ा हुआ था। पुलिस ने इस कार्रवाई में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है और करीब 2,900 किलो विस्फोटक, हथियारों का जखीरा और कई आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपियों में आरिफ निसार डार उर्फ साहिल, यासिर-उल-अशरफ, मकसूद अहमद डार उर्फ शाहिद, मौलवी इरफान अहमद, जमीर अहमद अहंगर उर्फ मुतलाशा, डॉ. मुजम्मिल अहमद गनई उर्फ मुसैब और डॉ. अदील के नाम



शामिल हैं। पुलिस ने छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की। इनमें एक चाइनीज पिस्टल और कारतूस, एक बेरेटा पिस्तौल और कारतूस, एक एके-56 और कारतूस, एक एके क्रिंकॉफ राइफल और कारतूस और 2,900 किलो आईईडी मटेरियल (जिसमें विस्फोटक, रसायन, बैटरी, टाइमर, वायर, रिमोट कंट्रोल और मेटल शीट्स) शामिल हैं। पुलिस जांच में पता चला है कि यह गिरोह विदेशी हैंडलर्स के संपर्क में था और एनक्रिप्टेड चैनलों के जरिए फंडिंग, भर्ती और लॉजिस्टिक सपोर्ट का काम किया जा रहा था।

आतंकियों ने सोशल मीडिया और एजुकेशनल नेटवर्क्स के जरिए फंड जुटाने की व्यवस्था बनाई थी, ताकि शक न हो। यह पूरा नेटवर्क 'व्हाइट कॉलर टेरर इकोसिस्टम' के रूप में काम कर रहा था, जिसमें कुछ पेशेवर और छात्र भी शामिल थे। इस आतंकी मॉड्यूल का खुलासा तब हुआ जब 19 अक्टूबर को नौगाम, श्रीनगर के विभिन्न इलाकों में जैश-ए-मोहम्मद के धमकी भरे पोस्टर लगाए गए थे। इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई, जिसमें यूएपीए एक्ट, एक्सप्लोसिव सब्सटेंस एक्ट और आर्म्स एक्ट की कई धाराएं लगाई गईं। जांच के दौरान पुलिस ने श्रीनगर, अनंतनाग, गांदरबल और शोपियां के साथ-साथ फरीदाबाद (हरियाणा) और सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) में भी छापेमारी की। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कहा कि यह ऑपरेशन आतंकवाद के खिलाफ उनकी दृढ़ निष्ठा और सतर्कता का सबूत है। पुलिस के अनुसार, फंडिंग की जांच जारी है और सभी संपर्कों को ट्रेस किया जा रहा है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस आतंकवाद के इस जहर को पूरी तरह खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## दिल्ली में लाल किले के पास कार में धमाका

● कई वाहनों में लगी आग ● 10 की मौत, 40 घायल





● **दिल्ली, मुंबई, यूपी और हरियाणा में हाई अलर्ट**

● **पीएम मोदी ने शाह से बात की**

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** दिल्ली में लाल किले के पास कार में जोरदार धमाका हुआ है। ब्लास्ट में 10 लोगों की मौत हो गई है और 40 लोग घायल हैं। धमाके की वजह साफ नहीं है, लेकिन इसके बाद दिल्ली समेत मुंबई, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है।

दिल्ली पुलिस कमिश्नर सतीश गोलचा ने बताया कि सोमवार शाम 6.52 बजे फोर्ट मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास चलती में कार में धमाका हुआ। आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास खड़ी 3 और गाड़ियां जल गईं। घटना के बाद पुलिस ने इलाके को घेर लिया है। फॉरेंसिक टीम पहुंच गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। वहीं NIA और NSG को भी घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया है। पीएम मोदी ने गृहमंत्री अमित शाह से बात की और जानकारी ली। गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने बात की। शाह इस समय चुनाव प्रचार के लिए आज बिहार में थे।

दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा, लाल किले के पास हुए धमाके की खबर बेहद चिंताजनक है। बताया जा रहा है कि इसमें कुछ लोगों की जान भी गई है, ये बेहद दुखद है। पुलिस और सरकार को तुरंत इसकी जांच करनी चाहिए कि ये धमाका कैसे हुआ और क्या इसके पीछे कोई बड़ी साजिश तो नहीं है। दिल्ली की सुरक्षा को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती।

**आंकडे खबर लिखे जाने तक के हैं।**

## मुख्यमंत्री रेखा का विपक्ष के झूठे वादों और भ्रामक प्रचार पर प्रहार

**कौमी पत्रिका**
**नरेश मल्होत्रा**

नई दिल्ली, 10 नवंबर। दिल्ली नगर निगम के आगामी उपचुनावों के लिए सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता जनसेवा के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यह उपचुनाव केवल एक निर्वाचन प्रक्रिया नहीं, बल्कि दिल्ली में स्वच्छ, पारदर्शी और विकासोन्मुख शासन को चुनने का अवसर है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को वार्ड-56 शालीमार बाग-बी से पार्टी प्रत्याशी अनीता जैन और वार्ड-65 अशोक विहार से वीना असीजा के नामांकन कार्यक्रम में भागीदारी की। नामांकन दाखिल करने से पहले मुख्यमंत्री ने दोनों वार्डों में चुनाव कार्यालय के उद्घाटन और हवन-पूजन में शामिल हुईं। इसके बाद मुख्यमंत्री रोड शो में शामिल हुईं और विशाल जनसभा को भी संबोधित किया और कहा कि पार्टी ने दोनों वार्डों से कर्मठ, अनुभवी और समर्पित महिलाओं को प्रत्याशी बनाया है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि वह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र को साकार करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शालीमार बाग की धरती धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों के लिए सदैव चर्चाओं में रही है। जब उन्हें जनता के आशीर्वाद से विधायक और तत्पश्चात मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिला, तब उन्होंने इसे व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि जनता द्वारा दिया गया विश्वास और सम्मान माना। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं और जनता के समर्पण, निष्ठा और निरंतर सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यही शक्ति शालीमार बाग को दिल्ली की सबसे संगठित और विकसित विधानसभा बनाती है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि पिछले आठ महीनों में न केवल शालीमार बाग, बल्कि पूरी दिल्ली में लंबे समय से अटके हुए विकास कार्यों को गति दी गई है। झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले परिवारों की समस्याओं के समाधान, व्यापारियों को प्रशासनिक दिक्कतों से राहत, महिलाओं और बच्चियों के लिए सुरक्षित माहौल तथा स्कूलों में स्मार्ट क्लासेज़ और कंप्यूटर लैब की स्थापना जैसे कार्य प्राथमिकता पर किए जा रहे हैं। शालीमार बाग विधानसभा में भी वर्षों से लंबित स्कूल, सामुदायिक भवन और सड़कों के विकास कार्यों को तेज़ी से पूरा किया जा रहा है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली की जनता विपक्षी दलों के झूठे वादों और भ्रामक प्रचार से भली-भांति परिचित है। उन्होंने कहा कि हम झूठी घोषणाएं नहीं करते, हम काम करते हैं। दिल्ली ने देखा है कि केंद्र और निगम में भारतीय जनता पार्टी ने किस प्रकार विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने दिल्लीवासियों से अपील की कि वे 30 नवंबर को होने वाले मतदान में भाजपा के उम्मीदवारों को भारी बहुमत से विजयी बनाएं। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि भाजपा ने एमसीडी उपचुनावों में सभी 12 वार्डों में मज़बूत और योग्य उम्मीदवार उतारे हैं। पार्टी को पूर्ण विश्वास है कि इन उपचुनावों में भारतीय जनता पार्टी शानदार प्रदर्शन करेगी और दिल्ली की जनता का विश्वास एक बार फिर अर्जित करेगी।

### उद्धव ठाकरे-शरद पवार को झटका

## आगामी बीएमसी चुनाव अकेले लड़ेगी कांग्रेस

**एजेंसी**

**मुंबई।** मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनावों की घोषणा से पहले कांग्रेस ने उद्धव ठाकरे और शरद पवार को बड़ा झटका दिया है। कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने ऐलान किया कि पार्टी आगामी बीएमसी चुनाव अकेले लड़ेगी। कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार नागपुर में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'हमारे स्थानीय नेताओं ने अकेले चलने के लिए आग्रह किया है। इस स्थिति में हाईकमान से बात की गई। हाईकमान का कहना है कि लोकल लेवल पर स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए फैसला लें। मुंबई के लेवल पर वही निर्णय हुआ है और अकेले चुनाव लड़ा जाएगा।' कांग्रेस के इस निर्णय से महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन के भविष्य को लेकर चिताएं बढ़ गई हैं। महा विकास अघाड़ी गठबंधन में कांग्रेस के साथ शिवसेना-यूबीटी और एनसीपी-एसपी भी शामिल हैं। हालांकि, बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के चुनाव कार्यक्रम की अभी घोषणा नहीं हुई है। इससे पहले,



कांग्रेस की मुंबई नगर इकाई ने बताया कि चुनाव में उम्मीदवारी के लिए एक हजार से अधिक आवेदन आए हैं। नगर निगम चुनाव की पृष्ठभूमि में मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष सांसद वर्षा गायकवाड़ की अध्यक्षता में तैयारियां चल रही हैं और 227 वार्डों के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए। सांसद सुरेशचंद्र राजहंस ने भी कहा कि वर्षा गायकवाड़ के नेतृत्व में सभी नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता जोर-शोर से तैयारी कर रहे हैं। कांग्रेस इकाई ने गुरुवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए जानकारी दी कि पार्टी ने इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए और 1150 से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए। मुंबई कांग्रेस के प्रवक्ता और मीडिया समन्वयक सुरेशचंद्र राजहंस ने बताया कि मुंबई के सभी छह जिलों से इच्छुक उम्मीदवारों की ओर से तुरंत प्रतिक्रिया मिल रही है और चूंकि नगर निगम के लिए आरक्षण की घोषणा जल्द ही की जाएगी, इसलिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी जाएगी।

## ईमानदारी के साथ चुनाव कराना हमारे राष्ट्रीय संकल्प का सबूत है – ज्ञानेश कुमार

● **पूरी ईमानदारी के साथ चुनाव कराना हमारे राष्ट्रीय संकल्प का सबूत है।**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसी एंड इलेक्टोरल असिस्टेंस (आईडीईए) के डेलिगेशन से मुलाकात की। इस डेलिगेशन का नेतृत्व आईडीईए के महासचिव केविन कैसास जमोरा कर रहे थे। उनके साथ चीफ ऑफ स्टाफ जेसिका केहेस और सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज भी मौजूद थे। यह पहल सीईसी के जून में स्टॉकहोम इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इलेक्टोरल इंटीग्रिटी में की-नोट एड्रेस देने के कुछ महीने बाद हुई है।

इंटरनेशनल आईडीईए द्वारा होस्ट किए गए इस ग्लोबल फोरम में बोलते हुए, सीईसी ने आयोग की ईमानदारी से चुनाव कराने और इलेक्शन मैनेजमेंट बॉडीज (ईएमबी) के लिए ग्लोबल कैपेसिटी-बिल्डिंग पहलों को सपोर्ट करने की प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया। इस कॉन्फ्रेंस में लगभग




50 देशों के ईएमबी का प्रतिनिधित्व करने वाले 100 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि पूरी ईमानदारी के साथ चुनाव कराना हमारे राष्ट्रीय संकल्प का सबूत है। साथ ही, उन्होंने चुनावी तरीकों में ईसीआई की ग्लोबल लीडरशिप पर भी जोर दिया।

भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर जोर देते हुए कुमार ने कहा कि भारत में चुनाव राजनीतिक पार्टियों, उम्मीदवारों, ऑब्जर्वर, मीडिया और कानून लागू करने वाली एजेंसियों की निगरानी में होते हैं, जिससे हर स्टेज पर ऑडिट जैसी ट्रांसपेरेंसी बनी रहती है। उन्होंने कहा कि आम चुनावों के दौरान, चुनाव आयोग 2 करोड़ से ज्यादा लोगों को इकट्ठा करता है, जिसमें पोलिंग स्टाफ, पुलिस, ऑब्जर्वर और पॉलिटिकल एजेंट शामिल होते हैं।

भारत की चुनावी प्रक्रिया के विकास के बारे में बताते हुए कुमार ने संवैधानिक मूल्यों से जुड़े रहते हुए बढ़ती मुश्किलों के हिसाब से ढलने की कमीशन की क्षमता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 1951-52 में 173 मिलियन वोटर्स से लेकर 2024 में 979 मिलियन तक और शुरुआती सालों में सिर्फ 0.2 मिलियन पोलिंग स्टेशनों से लेकर आज 1.05 मिलियन से ज्यादा तक, भारत की चुनावी यात्रा ने इंस्टीट्यूशनल दूरदर्शिता और बेमिसाल पैमाना दिखाया है।

## विकास और कानून व्यवस्था के मुद्दे पर युवा और महिला मतदाता एकजुट: धर्मेंद्र प्रधान

**पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विकास और कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर युवा और महिला मतदाता एकजुट हो जाते हैं।**

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में मंगलवार को सुबह 7 बजे से 20 जिलों की 122 सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। पर उसस् पहले ही दूसरे चरण के मतदान से पूर्व सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने मीडिया से बातचीत में जीत का दावा किया। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और ललन सिंह ने भी भरोसा जताया कि प्रदेश में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की एक बार फिर से सरकार बनेगी। धर्मेंद्र प्रधान ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विकास और कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर युवा और महिला मतदाता एकजुट हो जाते हैं। उन्हें उम्मीद है कि हमारा नेतृत्व उनकी आकांक्षाओं को पूरा कर सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का अनुभव बिहार को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है। इस बार उम्मीद है कि



आकांक्षाएं पूरी होंगी। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्य के वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे, इस बारे में कोई भ्रम नहीं है। इस बीच केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने भी बिहार विधानसभा चुनाव में राजग की जीत को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा, बिहार में 160 हमारे उम्मीदवार जीतेंगे। प्रचंड बहुमत से यहां राजग की सरकार बनेगी। पहले चरण में जो लगभग 65 प्रतिशत मतदान हुआ, उसमें अधिकांश वोट महिलाओं ने दिया है। महिलाओं के लिए नीतीश कुमार ने बहुत काम किया। इससे सबने उत्साहित होकर वोट दिया। इससे हम समझते हैं कि दो तिहाई (2/3) वोट हमारे पक्ष में गए हैं। उधर, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन (ललन सिंह) ने कहा, विपक्ष के लोगों को हवाबाजी करने की आदत है। पहले चरण के चुनाव में वो कहीं नहीं हैं। 121 सीटों में वो नजर भी नहीं आएंगे। 15 साल में उनके (तेजस्वी यादव के) माता-पिता ने बहुत काम किया था।

### धर्मेंद्र की हालत नाजुक : ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में भर्ती, वेंटिलेटर सपोर्ट पर अभिनेता

**एजेंसी**

**मुंबई।** बॉलीवुड के चमकते सितारे धर्मेंद्र इन दिनों अपनी सेहत को लेकर चर्चा में हैं। वह मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में भर्ती हैं।आईएएनएस के करीबी सूत्रों की मानें तो उनकी हालत गंभीर है और वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं। यह खबर सुनकर उनके प्रशंसक और फिल्म जगत के लोग चिंतित हैं। सूत्रों की जानकारी के अनुसार, धर्मेंद्र रुटीन चेकअप के लिए अस्पताल गए थे, लेकिन कुछ जांचों और चिकित्सकों की सलाह के बाद उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती करना पड़ा। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है और उन्हें लाइफ सपोर्ट पर रखा गया है। डॉक्टर लगातार उनकी हालत पर नजर बनाए हुए हैं और उनके इलाज के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। धर्मेंद्र की बारे में बात करें तो उनका नाम भारतीय सिनेमा में हमेशा एक चमकते सितारे के रूप में लिया जाता रहा है।

## विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद: 2.5 लाख चयनित युवा अब 10 राष्ट्रीय विषयों पर लिखेंगे निबंध

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देशभर के 50 लाख से अधिक युवाओं ने खेल और युवा कार्यक्रम मंत्रालय की प्रमुख पहल विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद 2026 के तहत आयोजित क्विज राउंड में हिस्सा लिया। इनमें से 2.5 लाख चयनित युवा अब देश के विकास से जुड़े 10 प्रमुख विषयों पर निबंध लिखेंगे। यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमृत पीढ़ी और विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने के लिए बड़ा कदम मानी जा रही है। खेल और युवा कार्यक्रम मंत्रालय के अनुसार, यह क्विज मेरा युवा भारत (एमवाई भारत) और माईगव प्लेटफार्म पर एक सितंबर से 31 अक्टूबर तक आयोजित की गई थी, जिसमें 28 राज्यों और 8 केंद्रशासित प्रदेशों के युवाओं ने भाग लिया। इसमें 51 प्रतिशत पुरुष और 49 प्रतिशत महिलाएं रहीं।

## विधानमंडलों को लोकमत को नीति में बदलने की दिशा में निभानी होगी सक्रिय भूमिका: ओम बिरला

● *'लोकमत नीति का आधार बनता है तब सतत और समावेशी विकास संभव होता है।'*

**एजेंसी**

**कोहिमा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि लोकतंत्र की सशक्तता तभी संभव है जब संसद और विधानसभाओं में गरिमा, अनुशासन और संवाद की संस्कृति कायम रहे। योजनाबद्ध अव्यवस्था और नारेबाजी जैसी प्रवृत्तियां लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करती हैं और जनता को सार्थक विमर्श से वंचित करती हैं। बिरला नागालैंड विधानसभा में आयोजित कॉमनवेल्थ संसदीय संघ (सीपीए) के 22वें वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो, राज्यसभा उपसभापति हरिवंश, नागालैंड विधानसभा अध्यक्ष शारिंगैन लोंगकुमेर तथा राज्य के संसदीय कार्य मंत्री के जी केन्ये सहित उत्तर पूर्व के आठ राज्यों के विधानसभाओं के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष उपस्थित थे। बिरला ने



जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे लोकमत को नीति में परिवर्तित करने की दिशा में सक्रिय और रचनात्मक भूमिका निभाएं, क्योंकि यही लोकतंत्र का वास्तविक दायित्व है। ओम बिरला ने कहा कि विधानमंडलों की जिम्मेदारी केवल कानून बनाना नहीं है, बल्कि जनता की आकांक्षाओं और चिंताओं को नीतियों में रूपांतरित करना उनका मूल कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि जब लोकमत नीति का आधार बनता है तब सतत और समावेशी विकास संभव होता है। उन्होंने उत्तर पूर्व में हो रहे डिजिटल परिवर्तन की सराहना करते हुए कहा कि नागालैंड विधानसभा का पूर्णतः पेपरलेस होना पारदर्शी और आधुनिक शासन की दिशा में एक आदर्श उदाहरण है। साथ ही उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीकों का प्रयोग जिम्मेदारीपूर्वक और नैतिकता के साथ होना चाहिए ताकि यह लोकतंत्र की मजबूती का माध्यम बने। केंद्र और राज्यों के संबंधों पर उन्होंने कहा कि रचनात्मक संवाद और सहयोग से ही सुशासन और जनकल्याणकारी नीतियां संभव हैं। उत्तर पूर्व के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसी रणनीति जरूरी है जिसमें जलवायु अनुकूलता, हरित अवसंरचना और जनसहभागिता को प्रमुखता दी जाए।

# दिल्ली में हवा हुई दम घोंटू, एक्यूआई खराब स्तर पर, धुंध की मोटी चादर छाई

## प्रदूषण के बिगड़ते स्तर के बीच लोगों ने इंडिया गेट पर किया था प्रदर्शन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में सोमवार सुबह वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में रही क्योंकि शहर में धुंध की मोटी चादर छाई रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक सुबह 7 बजे एक्यूआई 345 पर रहा। दिल्ली में प्रदूषण के बिगड़ते स्तर के बीच रविवार को दिल्ली में इंडिया गेट पर अभिभावकों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं समेत बड़ी संख्या में लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारियों जिनमें से कई बच्चों के साथ माताएं भी थीं, उन्होंने कहा कि वे स्वच्छ हवा सुनिश्चित करने के लिए सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग को लेकर यहां जमा हुए थे।

प्रमुख निगरानी केंद्रों पर प्रदूषण का स्तर

आनंद विहार-379, अशोक विहार-367, आईटीओ-376, चाँदनी चौक-360, ओखला फेज़-2-348, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम-316, आईजीआई हवाई अड्डा (टी3)-305, जहांगीरपुरी-389, लोधी रोड-314, नजफगढ़-335, रोहिणी-390, आरके पुरम-363, वाजीपुर-397 एक्यूआई दर्ज किया गया। वहीं नोएडा में सेक्टर 62 में एक्यूआई-342, सेक्टर 1 में 325 और सेक्टर 116 में 339 दर्ज किया गया। ग्रेटर नोएडा में नॉलेज पार्क-3 और नॉलेज पार्क-5 में एक्यूआई का स्तर क्रमशः 316 और 314 दर्ज किया गया।

इस बीच गुरुग्राम के सेक्टर 51 में एक्यूआई 327 दर्ज किया गया, जबकि फरीदाबाद के न्यू इंडस्ट्रियल टाउन और सेक्टर 11 में वायु गुणवत्ता का स्तर क्रमशः 230 और 238 रहा, जो तुलनात्मक रूप से बेहतर था। शून्य से 50 के बीच के एक्यूआई को अच्छा, 51-100 के बीच के एक्यूआई को संतोषजनक, 101-200 के बीच के एक्यूआई को मध्यम, 201-300 के बीच के एक्यूआई को खराब, 301-400 के बीच के एक्यूआई को बहुत खराब और 401-500 के बीच के एक्यूआई को अति गंभीर माना जाता है।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली की वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी के उच्च स्तर पर बने रहने के बावजूद, ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के चरण 3 प्रतिबंधों को फ़िलहाल लागू नहीं करने का फैसला लिया है। दिल्ली का दैनिक औसत एक्यूआई दिन में गंभीर सीमा के करीब पहुंचने के बाद, जीआरएपी पर सीएक्यूएम की उप-समिति ने रविवार शाम वायु गुणवत्ता की स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक की। पैनल के मुताबिक सुबह 10 बजे दिल्ली का प्रति घंटा औसत एक्यूआई 391 दर्ज किया गया, जो बाद में शाम 4 बजे तक सुधरकर 370 और शाम 5 बजे तक 365 हो गया।

भारत मौसम विज्ञान विभाग और भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान के पूर्वानुमानों से पता चलता है कि आने वाले दिनों में समग्र वायु गुणवत्ता बिना किसी तीव्र गिरावट के बहुत खराब श्रेणी में रहने की संभावना है। मामूली सुधार और पूर्वानुमान के रुझानों को देखते हुए उप-समिति ने एनसीआर में मौजूदा चरण 1 और चरण 2 के उपायों को जारी रखने और इस स्तर पर चरण 3 के प्रतिबंधों को लागू नहीं करने का फैसला लिया। पैनल ने कहा कि वह स्थिति पर कड़ी नज़र रख रहा है और समय-समय पर वायु गुणवत्ता की समीक्षा करेगा।

# एसआईआर के खिलाफ बंगाल कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट पहुंची

### -टीएमसी का दावा- एसआईआर के डर से राज्य में हई 15 मौतें

**कोलकाता (एजेंसी)।** बिहार के बाद 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में शुरू वोटर लिस्ट का रिवीजन स्ढ्ढक्र को लेकर पश्चिम बंगाल में सियासत गरमा गई है। अब कांग्रेस की बंगाल यूनिट ने सुप्रीम कोर्ट में स्ढ्ढक्र के खिलाफ याचिका लगाई है। जस्टिस सूर्यकांत की बेंच में यह मामला उठाया गया जो बिहार एसआईआर मामले की सुनवाई कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट 11 नवंबर को तमिलनाडु सरकार की एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करेगा।

इधर, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने दावा किया है कि 27 अक्टूबर को एसआईआर शुरू होने के बाद से अब तक 15 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 3 महिलाएं शामिल हैं। टीएमसी ने कहा कि एसआईआर के डर से कुछ ने आत्महत्या की, तो कुछ की मौत हार्ट अटैक या ब्रेन स्ट्रोक से हुई। हालांकि भाजपा ने इसे 'राजनीतिक प्रचार' करार देते हुए आरोपों से इनकार किया है। कहा- टीएमसी जनता को गुमराह कर रही है। पश्चिम बंगाल में विरोध के बावजूद 80,000 से ज्यादा बूथ लेवल अधिकारी एसआईआर के फॉर्म बांट रहे हैं। 9 नवंबर रात 8 बजे तक 55.15 करोड़ से ज्यादा एसआईआर फॉर्म बांट दिए हैं। 4 नवंबर से शुरू हुआ काम 4 दिसंबर तक चलेगा।

**तृणमूल ने पीड़ितों के मदद के लिए लीगल टीम बनाई**

तृणमूल कांग्रेस महासचिव अभिषेक बनर्जी ने एसआईआर के आतंक की वजह से मरने वालों के परिजनों की मदद के लिए हेल्प डेस्क और लीगल सेल बनाई। पांच लोगों के परिजनों को आर्थिक सहायता भी भेजी। मृतकों के परिजनों की सहायता के लिए विशेष कमेटी बनाई है। इसके तहत सांसद और मंत्री परिजनों से मुलाकात कर मदद का आश्वासन दे रहे हैं।

# यूपी के सभी स्कूलों, कॉलेजों में अनिवार्य होगा 'वंदे मातरम्' का गान

गोरखपुर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के सभी विद्यालयों में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' का गायन अनिवार्य किए जाने का ऐलान किया है। गोरखपुर में सोमवार को 'एकता यात्रा' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 'वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के प्रति सम्मान का भाव होना चाहिए। उत्तर प्रदेश के हर विद्यालय और हर शिक्षण संस्थान में हम इसका गायन अनिवार्य करेंगे।' उन्होंने कहा कि इससे उत्तर प्रदेश के हर नागरिक के मन में भारत माता के प्रति, अपनी मातृभूमि के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव जागृत हो सकेगा। आदित्यनाथ ने किसी का नाम लिए बगैर कहा, 'कुछ लोगों के लिए आज भी भारत की एकता और अखंडता से बढ़कर उनका मत और मजहब हो जाता है। उनकी व्यक्तिगत निष्ठा महत्वपूर्ण हो जाती है। वंदे मातरम के विरोध का कोई औचित्य नहीं है।'

# जंतर-मंतर पर व्यक्ति ने खुद को गोली मार की आत्महत्या

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के जंतर-मंतर पर सोमवार को एक व्यक्ति ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सुबह करीब 9ः00 बजे, दिल्ली पुलिस द्वारा लगाए गए मेटल डिटेक्टर गेट के पास स्थित एक चाय की दुकान के पास। बता दें कि मृतक की पहचान अभी तक नहीं हुई है। पुलिस मौके पर मौजूद है, घटनास्थल की घेराबंदी कर दी गई है। मामला दर्ज कर पुलिस आत्महत्या की परिस्थितियों की पुष्टि के लिए जाँच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के महिपालपुर में एक 23 वर्षीय महिला की बिजली की रॉड से पानी गर्म करते समय करंट लगने से मौत हो गई। रविवार रात आठ बजकर 19 मिनट पर पुलिस को सूचना मिली। मणिपुर की 23 वर्षीय महिला। महिला बाथरूम में बेहोश पाई गई, उसके हाथ में बिजली की रॉड थी। जब वह काफी देर तक बाहर नहीं आई तो उसकी दोस्त ने पुलिस को फोन किया। यह बिजली का करंट लगने का मामला प्रतीत होता है और पुलिस को अभी तक किसी गड़बड़ी की आशंका नहीं है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सफदरजंग अस्पताल के शवगृह ले जाया गया है।

# ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने धार्मिक स्थलों से अवैध लाउडस्पीकरों को हटाया गया

लखनऊ (एजेंसी)। ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए लखनऊ पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान में धार्मिक स्थलों (मस्जिदों और मंदिरों) से अवैध लाउडस्पीकरों को हटाया गया है। धार्मिक स्थलों पर लगे अनधिकृत साउंड सिस्टम (लाउडस्पीकरों) को हटाना। यह अभियान योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा 2022 में शुरू की गई राज्यव्यापी पहल (ध्वनि नियंत्रण एवं विनियमन अभियान) का हिस्सा है। पुलिस की टीमों ने वजीरगंज की मस्जिदों (मोलसरी मस्जिद, मलका जमानी मस्जिद, गुइन रोड मस्जिद) और मंदिरों (बटुक भैरव मंदिर) का दौरा किया। अधिकारियों ने धार्मिक नेताओं को कानून के बारे में जानकारी दी और शांतिपूर्वक तथा आपसी सहमति से अनधिकृत लाउडस्पीकरों को हटाने में मदद की।

राज्यव्यापी आँकड़े (2022 से): उत्तर प्रदेश भर में 1,00,000 से ज़्यादा अवैध लाउडस्पीकर हटाए जा चुके हैं। 1,50,000 से ज़्यादा लाउडस्पीकरों की आवाज़ ध्वनि प्रदूषण मानदंडों के अनुपालन में कम की गई है। इस अभियान का प्राथमिक उद्देश्य ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करना और तेज़ आवाज़ वाले लाउडस्पीकरों पर प्रतिबंध लगाने वाले कानूनी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करना है। यह अभियान उत्तर प्रदेश सरकार के ध्वनि नियंत्रण एवं विनियमन अभियान के तहत पूरे राज्य में कानून का समान रूप से क्रियान्वयन करने पर केंद्रित है।

# कठुआ में आतंकियों से संबंध के आरोप में दो एसपीओ बर्खास्त

कठुआ (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में आतंकियों के साथ संबंध रखने के आरोप में दो विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि दोनों एसपीओ, अब्दुल लतीफ और मोहम्मद अब्बास पहले भी आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर गिरफ्तार किए जा चुके हैं। कठुआ की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मोहिता शर्मा ने दोनों पुलिसकर्मियों की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का आदेश जारी किया है। जांच में पाया गया कि दोनों एसपीओ आतंकियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट और गोपनीय जानकारी मुहैया करा रहे थे। अधिकारियों के मुताबिक, सुरक्षा एजेंसियों ने दोनों के मोबाइल रिकॉर्ड और संपर्कों की जांच में कई संदिग्ध साक्ष्य पाए हैं। कठुआ पुलिस ने कहा कि आतंकवाद से किसी भी तरह का सहयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, चाहे वह सुरक्षा बलों के भीतर से ही क्यों न हो। मामला अब आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को भेजा गया है।

# केरल में स्थानीय निकाय चुनाव नौ और 11 दिसंबर को दो चरणों में

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। केरल राज्य निर्वाचन आयोग ने घोषणा की कि राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव नौ और 11 दिसंबर को दो चरणों में होगा। तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पथनमथिट्टा, कोट्टायम, अलप्पुझा, इडुक्की और एर्नाकुलम जिलों में मतदान नौ दिसंबर को होगा। त्रिशूर, पलक्कड़, मलप्पुरम, वायनाड, कोझीकोड, कन्नूर और कासरगोड जिलों के मतदाता 11 दिसंबर को होगा। मतों की गिनती 13 दिसंबर को होगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 नवंबर है, पत्रों की जांच 22 नवंबर को होगी और नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 24 नवंबर है। राज्य निर्वाचन आयुक्त ए. शाहजहां ने घोषणा की कि केरल के 1,200 स्थानीय निकायों में से 1,199 में चुनाव कराए जाएंगे, जिसमें मट्टनूर नगर पालिका को शामिल नहीं है, क्योंकि इसकी परिषद का कार्यकाल 2027 तक वैध है।

चुनाव 941 ग्राम पंचायतों, 152 ब्लॉक पंचायतों, 14 जिला पंचायतों, 86 नगर पालिकाओं और छह नगर निगमों के लिए होगा, जिसमें कुल 23,512 वार्ड शामिल है। राज्य निर्वाचन आयुक्त शाहजहां ने बताया कि राज्य भर में 33,746 मतदान केंद्र और 2,84,30,761 मतदाता वोट डालने के पात्र हैं, जिसमें 2,841 प्रवासी भारतीय मतदाता भी शामिल हैं। केरल में स्थानीय निकाय चुनाव करीब आते ही, यूडीएफ और भाजपा दोनों ने तिरुवनंतपुरम निगम के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी की है।

# हवा में खराब हुआ विमान का इंजन, देर रात कराई इमरजेंसी लैंडिंग

## 170 से ज्यादा यात्रियों थे सवार, सभी को सुरक्षित उतारा, जांच शुरु




**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई से कोलकाता जा रहे स्पाइसजेट के विमान की रविवार देर रात आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी, क्योंकि उसके एक इंजन में तकनीकी खराबी आ गई थी। 170 से ज्यादा यात्रियों को ले जा रही उड़ान एसजी670, पायलट ने पूर्ण आपातकाल घोषित करने के बाद रात करीब 11ः38 बजे नेताजी सुभाष चंद्रबोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गई। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि सभी यात्री और क्रू-मेंबर्स के सदस्य सुरक्षित हैं।

मीडिया रिपोर्ट में कोलकाता हवाई अड्डे के अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि मुंबई के छत्रपति शिवाजी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने वाला यह विमान कोलकाता पहुंचने वाला ही था, तभी पायलट ने इंजन में खराबी की सूचना दी। जानकारी मिलते ही एयरपोर्ट ऑथरटी तुरंत इमरजेंसी की घोषणा कर आपातकालीन लैंडिंग के लिए रूट क्लियर किया।

अधिकारियों ने बताया कि हवाई अड्डे की इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम, जिसमें दमकल गाड़ियां, एम्बुलेंस और मेडिकल टीम थी, उनको लैंडिंग वाले स्थान पर तैनात किया गया था। फ्लाइट में 170 यात्रियों और क्रू-मेंबर सवार थे। विमान रात 11.27 बजे सुरक्षित लैंडिंग करा लिया गया। रात 11.38 बजे एयरपोर्ट पर लगे पूर्ण इमरजेंसी हटा लिए1 अधिकारियों ने पुष्टि की कि सभी यात्री और चालक दल सुरक्षित हैं।

बता दें इससे पहले सितंबर में भी पुणे से दिल्ली जा रही स्पाइसजेट की एक उड़ान को तकनीकी खरीबी के कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद हवा में यू-टर्न लेना पड़ा था। हालांकि, एयरलाइन ने कहा कि उड़ान आपातकालीन परिस्थितियों में नहीं उतरी थी। अहमदाबाद में एयर इंडिया फ्लाइट के दुर्घटना के बाद से कई फ्लाइट्स बीच हवा में खराब हुई। कई फ्लाइट्स की इमरजेंसी लैंडिग करानी पड़ी। इसी कड़ी में इस घटना ने हवाई यात्रा की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। वहीं नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने इंजन फेल होने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

# वंदे भारत की लॉन्चिंग में छात्रों ने गाया संघ का गीत, केरल सरकार ने दिए जांच के आदेश, केंद्र ने कहा इसमें गलती क्या है?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केरल सरकार ने एर्नाकुलम से बेंगलुरु जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस के उद्घाटन के बाद ट्रेन में स्कूली छात्रों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गीत का गायन कराने के दक्षिणी रेलवे के कथित घटना की जांच के आदेश दिए हैं। हालांकि, केंद्रीय मंत्रियों ने इस घटना को उचित ठहराते हुए कहा कि यह एक देशभक्ति गीत है। हालांकि, केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने नई ट्रेन में छात्रों द्वारा आरएसएस का गीत गाए जाने के घटनाक्रम को रविवार को सही ठहराया। उन्होंने त्रिशूर में पत्रकारों से कहा कि यह बच्चों के निश्छल जश्न का हिस्सा था। पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस और पर्यटन राज्य मंत्री ने कहा, उन्हें उस समय वह गाना गाने का मन हुआ और उन्होंने इसे गा दिया। वैसे भी यह कोई अतिवादी गाना नहीं है। राज्य से एक अन्य केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन ने भी बच्चों द्वारा आरएसएस गीत के गायन का पुरजोर बचाव किया और पूछा कि गणगीतम में सांप्रदायिक क्या है। उन्होंने कहा कि जो लोग विदेश में भारत-विरोधी भावनाओं का प्रचार करने की कोशिश करते हैं, उन्हें यह गीत पसंद नहीं आ सकता। छात्रों द्वारा इस गीत के गायन को उचित ठहराते हुए, एलमक्कारा स्थित सरस्वती विद्यानिकेतन पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डिंटो केपी ने कहा कि यह एक देशभक्ति गीत है। उन्होंने कहा कि यह गीत दक्षिणी रेलवे के निर्देशानुसार नहीं गाया गया था, बल्कि बच्चों ने इसे मलयालम देशभक्ति गीत के रूप में खुद ही गाने का फैसला लिया।

केरल के सामान्य शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने लोक शिक्षण निदेशक (डीपीआई) को इस संबंध में जांच कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री के कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, शिवनकुट्टी ने कहा कि सरकार इस घटना को बेहद गंभीरता से ले रही है। विपक्षी दल कांग्रेस ने इस घटना की कड़ी निंदा की और बच्चों को सांप्रदायिक उद्देश्य के लिए इस्तेमाल करने की अनुमति देने के लिए स्कूल अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शिवनकुट्टी ने दिल्ली में कहा था, राज्य सरकार स्कूल की शुरुआत करने के लिए एनओसी देती है। एनओसी की मंजूरी के लिए कुछ शर्तें होती हैं। अगर इन शर्तों का उल्लंघन किया जाता है, तो सरकार के पास एनओसी वापस लेने का अधिकारी होता है। जांच की घोषणा करते हुए शिवनकुट्टी ने कहा कि सरकारी कार्यक्रमों में बच्चों का राजनीतिकरण करना और किसी खास समूह के सांप्रदायिक एजेंडे को बढ़ावा देने के लिए उनका इस्तेमाल करना संवैधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन है।मंत्री ने कहा, लोक शिक्षण निदेशक (डीपीआई) को तुरंत जांच कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट के निष्कर्षों के आधार पर आगे उचित कार्रवाई की जाएगी। शिवनकुट्टी ने कहा कि देश के धर्मनिरपेक्ष एवं राष्ट्रीय मूल्यों को बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है और इन सिद्धांतों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

प्रधानाचार्य ने यह भी स्वीकार किया कि विवाद के बाद जब दक्षिण रेलवे के 'एक्स' हैंडल से गाने का वीडियो हटा दिया गया, तो स्कूल अधिकारियों ने प्रधानमंत्री और केंद्रीय रेल मंत्री के कार्यालय को पत्र भेजे थे। उन्होंने कहा कि स्कूल के अनुरोध पर दक्षिणी रेलवे बाद में वीडियो पुनः पोस्ट कर सकता है।



वहीं माकपा महासचिव एमए बेबी ने इस घटना को लोकतंत्र के लिए चुनौती करार दिया। वहीं, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने इसे भाजपा द्वारा केरल का सांप्रदायिकीकरण करने का एक और प्रयास बताया। सतीशन ने कहा, एक आधिकारिक समारोह में बच्चों को आरएसएस का गणगीत गाने के लिए मजबूर किया गया। जिस स्कूल ने इसकी अनुमति दी, उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। सांप्रदायिक उद्देश्यों के लिए बच्चों का इस्तेमाल करने का फैसला किसने किया? विपक्ष के नेता ने पूछा, जनता की कीमत पर राजनीतिकरण की इजाजत नहीं दी जाएगी। आरएसएस के गणगीत को देशभक्ति गीत कैसे कहा जा सकता है?

# संघ के वित्तपोषण के तरीकों पर प्रियांक खड़गे ने मांगा स्पष्टीकरण

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने आरएसएस यानी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा चंदा प्राप्त करने के तरीके पर सवाल उठाकर उसके वित्तपोषण के तरीकों पर स्पष्टीकरण मांगा। मंत्री खरगे ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त की कि संगठन पूरी तरह से अपने स्वयंसेवकों के योगदान से संचालित होता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पुत्र कर्नाटक सरकार में मंत्री ने कहा, भागवत ने कहा है कि संघ अपने स्वयंसेवकों द्वारा दिए गए चंदे के माध्यम से काम करता है। हालांकि, इस दावे को लेकर कई वाजिब सवाल उठते हैं। उन्होंने पूछा कि ये स्वयंसेवक कौन हैं और उनकी पहचान कैसे की जाती है, वे कितना चंदा देते हैं एवं इसकी प्रकृति क्या है और किन माध्यमों से धन एकत्र होता है। कर्नाटक के मंत्री ने कहा, अगर आरएसएस पारदर्शी तरीके से काम करता है, तब संगठन को उसकी पंजीकृत पहचान के तहत सीधे चंदा क्यों नहीं मिलाता? उन्होंने कहा मैं जानना चाहता हूं कि औपचारिक रूप से पंजीकृत संस्था न होते हुए भी संघ ने अपना वित्तीय और संगठनात्मक ढांचा कैसे कायम रखा। मंत्री ने पूछा कि पूर्णकालिक प्रचारकों को कौन वेतन देता है और संगठन के नियमित संचालन संबंधी खर्चों को कौन पूरा करता है तथा बड़े पैमाने के आयोजनों, अभियानों एवं संपर्क गतिविधियों का वित्तपोषण कैसे होता है। उन्होंने स्वयंसेवकों द्वारा स्थानीय कार्यालयों से गणवेश या सामग्री खरीदे जाने का मुद्दा उठाकर पूछा कि धन का हिसाब कहां रखा जाता है और स्थानीय कार्यालयों एवं अन्य बुनियादी ढांचे के रखरखाव का खर्च कौन उठाता है। मंत्री ने कहा कि ये प्रश्न पारदर्शिता और जवाबदेही के मूलभूत मुद्दे को रेखांकित करते हैं। उन्होंने कहा, अपनी व्यापक राष्ट्रीय उपस्थिति और प्रभाव के बावजूद आरएसएस अब भी पंजीकृत क्यों नहीं है? उन्होंने कहा, जब भारत में हर धार्मिक या धर्मार्थ संस्था को वित्तीय पारदर्शिता बनाए रखना जरूरी है, तब आरएसएस के लिए ऐसी जवाबदेही व्यवस्था न होने का क्या औचित्य है?

# जम्मू-कश्मीर पुलिस को बड़ी कामयाबी, आतंकी नेटवर्क से जुड़े डॉक्टर, सहित 7 आरोपियों को किया गिरफ्तार

### -करीब 2,900 किलो विस्फोटक, हथियारों का जखीरा और कई आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल कर एक अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय आतंकी नेटवर्क का खुलासा किया है। यह नेटवर्क प्रतिबंधित आतंकी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद और अंसर गजवात-उल-हिंद से जुड़ा हुआ था। पुलिस ने मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है और करीब 2,900 किलो विस्फोटक, हथियारों का जखीरा और कई आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपियों में आरिफ निसार डार उर्फ साहिल, यासिर-उल-अशरफ, मकसूद अहमद डार उर्फ शाहिद, मौलवी इरफान अहमद, जमीर अहमद अहंगर उर्फ मुतलाशा, डॉ. मुजम्मिल अहमद गनई उर्फ मुसैब और डॉ. अदील के नाम शामिल हैं। पुलिस ने छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की। इसमें एक चाइनीज पिस्टल और कारतूस, एक बेरेटा पिस्तौल और कारतूस, एक एके-56 और कारतूस, एक एके क्रिंकॉफ राइफल और कारतूस और 2,900 किलो आईईडी मटेरियल (जिसमें विस्फोटक, रसायन, बैटरी, टाइमर, वायर, रिमोट कंट्रोल और मेटल शीट्स) शामिल हैं। पुलिस जांच में सामने आया हैं कि यह गिरोह विदेशी हैंडलर्स के संपर्क में था और एनक्रिप्टेड चैनलों के जरिए फंडिंग, भर्ती और लॉजिस्टिक सपोर्ट का काम कर रहा था।

आतंकियों ने सोशल मीडिया और एजुकेशनल नेटवर्क्स के जरिए फंड जुटाने की व्यवस्था तैयार की थी, ताकि शक न हो। यह पूरा नेटवर्क व्हाइट कॉलर टेरर इकोसिस्टम के रूप में काम कर रहा था, जिसमें कुछ पेशेवर और छात्र भी शामिल थे। इस आतंकी मॉड्यूल का खुलासा तब हुआ जब 19 अक्टूबर को नौगाम, श्रीनगर के विभिन्न इलाकों में जैश-ए-मोहम्मद के धमकी भरे पोस्टर लगाए गए थे।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कहा कि यह ऑपरेशन आतंकवाद के खिलाफ उनकी दृढ़ निष्ठा और सतर्कता का सबूत है। पुलिस के अनुसार, फंडिंग की जांच जारी है और सभी संपर्कों को ट्रेस किया जा रहा है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस आतंकवाद के इस जहर को पूरी तरह खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# पंचायत और नगर निकाय चुनावों के लिए 1994 में लागू कानून हटाने की तैयारी

## दो से ज्यादा बच्चे होने पर भी लड़ सकेंगे चुनाव

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान सरकार अब पंचायत, नगरपालिका और नगर निकाय चुनावों में दो बच्चों की शर्त खत्म करने जा रही है। 1994 में लागू किए गए इस कानून के तहत दो से अधिक बच्चों वाले व्यक्ति को चुनाव लडने् की अनुमति नहीं थी। अब सरकार इस नियम को हटाने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। सूत्रों के अनुसार, आरएसएस के दबाव के बाद सरकार ने इस कानून पर पुनर्विचार शुरू किया है। विभाग ने अध्यादेश का मसौदा तैयार कर लिया है और उसे कैबिनेट के पास भेजने की तैयारी चल रही है। संभावना है कि विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सरकार इसे मंजूरी के लिए पेश करेगी।



शहरी विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने संकेत दिए हैं कि सरकार को इस नियम को लेकर कई ज्ञापन मिले हैं। उन्होंने कहा कि जब लोकसभा और विधानसभा चुनावों में ऐसी कोई पाबंदी नहीं है, तो सिर्फ स्थानीय चुनावों में यह भेदभाव क्यों हो। अगर यह शर्त हटा दी जाती है, तो ग्रामीण इलाकों की राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। हजारों लोग जो अब तक दो से अधिक बच्चों के कारण चुनाव नहीं लड़ पाते थे, वे अब उम्मीदवार बन सकेंगे।

**सरकार ने कानून पर पुनर्विचार शुरू किया**

इस नियम को 1994 में तत्कालीन मुख्यमंत्री भैरो सिंह शेखावत की सरकार ने जनसंख्या नियंत्रण के उद्देश्य से लागू किया था। अब तीन दशक बाद सरकार इसे खत्म करने की तैयारी में है।

# वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की चेतावनी, पराली जलाने वालों पर लें सख्त एक्शन

### -विद्युत संयंत्र की स्थिति व उत्सर्जन मानदंडों के पालन नहीं करने पर जताई चिंता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने पंजाब से पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल और समन्वित कार्रवाई का आह्वान किया है। साथ ही आयोग ने कहा कि हरियाणा में धान कटाई के मौसम में ऐसे मामलों में कमी आई है। पंजाब के क्षेत्रीय दौरे में सीएक्यूएम अध्यक्ष राजेश वर्मा ने बठिंडा स्थित लहरा मोहब्बत ताप विद्युत संयंत्र की खराब स्थिति और उत्सर्जन मानदंडों के पालन नहीं करने पर गंभीर चिंता जताई।

आयोग ने चेतावनी दी कि यदि तत्काल सुधारात्मक उपाय नहीं किए गए तो वह इसे बंद करने के निर्देश जारी कर सकता है। टीम को क्षेत्र में पराली जलाने की छिटपुट घटनाएं भी मिलीं। 7 नवंबर को पंजाब सरकार के साथ एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक में, आयोग ने पाया कि राज्य में इस साल 15 सितंबर से 6 नवंबर के बीच पराली जलाने की 3,284 घटनाएं दर्ज की गईं, जबकि 2024 में इस अवधि में 5,041 मामले दर्ज किए गए थे, जो केवल मामूली सुधार दर्शाते हैं।

जानकारी के मुताबिक मुक्तसर और फाजिल्का समेत कुछ जिलों में पराली में आग लगाने की घटनाओं में वृद्धि हुई है, जिसके लिए हस्तक्षेप की जरुरत है। सीएक्यूएम ने कहा कि पंजाब के चार ताप विद्युत संयंत्रों ने सितंबर तक केवल 3.12 लाख मीट्रिक टन पराली का ही संयुक्त दहन किया, जबकि 2025-26 के लिए 11.83 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा था। इसने राज्य को फसल अवशेष प्रबंधन के प्रयासों को बढ़ाने, मशीनरी की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने और संपीड़ित बायोगैस संयंत्रों के लिए सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है।

आयोग ने ज्यादा सख्त प्रवर्तन और जवाबदेही पर जोर देते हुए पंजाब को जागरूकता अभियान तेज करने और खेतों में पराली में आग लगाने की घटनाओं वाले क्षेत्रों में अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। हरियाणा के प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए आयोग ने कहा कि राज्य में खेतों में पराली में आग लगाने की घटनाओं में भारी गिरावट आई है। उसने कहा कि 15 सितंबर से 6 नवंबर के बीच 206 घटनाएं दर्ज की गईं, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 888 घटनाएं हुई थीं।

सीएक्यूएम ने इसका श्रेय सक्रिय प्रवर्तन, प्रोत्साहन-आधारित हस्तक्षेपों और किसानों के बीच पराली प्रबंधन के प्रति व्यवहारिक बदलाव को दिया। आयोग ने हरियाणा में वाहनों और औद्योगिक उत्सर्जन, निर्माण और तोड़फोड़ से निकलने



वाली धूल और नगरपालिका अपशिष्ट प्रबंधन समेत अन्य प्रमुख प्रदूषण स्रोतों की भी समीक्षा की। इसने क्षेत्र में स्वच्छ वायु सुनिश्चित करने के लिए कार्य योजनाओं और वैधानिक निर्देशों के सख्त क्रियान्वयन का निर्देश दिया।

# दिल्ली के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने 'भारत पर्व 2025' में दर्ज की उपस्थिति

**कौमी पत्रिका**

नई दिल्ली; 10 नवंबर। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा आयोजित 'भारत पर्व 2025' का इस वर्ष पहली बार भव्य आयोजन दिल्ली से बाहर, गुजरात के एकता नगर स्थित स्टेचू ऑफ यूनिटी में किया जा रहा है। यह आयोजन गुजरात सरकार के सहयोग से हो रहा है, जिसके अंतर्गत विभिन्न राज्यों के दिवस समारोह मनाए जा रहे हैं। इन्हीं समारोहों की श्रृंखला में आज विशेष रूप से 'दिल्ली दिवस' मनाया गया। दिल्ली के कलाकारों को प्रोत्साहित करने और दिल्ली की सांस्कृतिक प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने के उद्देश्य से दिल्ली के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा गुजरात पहुँचे। इस अवसर पर दिल्ली से 65 कलाकारों का दल भी 'भारत पर्व 2025' में शामिल हुआ,



जिन्होंने संगीत, नृत्य, लोककला और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से राजधानी की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर गुजरात के उपमुख्यमंत्री श्री हर्ष सांघवी भी उपस्थित रहे। 'भारत पर्व 2025' के तहत स्टेच्यू ऑफ यूनिटी पर आयोजित 'दिल्ली दिवस' के अवसर पर दिल्ली के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में शामिल विभिन्न विधाओं के दिल्ली के प्रतिभाशाली कलाकारों को प्रोत्साहित किया, जिन्होंने संगीत, नृत्य, लोककला और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से राजधानी की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत किया। यह संस्करण विशेष रूप से भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है। उनके दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्रीय एकता के आदर्शों ने जिस सशक्त भारत की नींव रखी, 'भारत पर्व 2025' उसी भावना को जीवंत करता है। अपने संबोधन में कपिल मिश्रा ने कहा कि भारत पर्व केवल संस्कृति का उत्सव नहीं, बल्कि यह एकता, गर्व और पहचान का प्रतीक है। दिल्ली के कलाकारों के लिए यह अवसर पूरे देश के सामने अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने का एक गौरवपूर्ण मंच है। कपिल मिश्रा ने आगे कहा कि दिल्ली देश का दिल है — यहाँ की कला, संगीत और परंपरा पूरे भारत की विविधता को अपने में समेटे हुए हैं। जब हमारे कलाकार गुजरात जैसे ऐतिहासिक स्थल पर प्रदर्शन करते हैं, तो यह सिर्फ सांस्कृतिक आदान-प्रदान नहीं, बल्कि भावनात्मक एकता का भी उत्सव बन जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, दिल्ली के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा की उपस्थिति ने दिल्ली दिवस के उत्सव को और भी भव्य और अविस्मरणीय बना दिया। ऐसे आयोजन न केवल भारत की सांस्कृतिक विविधता और समृद्धि का उत्सव हैं, बल्कि उस अदृश्य सूत्र का प्रतीक भी हैं जो पूरे देश को एकता के बंधन में जोड़ता है।

# गुरुग्राम में ट्रैफिक सिस्टम हुआ डिजिटल, कैमरे से कटेगा चालान

नई दिल्ली। गुड़गांव में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों के लिए अब नया सिस्टम लागू हो गया है। अब जहां-जहां ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन (हक्क्र) कैमरे लगे हैं, वहां ट्रैफिक पुलिस चालान हाथ से नहीं काटेगी। यह कदम ट्रैफिक सिस्टम को और तेज, पारदर्शी और ऑटोमैटिक बनाने के लिए उठाया गया है। इसका मकसद ट्रैफिक पुलिस पर निर्भरता कम करना और चालान की प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बनाना है। हक्क्र कैमरे शहर के कई चौराहों और व्यस्त सड़कों पर लगाए गए हैं। ये कैमरे एक साथ 14 तरह के ट्रैफिक उल्लंघन पकड़ सकते हैं। जैसे कि ओवरस्पीडिंग, रेड लाइट पार करना, बिना हेलमेट चलाना या गलत लेन में गाड़ी चलाना। जब कोई नियम तोड़ता है, तो कैमरा गाड़ी का नंबर प्लेट स्कैन करता है,



उसका डेटा तुरंत प्रोसेस करता है और रियल टाइम में ई-चालान जारी कर देता है। चालान सीधे गाड़ी मालिक के मोबाइल या पते पर भेजा जाता है। ट्रैफिक डीसीपी डॉ. राजेश मोहन के मुताबिक, इस सिस्टम से कामकाज की कार्यक्षमता और जवाबदेही दोनों बढ़ेंगी। उन्होंने कहा, अब से हक्क्र कैमरे खुद ही रियल टाइम में ई-चालान जारी करेंगे। इससे इंसानी गलती और बहस जैसी दिक्कतें भी खत्म होंगी। नए नियम को लेकर सोशल मीडिया पर कई तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। एक यूजर ने मजाक में लिखा, कोई बात नहीं, अब मशीन को ही खराब बता देंगे! दूसरे ने पूछा, अगर गाड़ी पर नंबर प्लेट ही नहीं लगी हो तो कैमरा क्या करेगा? कुछ लोगों ने यह भी सवाल उठाया कि क्या चालान की रकम ऑफलाइन जमा कर सकते हैं, या फिर सब कुछ ऑनलाइन ही होगा। कई लोगों को डर है कि अगर ऑफलाइन भुगतान रहेगा, तो भ्रष्टाचार के मौके फिर भी रहेंगे। हालांकि, सोशल मीडिया पर पुलिस से सबसे ज्यादा पूछा गया सवाल था, तो अब ड्रिंक एंड ड्राइव वाले केस में पुलिस कैसे पकड़ेगी? इस पर फिलहाल अधिकारियों ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया है। फिलहाल ये कैमरे गुड़गांव के कई मुख्य चौराहों पर काम कर रहे हैं। आने वाले महीनों में ट्रैफिक विभाग इन्हें और सड़कों तक फैलाने की योजना बना रहा है। लगभग 50 व्यस्त जगहों पर अब फिजिकल चालान बंद कर दिए जाएंगे। यानी, गुड़गांव का ट्रैफिक सिस्टम अब पूरी तरह डिजिटल दौर में प्रवेश कर चुका है।

# डेंगू से मौत पर सियासत गरमाई, आप ने भाजपा शासित एमसीडी को ठहराया जिम्मेदार

नई दिल्ली। दिल्ली में डेंगू से दो मौतों की पुष्टि के बाद राजनीतिक सियासत तेज हो गई है। आम आदमी पार्टी ने भाजपा शासित एमसीडी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसे मौसमी रोगों पर काबू पाने में भाजपा पूरी तरह नाकाम रही है। वहीं महापौर राजा इकबाल सिंह ने इन आरोपों को भ्रामक, निराधार और राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया है। आम आदमी पार्टी के नेता व एमसीडी में प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि भाजपा के चारों इंजन की सरकार दिल्ली को प्रदूषण और बीमारियों से नहीं बचा पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि एमसीडी ने डेंगू की रिपोर्ट तीन हफ्ते तक छिपाई और तीन नवंबर को जारी की, जबकि इसमें 300 डेंगू, 200 मलेरिया और 60 चिकनगुनिया के नए मामले दर्ज हुए हैं। नारंग ने कहा कि अगर एमटीएस कर्मचारियों की हड़ताल समय रहते खत्म कराई जाती, तो दिल्ली में इतनी बड़ी संख्या में डेंगू के मामले नहीं बढ़ते। उन्होंने मेयर से इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि जनता भाजपा की नाकामी का खामियाजा भुगत रही है। वहीं, जवाब में महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी जानबूझकर झूठे आंकड़े पेश कर नागरिकों को गुमराह कर रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अक्तूबर में केवल 377 डेंगू के मामले दर्ज हुए हैं, जबकि जब दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार थी, जब अक्तूबर 2024 में 2,431 और अक्तूबर 2023 में 2,003 मामले सामने आए थे।

# शख्स को कार ने कुचला, मौके पर ही मौत

नई दिल्ली। पश्चिम दिल्ली के मोती नगर फ्लाईओवर के पास मंगलवार की सुबह एक शख्स को कार ने कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान 54 साल के रेहड़ी चलाने वाले रामकरन के रूप में हुई है। घटना के कुछ घंटों बाद ही दिल्ली पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, रामकरन का शव फ्लाईओवर के पास मिला था और उनके पेट के निचले हिस्से और माथे पर गंभीर चोटें थीं। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, सुबह करीब 7-15 बजे पीसीआर कॉल आई कि नजफगढ़ रोड पर एक बैंक्वेट हॉल के पास एक शव पड़ा है। एक सीनियर पुलिस अफसर ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया, पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो फुटपाथ पर एक आदमी का शव पड़ा मिला। उसके शरीर पर चोट के निशान साफ दिख रहे थे। बाद में शव की शिनाख्त रामकरन के रूप में हुई। उनके सामान इधर-उधर बिखरे पड़े थे। पुलिस ने वारदात की जगह को सील कर दिया। बाद में मौके पर क्राइम और फॉरेंसिक टीमें बुलाई गईं और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने जांच के दौरान आसपास के कई सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। सीसीटीवी फुटेज में सफेद रंग की एक डिजायर कार क्षतिग्रस्त हालत में दिखी, जिसे देखकर पुलिस ने घटना से जोड़ा। सीसीटीवी फुटेज में मिले सबूतों के आधार पर केस दर्ज हुआ। टेक्निकल निगरानी और लगातार पूछताछ के बाद नोएडा सेक्टर-53 को गुहोरी निवासी आरोपी ड्राइवर 25 साल के मोहित यादव को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अफसर ने बताया कि इस मामले की जांच जारी है और सीसीटीवी फुटेज की अच्छी तरह जांच की जा रही है ताकि रामकरन की मौत की सही वजह और हादसे की पूरी कहानी साफ हो सके।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा

हमीरपुर। हमीरपुर जिले में राठ कोतवाली क्षेत्र के बसेला इलाके में एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तीनों युवक मजदूरी कर अपने घर लौट रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगाकर जोरदार प्रदर्शन किया। मिली जानकारी के अनुसार, हादसा राठ कोतवाली क्षेत्र के बसेला इलाके में हुआ। तीनों युवक मजदूरी का काम खत्म कर एक ही बाइक से सवार होकर घर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर सुनते ही सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जमा हो गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने तत्काल रोड पर जाम लगा दिया और प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों का गुस्सा इतना अधिक था कि उन्होंने हादसे को अंजाम देने वाले ट्रक पर जमकर पत्थरबाजी भी की। हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर तुरंत फरार हो गया। रोड जाम और बढ़ते तनाव को देखते हुए, मौके पर भारी पुलिस फोर्स को तैनात किया गया। पुलिस अधिकारी स्थानीय लोगों को शांत करने और समझाने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुट गई है और ट्रक को जब्त कर लिया गया है।

# मिथिला संस्कृति की दिखी झलक, भव्य रूप से मनाया सामा-चकेवा

**मुंबई** देश की सबसे बड़ी आईवियर रिटेलर कंपनी लेंसकार्ट सॉल्यूशंस लिमिटेड के शेयर सोमवार को शेयर बाजार में लिस्ट हुए, लेकिन उम्मीद के मुताबिक धमाकेदार शुरुआत नहीं कर पाए। कंपनी का शेयर बीएसई पर 390 रुपए और एनएसई पर 395 रुपए के भाव पर लिस्ट हुआ। यह इश्यू प्राइस 402 रुपए प्रति शेयर से क्रमशः 3 और 2 फीसदी की गिरावट पर रहा। लिस्टिंग से पहले ग्रे मार्केट में कंपनी के शेयर 412 र रुपए के भाव पर कारोबार कर रहे थे, जो इश्यू प्राइस से करीब 10 यानी 2.5 फीसदी का प्रीमियम दिखा रहा था। हालांकि, लिस्टिंग के दिन वास्तविक प्रदर्शन ग्रे मार्केट प्रीमियम (जीएमपी) के अनुमान से कमजोर रहा। लेंसकार्ट के 7,278 करोड़ रुपए के आईपीओ को निवेशकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। यह इस साल का पांचवां सबसे बड़ा आईपीओ रहा। कंपनी को कुल 30 गुना सब्सक्रिप्श* प्राप्त हुआ और 1.13 लाख करोड़ रुपये की बोलियां आईं। संस्थागत निवेशकों की श्रेणी 40 गुना, उच्च निवल मूल्य वाले निवेशक 18 गुना, जबकि खुदरा निवेशक श्रेणी 7 गुना सब्सक्राइब हुई। कंपनी को कुल 32 लाख आवेदन प्राप्त हुए। इस आईपीओ के जरिए कंपनी ने 2,150 करोड़ रुपए के नए शेयर जारी किए हैं। जुटाई गई पूंजी का उपयोग व्यवसाय विस्तार, तकनीकी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और मार्केटिंग पहल में किया जाएगा। शेष हिस्सेदारी ऑफर फॉर सेल के तहत बेची गई। विश्लेषकों के अनुसार, मजबूत सब्सक्रिप्शन के बावजूद उच्च वैल्यूएशन को लेकर चिंता के कारण शेयर की लिस्टिंग कमजोर रही। हालांकि, लेंसकार्ट का दीर्घकालिक बिजनेस मॉडल मजबूत माना जा रहा है, जिससे आने वाले समय में शेयर में स्थिरता और सुधार की संभावना बनी हुई है।

## कोल इंडिया के शेयर के 440 रुपए तक जाने का है अनुमान

**87.5 करोड़ टन उत्पादन लक्ष्य हासिल करने की तैयारी**

**नई दिल्ली** पिछले एक साल से कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के शेयर दबाव में हैं, लेकिन घरेलू ब्रोकरेज हाउस मोतीलाल ओसवाल इस सरकारी कंपनी पर अब भी बुलिश है। ब्रोकरेज ने कंपनी के शेयर पर खरीदें रेटिंग बरकरार रखते हुए 440 रुपए का टारगेट प्राइस दिया है। दिलचस्प बात यह है कि यही स्तर कोल इंडिया का 52 हफ्तों का उच्चतम स्तर भी है, जो नवंबर 2023 में दर्ज हुआ था। इसी बीच कंपनी के शीर्ष प्रबंधन में बड़ा बदलाव हुआ है। कोयला मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव रहे सनोज कुमार झा ने 1 नवंबर से कोल इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक का पदभार संभाला है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद झा ने कंपनी की प्राथमिकताओं और लक्ष्यों पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। उन्होंने कहा कि कंपनी चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 87.5 करोड़ टन कोयला उत्पादन लक्ष्य को हासिल करने या उसके करीब पहुंचने की आकांक्षा रखती है।

# एसबीआई सिप स्कीम में 250 में शुरू करें निवेश, लंबी अवधि में बड़ा फंड तैयार

**जन निवेश सिप योजना बच्चों, नए निवेशकों और कम आय वाले लोगों के लिए**

**नई दिल्ली**

आज के समय में सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि बच्चों को बचत और निवेश की आदतें सिखाना भी जरूरी है।

इसके लिए एसबीआई की जन निवेश सिप एक आसान और किफायती विकल्प बन सकती है, जिसमें महीने के सिर्फ 250 रुपए निवेश से लंबी अवधि में बड़ा फंड तैयार किया जा सकता है। आम सिप योजनाओं की तुलना में जने निवेश सिप अनिवेश की शुरुआत बहुत कम राशि से करने की अनुमति देती है। यह योजना बच्चों, नए निवेशकों और कम आय वाले परिवारों के लिए खासतौर पर बनाई गई है। इस योजना में निवेश एसबीआई बैलेंस एडवांटेज फंड में जाता है, जो एक हाइब्रिड फंड है। इसमें पैसा इक्विटी और डेट दोनों में लगाया जाता है। फंड मैनेजर मार्केट की स्थिति के अनुसार तय करते हैं कि पैसा कहाँ और कब लगाना सही रहेगा, जिससे जोखिम कम और रिटर्न संतुलित होता है। निवेश ऑनलाइन एसबीआई योनो एप, एसबीआई म्युचुअल फंड वेबसाइट, पेटीएम या ऑफलाइन बैंक शाखा या एजेंट से किया जा सकता है। निवेश के लिए डेली, वीकली और मंथली विकल्प उपलब्ध हैं। अगर आप हर महीने 250 रुपए निवेश करते हैं, तो 15 साल के बाद कुल निवेश लगभग 45,000 रुपए होगा, और अनुमानित रिटर्न के साथ यह फंड करीब 1.18 लाख रुपये तक पहुंच सकता है। 20 साल में कुल निवेश 60,000 रुपए होने पर, अनुमानित रिटर्न के साथ यह करीब 2.3 लाख रुपये बन सकता है। वहीं अगर आप 30 साल तक निवेश जारी रखते हैं, तो कुल निवेश 90,000 होकर लंबी अवधि में यह फंड करीब 7.7 लाख रुपये तक पहुंच सकता है।

## व्हर्लपूल इंडिया में एडवेंट इंटरनेशनल 31 फीसदी शेयर खरीदेगी




**डील की कुल कीमत मौजूदा बाजार भाव के अनुसार लगभग 9,682.88 करोड़ होगी**

**नई दिल्ली** होम अप्लायंसेज बनाने वाली कंपनी व्हर्लपूल इंडिया बिकने के कगार पर है। अमेरिकी प्राइवेट इक्विटी फर्म एडवेंट इंटरनेशनल कंपनी में 31 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने के करीब है। डील की कुल कीमत मौजूदा बाजार भाव के अनुसार 9,682.88 करोड़ रुपए बताई जा रही है। इसके पूरा होने के बाद व्हर्लपूल कॉर्पोरेशन कंपनी में एक छोटी हिस्सेदारी वाली कंपनी रह जाएगी, जिसके पास कंपनी का एक चौथाई से भी कम हिस्सा होगा। सूत्रों के अनुसार व्हर्लपूल कॉर्पोरेशन लागत कम करने और अमेरिका जैसे उच्च मार्जिन वाले प्रोडक्ट्स जैसे ब्लेंडर और कॉफी मेकर पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रही है। वहीं एडवेंट के लिए यह भारत में अप्लायंसेज सेक्टर में तीसरी बड़ी खरीद होगी। इससे पहले उन्होंने 2015 के बाद क्रॉम्प्टन ग्रीव्स के कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल बिजनेस और यूरेका फोर्ब्स का अधिग्रहण किया है। व्हर्लपूल इंडिया मुख्य रूप से प्रीमियम अप्लायंसेज सेगमेंट में काम करती है, जहां एलजी और सेमसंग की मजबूत पकड़ है।

## भारत में ईवी बाजारः विनफास्ट और बीवायडी ने टेस्ला को टक्कर दी

**विनफास्ट ने गुरुग्राम में अपनी 24वीं डीलरशिप खोली**



**मुंबई** फाडा के आंकड़ों के अनुसार सितंबर और अक्टूबर में टेस्ला की रिटेल बिक्री क्रमशः 69 और 40 वाहन रही। वहीं विनफास्ट ने अक्टूबर में 131 कारें बेचीं, जिससे अक्टूबर में टेस्ला से आगे निकल गई। बीवायडी ने इन महीनों में 1,117 वाहन बेचे, जो टेस्ला और विनफास्ट दोनों से अधिक हैं। विनफास्ट ने गुरुग्राम में अपनी 24वीं डीलरशिप खोली है और 2025 के अंत तक इसे 35 तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। टेस्ला के शोरूम फिलहाल सिर्फ मुंबई और दिल्ली में हैं। बीवायडी अभी भारत में स्थानीय उत्पादन शुरू नहीं कर पाई है। विनफास्ट की वीएफ6 की कीमत 16.4 लाख और वीएफ7 20 लाख रुपये से शुरू होती है, जबकि टेस्ला मॉडल वाय की ऑन-रोड कीमत लगभग 60.99 लाख रुपये है। विनफास्ट तमिलनाडु में स्थानीय असेंबली कर रही है, जबकि टेस्ला पूरी तरह से आयातित वाहन बेचती है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 319, निफ्टी 82 अंक उछला**

**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 319.07 अंक बढ़कर 83,535.35 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 82.05 अंक ऊपर आकर 25,574.35 पर बंद हुआ। बाजार में आईटी शेयरों में उछाल से उत्साह का माहौल रहा। निफ्टी आईटी भी 1.63 फीसदी बढ़कर बंद हुआ। निफ्टी इंडिया डिफेंस 1.45 फीसदी, निफ्टी फार्मा 0.95फीसदी , निफ्टी मेटल 0.55फीसदी उछलकर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर निफ्टी पीएसयू बैंक 0.14 फीसदी, निफ्टी एफएमसीजी 0.19 फीसदी, निफ्टी रियल्टी 0.24 फीसदी टूटकर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, टीसीएस, भारती एयरटेल, एलएंडटी, टाइटन, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, बीईएल के शेयर लाभ में रहे। वहीं ट्रेंट, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, एमएंडएम, एक्सिस बैंक, एसबीआई के शेयर नुकसान में रहे थे।

लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 281.10 अंक बढ़कर 60,124.25 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 62.65 अंक बढ़कर 18,138.60 पर बंद हुआ।

माना जा रहा है कि अमेरिका में शटडाउन खत्म होने की संभावना और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की ओर से दोबारा से खरीदारी शुरू करने के कारण बाजार में सकारात्मक माहौल है। ।




इसके अलावा दूसरी तिमाही के अच्छे परिणामों के कारण घरेलू बाजारों को समर्थन मिला। इससे पहले आज सुबह बाजार ने मजबूती के साथ शुरुआत की। वैश्विक बाजारों से मिले मिश्रित संकेतों के बावजूद आईटी, मेटल और फार्मा सेक्टर में हुई खरीदारी ने बाजार को सहारा दिया। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स मामूली गिरावट के साथ 83,198 अंकों पर खुला था, लेकिन जल्दी ही इसमें मजबूती देखने को मिली। सुबह शुरुआत के बाद सेंसेक्स 165 अंक की बढ़त के साथ 83,382 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी-50 सूचकांक भी बढ़त के साथ खुला। यह 25,503 अंकों पर खुलने के बाद 58.80 अंक बढ़कर 25,554 पर कारोबार कर रहा था। वहीं वैश्विक स्तर पर एशियाई बाजारों में भी तेजी का रुख देखा गया। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 0.9 फीसदी बढ़ा, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 2.5 फीसद ऊपर गया, जबकि हांगकांग का हांग सेंग इंडेक्स 0.33 फीसदी की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को मिश्रित रुख के साथ बंद हुए थे, जहां एसएंडपी 500 में 0.13 फीसदी और डॉव जोन्स में 0.16 फीसदी की बढ़त रही, जबकि टेक आधारित नैस्डैक 0.21 फीसदी नीचे बंद हुआ।

# ट्रंप ने टैरिफ नीति का बचाव किया, विरोधियों को बताया मूर्ख

**ट्रंप ने कहा, टैरिफ नीति की वजह से अमेरिका दुनिया का सबसे अमीर देश बना**

**नई दिल्ली**

अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया के कई देशों पर लगाए गए टैरिफ का बचाव करते हुए इसे अमेरिका की सफलता का प्रमुख कारण बताया।

उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर लिखा कि जो लोग टैरिफ के खिलाफ हैं, वे मूर्ख हैं।

उनका दावा है कि इस नीति की वजह से अमेरिका दुनिया का सबसे अमीर और सम्मानित देश बन गया है।

ट्रंप ने कहा कि अमेरिका में महंगाई लगभग नहीं है और स्टॉक मार्केट के मूल्य रिकॉर्ड ऊंचाई पर हैं। 401(के) निवेशक भी अब तक के सबसे उच्च स्तर पर पहुंच चुके हैं।

उन्होंने यह भी दावा किया कि टैरिफ से अमेरिका ट्रिलियन डॉलर कमा रहा है, जिससे देश जल्द ही अपने 37 ट्रिलियन डॉलर कर्ज को चुकाना शुरू कर देगा। इसके अलावा उन्होंने हर नागरिक को कम से कम 2,000 डालर का लाभांश देने की घोषणा की, हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया गया कि यह भुगतान कैसे किया जाएगा। ट्रंप का कहना है कि टैरिफ के कारण अमेरिका में रिकॉर्ड निवेश हो रहा है और हर जगह नए प्लांट और कारखाने खुल रहे हैं। उनका दावा है कि इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि टैरिफ से आयातित सामान महंगे हो सकते हैं और महंगाई पर असर पड़ सकता है।

स्टॉक मार्केट और निवेश कई अन्य कारकों पर भी निर्भर करते हैं। वहीं, 37 ट्रिलियन डॉलर के कर्ज को केवल टैरिफ से चुकाना व्यवहार में चुनौतीपूर्ण होगा। ट्रंप की यह पोस्ट टैरिफ नीति पर बहस को और तेज कर सकती है, क्योंकि इसके दावे और वास्तविक प्रभाव पर अभी भी विवाद जारी है।

## ओला इलेक्ट्रिक ने विदेशी प्रतिस्पर्धियों के बैटरी नवाचार पर आरोप खारिज किए

**ओला का 4680 भारत सेल पाउच सेल तकनीक से कहीं अधिक उन्नत है**




**नई दिल्ली** ओला इलेक्ट्रिक ने दक्षिण कोरिया की एलजी एनर्जी सॉल्यूशन से तकनीक चोरी करने की खबरों को भ्रामक और निराधार बताते हुए खारिज किया। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि एलजी के एक पूर्व कार्यकारी ने पाउच सेल तकनीक ओला को देने का प्रयास किया। एलजी ने इस स्थिति को भांपकर तुरंत देश के अधिकारियों को सूचित किया। कंपनी ने स्पष्ट किया कि उसका 4680 भारत सेल बेलनाकार और ड्राई इलेक्ट्रोड तकनीक पर आधारित है और पाउच सेल तकनीक से कहीं अधिक उन्नत है। ओला का यह सेल पहले ही व्यावसायिक उत्पादन में है और घरेलू बाजार में प्रमुख कोरियाई कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है।

## जेपी एसोसिएट्स खरीदने की दौड़ में अदाणी सबसे आगे

**नीलामी प्रक्रिया में अदाणी ने हासिल की बढ़त**

**नई दिल्ली**

जेपी एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) के अधिग्रहण के लिए चल रही दिवाला प्रक्रिया में अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड सबसे ऊंची बोली लगाने वाली कंपनी बन सकती है। खनन क्षेत्र की बड़ी कंपनी वेदांता ने सितंबर की शुरुआत में 12,505 करोड़ रुपये की बोली लगाकर अदाणी को पीछे छोड़ा था। डालमिया सीमेंट, जिंदल पावर और पीएनसी इन्फ्राटेक ने प्रारंभ में बोली नहीं लगाई। ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) ने सभी बोलीदाताओं की समाधान योजनाओं का मूल्यांकन किया। सीओसी ने अदाणी की योजना को सबसे ऊंचा दर्जा दिया, डालमिया सीमेंट दूसरी और वेदांता तीसरी रैंक पर रही। बैंकों ने सभी प्रस्तावों की व्यवहार्यता और भुगतान शर्तों का विश्लेषण किया।

अदाणी समूह ने दो साल के भीतर भुगतान का प्रस्ताव रखा है, जबकि वेदांता ने पांच साल में किस्तों में भुगतान करने की पेशकश की। डालमिया की योजना यमुना एक्सप्रेसवे मामले पर उच्चतम न्यायालय के निर्णय पर निर्भर है। सूत्रों के अनुसार, सीओसी अगले दो सप्ताह में समाधान योजना पर मतदान के लिए बैठक कर सकती है। इस प्रक्रिया के बाद ही यह तय होगा कि जेपीएसएल का अधिग्रहण किस कंपनी द्वारा किया जाएगा। पूर्व प्रवर्तक भी बैंकों के सामने प्रस्ताव पेश कर चुके हैं, लेकिन उनके धन के स्रोत अस्पष्ट हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अदाणी की योजना सबसे तेज़ और प्रभावी समाधान के रूप में सामने आई है, जिससे उनकी अधिग्रहण में बढ़त बन सकती है।




## जियो, एयरटेल और वीआई ने सरकार से की पूरे 6जी स्पेक्ट्रम नीलामी की मांग

**टेलीकॉम कंपनियों ने कहा, हर ऑपरेटर को कम से कम 400 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम की जरूरत**

**मुंबई**

रिलायंस जियो, एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया ने सरकार से 6 जीएचजेड फ्रीक्वेंसी बैंड को पूरी तरह मोबाइल नेटवर्क (5जी और भविष्य की 6जी सेवाओं) के लिए नीलामी में देने की मांग की है। कंपनियों का कहना है कि यदि इसे वाई-फाई जैसी लाइसेंस-फ्री सेवाओं के लिए विभाजित किया गया, तो भविष्य की मोबाइल नेटवर्क गुणवत्ता पर असर पड़ेगा। उनका तर्क है कि 6 जीएचजेड बैंड मध्य-बैंड की तरह काम करता है, जो बड़े पैमाने पर कवरेज और तेज़ डेटा ट्रांसमिशन के लिए जरूरी है। टेलीकॉम कंपनियों का कहना है कि हर ऑपरेटर को कम से कम 400 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम की जरूरत है, लेकिन वर्तमान में चार ऑपरेटरों के लिए केवल 175 मेगाहट्र्ज उपलब्ध है। यही वजह है कि कंपनियां इसे अपर्याप्त मान रही है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया है कि पूरा 6 जीएचजेड बैंड एक साथ नीलामी के लिए उपलब्ध होना चाहिए। शेष स्पेक्ट्रम 2030 के आसपास ही उपलब्ध होगा, जब सैटेलाइट सेवाओं द्वारा उपयोग किया जा रहा बैंड खाली हो जाएगा। कंपनियां यह भी चाहती हैं कि स्पेक्ट्रम की वैधता 20 साल से बढ़ाकर 40 साल की जाए, ताकि लंबी अवधि के नेटवर्क निवेश की वापसी सुनिश्चित हो सके। जियो ने कहा



कि भारत में जनसंख्या घनत्व अमेरिका और चीन से कई गुना अधिक है, जिससे नेटवर्क पर लोड भी काफी अधिक रहता है। इसलिए मजबूत और विश्वसनीय मोबाइल नेटवर्क के लिए पर्याप्त स्पेक्ट्रम अनिवार्य है।

## सोने-चांदी की चमक फिर लौटी, कीमतों में जोरदार उछाल




### सोना 1,400 रुपये और चांदी में 3,000 रुपये से ज्यादा की तेजी

**नई दिल्ली**

हफ्ते के पहले दिन सोमवार को सोने और चांदी की कीमतों में जोरदार तेजी देखने को मिली है। अंतरराष्ट्रीय बाजार से मिले सकारात्मक संकेतों और अमेरिका में दिसंबर महीने में एक और रेट कट की उम्मीद के चलते निवेशकों का रुझान फिर से कीमती धातुओं की ओर बढ़ा है।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर 5 दिसंबर डिलीवरी वाला सोना सोमवार का शुरुआत में 1,427 रुपये की बढ़त के साथ 1,22,494 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर कारोबार कर रहा था। पिछले सत्र में यह 1,21,067 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था और सोमवार को 1,21,768 रुपए पर खुला। शुरुआती कारोबार में सोना 1,21,768 के न्यूनतम स्तर से चढ़कर 1,22,498 रुपए तक पहुंच गया।

चांदी की कीमतों में भी बड़ी तेजी दर्ज की गई है। एमसीएक्स पर 5 दिसंबर डिलीवरी वाली चांदी 2,942 रुपए की उछाल के साथ 1,50,660 रुपए प्रति किलोग्राम पर ट्रेड कर रही थी। पिछले सत्र में यह 1,47,728 रुपए पर बंद हुई थी और सोमवार को 1,49,540 रुपए पर खुली। शुरुआती कारोबार में चांदी का उच्चतम स्तर 1,50,799 रुपए प्रति किलोग्राम तक गया। अक्टूबर में सोने की कीमत ऑल-टाइम हाई पर पहुंचने के बाद गिरावट आई थी, लेकिन अब फिर तेजी लौटी है। अमेरिका की अर्थव्यवस्था में कमजोरी, जॉब मार्केट में गिरावट और लंबे शटडाउन के कारण उपभोक्ता भावनापर असर पड़ा है। इससे बाजार में यह उम्मीद बढ़ी है कि फेडरल रिज़र्व दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। यही वजह है कि निवेशक एक बार फिर सुरक्षित निवेश विकल्पों में सोना और चांदी की ओर लौट रहे हैं।

## तेल-तिलहन बाजार में मामूली सुधार, पाम-पामोलीन और बिनौला तेल में गिरावट

**सरसों और सोयाबीन में हल्की तेजी, मूंगफली तेल में हल्की बढ़त, एमएसपी से नीचे बिक्री**



**नई दिल्ली**

बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजार में कुछ सुधार के संकेत दिखाई दिए, लेकिन वास्तविक स्थिति अभी भी संतोषजनक नहीं है। सरसों, सोयाबीन और मूंगफली तेल-तिलहन में मामूली बढ़त देखने को मिली, जबकि पाम-पामोलीन और बिनौला तेल के दाम गिरावट पर रहे। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार यह सुधार केवल पिछले सप्ताह की तुलना में मामूली वृद्धि को दर्शाता है, और एमएसपी से नीचे बिकवाली अभी भी जारी है। बीते सप्ताह सरसों दाना 150 रुपये के सुधार के साथ 7,100-7,150 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों दादरी तेल 275 रुपये के सुधार के साथ 14,875 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमश- 45-45 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः2,485-2,585 रुपये और 2,485-2,620 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के थोक भाव क्रमशः75-75 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः4,550-4,600 रुपये और 4,250-4,350 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। इसी प्रकार सोयाबीन दिल्ली तेल का दाम 100 रुपये के सुधार के साथ 13,300 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन इंदौर तेल का दाम 100 रुपये के सुधार के साथ 13,000 रुपये और सोयाबीन डीगम तेल का दाम 75 रुपये के सुधार के साथ 10,150 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल-तिलहन की कीमतें भी सुधार दर्शाती बंद हुईं। मूंगफली तिलहन 50 रुपये के सुधार के साथ 5,900-6,275 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात का थोक दाम 50 रुपये के सुधार के साथ 14,050 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का थोक दाम पांच रुपये के सुधार के साथ 2,290-2,590 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ।

# पूरे विश्व में भारतीय आर्थिक दर्शन को लागू करने का समय अब आ गया है



प्रहलाद सबनानी

**भारत के प्राचीन ग्रंथों में 'शून्य ब्याज दर के सिद्धांत' का भी वर्णन मिलता है। राज्यों के पास धन के भंडार भरे रहते थे एवं समाज में यदि किसी नागरिक को अपना व्यवसाय स्थापित करने के लिए धन की आवश्यकता रहती थी तो वह राजा से धन उधार लेकर अपना व्यवसाय स्थापित कर सकता था एवं राजा द्वारा नागरिकों को दी गई उधार की राशि पर किसी प्रकार का ब्याज नहीं लिया जाता था।**

आज, वैश्विक स्तर पर कई देशों में विभिन्न प्रकार की आर्थिक समस्याएं दिखाई दे रही हैं, जिनका हल ये देश निकाल नहीं पा रहे हैं। आज विश्व के सबसे अधिक विकसित देश अमेरिका में भी मुद्रा स्फीति, बेरोजगारी, ऋण की राशि का असहनीय स्तर पर पहुंच जाना, विदेशी व्यापार में लगातार बढ़ता घाटा, नागरिकों के बीच आय की असमानता का लगातार बढ़ते जाना (अमीर नागरिक और अधिक अमीर हो रहे हैं एवं गरीब नागरिक और अधिक गरीब हो रहे हैं), बजट में वित्तीय घाटे का लगातार बढ़ते जाना एवं इन आर्थिक समस्याओं के चलते देश में सामाजिक ताने बाने का छिन्न भिन्न होना, जैसे, जेलों की पूरी क्षमता का उपयोग और इन जेलों में कैदियों के रखने लायक जगह की कमी होना, तलाक की दर में बेतहाशा वृद्धि होना, मकान की अनुपलब्धि के चलते बुजुर्गों का खुले में पार्कों में रहने को मजबूर होना, आदि ऐसी कई प्रकार की आर्थिक एवं सामाजिक समस्याएं दिखाई दे रही हैं। उक्त समस्याओं के चलते ही अब अमेरिकी अर्थशास्त्रियों द्वारा खुले रूप से कहा जाने लगा है कि साम्यवाद पर आधारित अर्थव्यवस्थाओं के असफल होने के उपरांत अब पूंजीवाद पर आधारित अर्थव्यवस्थाओं के भी असफल होने का खतरा मंडराने लगा है, और यह अब कुछ वर्षों की ही बात शेष है। उक्त समस्याओं के हल हेतु अब पूरा विश्व ही भारत की ओर आशाभारी नजरों से देख रहा है और तीसरे आर्थिक मॉडल की तलाश कर रहा है।

भारतीय आर्थिक दर्शन का वर्णन चारों वेद (ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद एवं अथर्ववेद), 18 पुराण, उपनिषद, विदुरनीति, कौटिल्य अर्थशास्त्र, थिरुवल्लुवर, मनुस्मृति, शुक्रनीति, डॉक्टर एम जी बोकारे द्वारा लिखित हिंदू अर्थशास्त्र, श्री दत्तोपंत ठेंगढ़ी द्वारा रचित पुस्तक 'थर्ड वे' आदि शास्त्रों एवं धार्मिक पुस्तकों में मिलता है। इस प्रकार भारतीय आर्थिक दर्शन की जड़ें सनातन हिंदू संस्कृति से जुड़ी हुई हैं। भारतीय आर्थिक दर्शन की नीतियों का अनुपालन करते हुए ही प्राचीन काल में भारत में विभिन्न राजाओं द्वारा अपने अपने राज्यों की अर्थव्यवस्था सफलतापूर्वक चलाई जाती रही है।

भारतीय आर्थिक दर्शन में 'विपुलता के सिद्धांत' की व्याख्या मिलती है जिसके अनुसार, बाजार में वस्तुओं की आपूर्ति सदैव ही मांग से अधिक रहती थी। इस सिद्धांत के चलते चूंकि उत्पादों की बाजार में पर्याप्त आपूर्ति रहती थी अतः वस्तुओं के बाजार भाव में वृद्धि नहीं दिखाई देती थी, अतः भारत में प्राचीनकाल में मुद्रा स्फीति की समस्या सर्वथा, थी ही नहीं। जबकि, आज विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रा स्फीति की समस्या सबसे बड़ी समस्या है जिसका हल निकालने में ये देश सक्षम नहीं दिखाई दे रहे हैं। विपुलता के सिद्धांत के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में ही विभिन्न उत्पादों का उत्पादन किया जाकर स्थानीय हाट बाजार में इन उत्पादों का विक्रय किया जाता था, जिससे स्थानीय स्तर पर ही स्वावलम्बन का भाव जागृत होता था। कुछ इलाकों में 40/50 गांवों के बीच साप्ताहिक हाट की व्यवस्था विकसित की गई थी। इन साप्ताहिक हाटों में लगभग सभी प्रकार के उत्पादों का विक्रय किया जाता था। चूंकि स्थानीय स्तर पर निर्मित विभिन्न उत्पादों की पर्याप्त मात्रा में बाजार में उपलब्धि रहती थी, अतः इन उत्पादों की कीमतें भी अपने आप ही नयंत्रित रहती थीं और इस प्रकार प्राचीन भारत में मुद्रा स्फीति के स्थान पर घटते हुए मूल्य के अर्थशास्त्र का वर्णन मिलता है। पूरे विश्व में, इस संदर्भ में, वर्तमान स्थिति भारतीय आर्थिक दर्शन के ठीक विपरीत दिखाई देती है जो किसी भी स्थिति में उचित नहीं कही जा सकती है। दरअसल, मुद्रा स्फीति का सबसे बुरा असर गरीब वर्ग पर पड़ता है और आज वैश्विक स्तर पर उत्पादन इकाईयां विभिन्न वस्तुओं की बाजार में आपूर्ति को विपरीत रूप नियंत्रित करती हैं ताकि इन उत्पादों की बाजार में कीमत बढ़ सके एवं इन उत्पादन इकाईयों के लाभ में वृद्धि दर्ज हो सके। पूंजीवाद पर आधारित अर्थव्यवस्था में उत्पादन इकाईयों का मुख्य उद्देश्य ही अधिकतम लाभ कमाना होता है और इस मूल्य वृद्धि से समाज के गरीब एवं मध्यम वर्ग पर कितना बोझ बढ़ रहा है, इससे उन्हें कोई मतलब नहीं रहता है।

प्राचीन भारत में मुद्रा स्फीति की समस्या इसलिए भी नहीं रहती थी क्योंकि प्राचीनकाल में भारतीय आर्थिक दर्शन के अनुसार 'प्रतिस्पर्धा के सिद्धांत' का अनुपालन सुनिश्चित होता था। ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले हाट बाजार में उत्पादों के विक्रेताओं के बीच में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा रहती थी। उत्पाद बेचने वाले स्थानीय विक्रेताओं की पर्याप्त संख्या रहती थी एवं साथ ही इनके बीच अपने अपने उत्पाद बेचने की प्रतिस्पर्धा रहती थी ताकि अपने अपने उत्पाद शीघ्र ही बेचकर वे अपने अपने ग्रामों में सूरज डूबने के पूर्व वापिस पहुंच सकें। इस प्रकार के कारणों के चलते कई बार तो विक्रेता अपने उत्पादों को सस्ते भाव में बेचना चाहता था अतः बाजार में उत्पादों के मूल्यों में कमी भी दिखाई देती थी। आज, वैश्विक स्तर पर निगमित क्षेत्र में कार्यरत कम्पनियों के बीच आपसी प्रतिस्पर्धा तो एक तरह से दिखाई ही नहीं देती है बल्कि वे आपस में मिलकर उत्पादक संघ (कार्टेल) का निर्माण कर लेती हैं और इन कम्पनियों द्वारा निर्मित उत्पादों के बाजार मूल्यों को अपने पक्ष में नियंत्रित किया जाता हैं ताकि वे इन उत्पादों के व्यापार से अपने लिए अधिकतम लाभ का अर्जन कर सकें। इस पूंजीवादी नीति से इन कम्पनियों की लाभप्रदता में तो वृद्धि होती है परंतु आम नागरिकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। अतः उक्त पूंजीवादी आर्थिक नीति के चलते आम नागरिकों पर निर्मित होने वाले आर्थिक दबाव को कम करने की दृष्टि से विक्रेताओं द्वारा लाभ अर्जन के संदर्भ में भी भारतीय आर्थिक दर्शन के नियमों का अनुपालन किया जा सकता है।

भारतीय आर्थिक दर्शन के अनुसार, 'मूल्य सिद्धांत' के अंतर्गत, विक्रेता द्वारा स्वयं के द्वारा निर्मित वस्तु की उत्पादन लागत पर 5 प्रतिशत की दर से लाभ जोड़कर उस वस्तु का विक्रय मूल्य तय किया जाना चाहिए एवं यदि उस वस्तु का निर्यात किसी अन्य देश को किया जा रहा है तो उस वस्तु के उत्पादन लागत पर 10 प्रतिशत की दर से लाभ जोड़कर उस वस्तु का विक्रय मूल्य तय किया जाना चाहिए। इस नीति के अनुपालन से प्राचीन भारत में विभिन्न उत्पादों के बाजार मूल्य लम्बे समय तक स्थिर रहते थे एवं इनके मूल्यों में वृद्धि लगभग नहीं के बराबर दिखाई देती थी। आज पूंजीवादी नीतियों के अंतर्गत विभिन्न उत्पादों के विक्रय मूल्यों पर किसी भी प्रकार का नियंत्रण नहीं है। विशेष रूप से दवाईयों के मूल्य के सम्बंध में नीति का उल्लेख यहां किया जा सकता है। केन्सर एवं दिल की बीमारी से सम्बंधित दवाईयों के बाजार मूल्य लाखों रुपयों में तय किए जाते हैं क्योंकि इन दवाईयों को बेचने का एकाधिकार 'पैटेंट कानून' के अंतर्गत केवल इन दवाईयों का उत्पादन करने वाली कम्पनियों के पास रहता है। केवल लाभ कमाना ही इन कम्पनियों का मुख्य उद्देश्य है, जबकि सनातन हिंदू संस्कृति में किसी अस्वस्थ नागरिक को दवाई उपलब्ध कराने का कार्य सेवा कार्य की श्रेणी में रखा गया है। उक्त वर्णित दवाईयों की बाजार में उपलब्धता बढ़ाकर एवं इन दवाईयों के विक्रय मूल्य को नयंत्रित रखकर कई जीवन बचाए जा सकते हैं। परंतु, पूंजीवादी अर्थव्यवस्था के अंतर्गत तो लाभ कमाना ही मुख्य उद्देश्य है।



आज विश्व के कई देशों में बेरोजगारी की समस्या विकराल रूप धारण करती हुए दिखाई दे रही है एवं इन देशों के पास बेरोजगारी की समस्या को हल करने का कोई उपाय भी सूझ नहीं रहा है। भारत के प्राचीन ग्रंथो में बेरोजगारी की समस्या के संदर्भ के किसी प्रकार का जिक्र भी नहीं मिलता है। 'स्वयं के नियोजन के सिद्धांत' का अनुपालन करते हुए उस समय पर विभिन्न परिवारों द्वारा स्थापित अपने उद्यमों को ही आगे आने वाली पीढ़ी आगे बढ़ाती जाती थी, इससे युवाओं में 'नौकरी' करने का प्रचलन भी नहीं था। अपने पारम्परिक व्यवसाय में ही युवा पीढ़ी रत हो जाती थी अतः बेरोजगारी की समस्या भी बिलकुल नहीं पाई जाती थी। आज पूंजीवादी व्यवस्था के अंतर्गत कोरपोरेट जगत की स्थापना के चलते नागरिकों में 'नौकरी' का भाव जागृत किया गया है। आज प्रत्येक युवा नौकरी की कतार में लगा हुआ दिखाई देता है, लगभग 30 वर्ष की आयु होते होते जब उसे उसकी चाहत के अनुसार नौकरी नहीं मिल पाती है तो वह अपने जीवन के लिए समझौता कर लेता है और किसी भी संस्थान में किसी भी प्रकार की नौकरी करने को मजबूर हो जाता है। कई इंजीनियर एवं पोस्ट ग्रैजूएट युवा, मजबूरी में आज विभिन्न उत्पादों की डिलीवरी करने एवं टैक्सी चलाने जैसे कार्यों को भी करते हुए दिखाई देते हैं। आज यदि अपने पुश्तैनी व्यवसाय को यह युवा आगे बढ़ा रहे होते तो सम्भवतः उनकी आमदनी भी अधिक होती और उक्त प्रकार के कार्य करने हेतु वे मजबूर भी नहीं होते।

भारत के प्राचीन ग्रंथों में 'शून्य ब्याज दर के सिद्धांत' का भी वर्णन मिलता है। राज्यों के पास धन के भंडार भरे रहते थे एवं समाज में यदि किसी नागरिक को अपना व्यवसाय स्थापित करने के लिए धन की आवश्यकता रहती थी तो वह राजा से धन उधार लेकर अपना व्यवसाय स्थापित कर सकता था एवं राजा द्वारा नागरिकों को दी गई उधार की राशि पर किसी प्रकार का ब्याज नहीं लिया जाता था। क्योंकि, यह उस राज्य के राजा का कर्तव्य माना जाता था कि वह अपने राज्य के नागरिकों को उचित मात्रा में व्यवसाय करने के लिए धन उपलब्ध कराए। इस प्रकार, भारत के प्राचीन खंडकाल में ब्याज की दर भी शून्य रहा करती थी। इससे, स्थानीय नागरिक भी अपना व्यवसाय स्थापित करने की ओर प्रेरित होते थे एवं नौकरी करने का चलन नहीं के बराबर रहता था।

## संपादकीय

### अस्वीकार्य हथकंडे

यह धारणा बना ली गई है कि हरियाणा में महिलाओं के खिलाफ ज्यादा अपराध होते रहे हैं। लेकिन हाल ही में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले कथित अपराधों से जुड़े झूठे मामलों में भी यह राज्य सबसे ऊपर है। जो कि एक गंभीर विरोधाभास को दशार्ता है। पुलिस आंकड़ों पर नजर डालें तो हरियाणा में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की लगभग 45 फीसदी शिकायतें झूठी पायी गई। जबकि गुरुग्राम में 2020 से 2024 के बीच चालीस प्रतिशत से अधिक बलात्कार के मामले जांच के बाद रद्द किए गए। निश्चित रूप से इन आंकड़ों से न केवल कानून प्रवर्तन एजेंसियों बल्कि नागरिक समाज को भी चिंतित होना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि जब मनगढ़ंत शिकायतें सिस्टम में दर्ज की जाती हैं तो ये न केवल पुलिस का समय बर्बाद करती हैं, बल्कि इसके अलावा भी इसके कई तरह के नकारात्मक परिणाम सामने आते हैं। ये उन वास्तविक पीड़ितों की विश्वसनीयता को भी कमजोर करती हैं जो पहले से ही अपने खिलाफ खड़ी व्यवस्था में अपना मामला साबित करने के लिये संघर्ष कर रहे होते हैं। व्यक्तिगत बदला लेने, जबरन आर्थिक वसूली या ब्लैकमेल के लिये कानूनी प्रावधानों का दुरुपयोग दुर्भाग्यपूर्ण है। जैसा कि हाल ही में गुरुग्राम में एक वकील के नेतृत्व वाले गिरोह से जुड़े मामले में खुलासा हुआ। जाहिर है, इस तरह की करतूतें न्याय प्रक्रिया में जनता के विश्वास को कम ही करती हैं।

निस्संदेह, इस सामाजिक विद्रूपता का उत्तर सभी महिलाओं पर अविश्वास करने या उन्हें हिंसा की रिपोर्ट करने से हतोत्साहित करने में नहीं है। हर शिकायत को गंभीरता से लिया ही जाना चाहिए। लेकिन साथ ही जांच पेशवर तरीके से और प्रमाणिक साक्ष्य आधारित होनी चाहिए। इसके अलावा उतना ही महत्वपूर्ण उन लोगों को दंडित करना भी है जो जानबूझकर कानून का दुरुपयोग करते रहे हैं। निश्चित रूप से महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा और न्याय की अखंडता परस्पर विरोधी लक्ष्य नहीं हैं, बल्कि वे पूरी तरह एक-दूसरे पर ही निर्भर भी हैं। लेकिन प्रसंग के आलोक में सबसे बड़ी सामाजिक चिंता यह भी होनी चाहिए कि हरियाणा में लैंगिक संबंध इतने अस्थिर क्यों हो चले हैं कि यहां हिंसा और प्रतिशोध दोनों पनपते हैं? निर्विवाद रूप से शिक्षा, जागरूकता और लैंगिक संवेदनशीलता कमजोर कड़ियां बनी हुई हैं।

## चिंतन-मनन

### पूर्वाग्रह न पालें

पुत्र वयस्क हो चुका था। उसने एक दिन पिता से कहा, पिताजी! आज से मैं आपके साथ भोजन नहीं करूंगा। यह कथन तनाव पैदा करने वाला था। पर पिता समझदार था। उसने तत्काल कहा, बेटा! कोई बात नहीं है। इतने दिनों तक तुम मेरे साथ भोजन करते रहे तो आज से मैं तुम्हारे साथ भोजन करने लग जाऊंगा। कोई खास बात नहीं है। पुत्र प्रसन्न हो गया। तनाव मिट गया। आक्रोश समाप्त हो गया। कोई अन्तर नहीं आया। पुत्र के मन में अहं जाग गया कि अब मैं पिता के साथ भोजन क्यों करूं? पिता ने उसके अहं को परोक्षतः पुष्ट करते हुए कह दिया, मैं तुम्हारे साथ भोजन करने लग जाऊंगा। यह है समन्वय की दृष्टि। समन्वय के दृष्टिकोण ने समस्या को सुलझा दिया।

आदमी में अनेक प्रकार के आग्रह होते हैं, पूर्वाग्रह होते हैं। एक बात पकड़ ली तो फिर उसे छोड़ने का मन ही नहीं होता। जैसे मकोड़ा टूट जाता है, पर अपनी पकड़ नहीं छोड़ता, वैसे ही आदमी टूट जाता है, पर आग्रह को नहीं छोड़ता। मकोड़ा अज्ञानी है। उसकी चेतना विकसित नहीं है। आदमी ज्ञानी है। उसकी चेतना बहुत विकसित है। वह पकड़ को, आग्रह को छोड़ भी सकता है। सामाजिक या पारिवारिक जीवन में आग्रह जितना कम होता है, उतना ही जीवन सुखद और शांत रहता है। आग्रही व्यक्ति छोटी-सी बात को इतना तान देता है कि वह बड़ी समस्या पैदा कर देती है। सारी उलझनें पूर्वाग्रह के कारण पैदा होती हैं। दोनों ओर का पूर्वाग्रह स्थिति को बिगाड़ देता है। एक व्यक्ति यदि आग्रह को छोड़ देता है, तो स्थिति सुलझ जाती है। खींचने का अर्थ ही है समस्या का उलझना। इससे तो समस्या सुलझती नहीं।

# सिल्वर इकोनॉमी अर्थात बुजुर्ग बने अर्थव्यवस्था की रीढ़



सनत जैन

भारत की अर्थव्यवस्था वर्तमान में एक दिलचस्प बदलाव के दौर से गुजर रही है। जहां अब तक देश की आर्थिक ऊर्जा का स्रोत युवा पीढ़ी को माना जाता था, वहीं अब यह तस्वीर बदलती नजर आई है। अर्थशास्त्री इसे सिल्वर इकोनॉमी का युग बता रहे हैं, यानी बुजुर्गों पर आधारित अर्थव्यवस्था। एक ओर कर्ज. और उपभोक्तावाद में डूबे युवा हैं, तो दूसरी ओर स्थिर आय, बचत और विवेकपूर्ण खर्च के कारण बुजुर्ग वर्ग अर्थव्यवस्था की नई ताकत बनकर उभरा है। इस संबंध में बैंकिंग डेटा का उल्लेख किया जा सकता है, जिसमें यह बताया जा रहा, कि 2023 से 2025 के बीच 25 से 40 वर्ष के युवाओं का औसत कर्ज. 42 प्रतिशत बढ़ा है। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, आसान कर्ज. की उपलब्धता और दिखावे की संस्कृति ने युवाओं की बचत खत्म कर दी है। मोबाइल, गाड़ियां, फैशन और ऑनलाइन शॉपिंग जैसी चीजों ने उनकी कमाई को ईएमआई अर्थव्यवस्था में बदल दिया है। नतीजे में युवा वर्ग कर्ज के बोझ तले दबता चला जा रहा है। आज का युवा उधारी के जाल में फंसकर आर्थिक रूप से अस्थिर हो गया है। इसके उलट, बुजुर्गों ने अपने जीवनकाल में आय का लगभग 25-30 प्रतिशत हिस्सा बचत के रूप में सुरक्षित रखा। रिजर्व बैंक के अनुसार, भारत की घरेलू बचत का लगभग 22 प्रतिशत हिस्सा 60 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों के पास है। रिटायरमेंट फंड, पेंशन, ब्याज और संपत्ति से उन्हें स्थिर आय मिल रही है। यही वजह है कि अब बाजार की नजर इस सिल्वर क्लास पर है। हेल्थकेयर, वेलनेस, बीमा, फार्मा, एस्टेट और टूरिज्म सेक्टर इस वर्ग को केंद्र में रखकर योजनाएं बना रहे हैं। लो-शुगर फूड्स, जॉइंट केयर उत्पाद, सीनियर-फ्रेंडली होम्स और तीर्थ यात्राओं जैसी सेवाएं तेजी से बढ़ी हैं। बुजुर्गों के लिए विशेष आवासीय सोसाइटियों की मांग में 28 प्रतिशत और वेलनेस टूरिज्म में 40 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। तकनीकी रूप से पहले पिछड़े माने जाने वाले बुजुर्ग अब डिजिटल अर्थव्यवस्था का हिस्सा बन चुके हैं। यूपीआई पेमेंट, ऑनलाइन दवाइयों की खरीद, ई-हेल्थ कंसल्टेशन और डिजिटल निवेश में उनकी सक्रिय भागीदारी बढ़ी है। सिल्वर इकोनॉमी ने न सिर्फ बाजार को नया उपभोक्ता वर्ग दिया है, बल्कि डिजिटल ट्रांजैक्शन को भी बूस्ट किया है। दिलचस्प बात यह है कि जो बुजुर्ग पहले परिवारों पर आश्रित माने जाते थे, अब वही कई परिवारों की आर्थिक रीढ़ बन गए हैं। बच्चों की शिक्षा, घरेलू खर्च और स्वास्थ्य बीमा जैसे जिम्मेदारियों का बड़ा हिस्सा आज बुजुर्गों की पेंशन या जमा पूंजी के ब्याज से पूरा हो रहा है। उनके अनुभव और वित्तीय अनुशासन ने उन्हें आधुनिक भारत की आर्थिक स्थिरता का आधार बना दिया है। भारत सरकार ने भी इस बदलाव को पहचाना है। यही वजह है कि 2024 में जारी सिल्वर इकोनॉमी पॉलिसी फ्रेमवर्क के तहत बुजुर्गों के स्वास्थ्य, रोजगार और वित्तीय सुरक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। नीति आयोग का अनुमान है कि 2030 तक भारत की सिल्वर इकोनॉमी 100 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है, जिसमें सबसे बड़ा योगदान स्वास्थ्य, पर्यटन और वित्तीय सेवाओं का होगा। हालांकि इस परिवर्तन की एक चिंताजनक दिशा भी है, युवा वर्ग का बढ़ता कर्ज. और घटती बचत। यदि यह प्रवृत्ति जारी रही, तो भविष्य में युवा आर्थिक रूप से बुजुर्गों पर निर्भर होते चले जाएंगे। इससे न सिर्फ आर्थिक बल्कि सामाजिक संतुलन पर भी असर पड़ेगा। बहरहाल भारत की सिल्वर इकोनॉमी आर्थिक परिवर्तन की कहानी है, जो यह दशार्ती है कि अनुशासन, बचत और स्थिरता कितनी दूर तक समाज को संभाल सकती है। इस बदलाव से सबक लेते हुए युवा पीढ़ी की अब यह जिम्मेदारी हो जाती है कि वह अपनी वित्तीय आदतों में सुधार लाए, और आय-बचत के बीच संतुलन स्थापित करे। यदि ऐसा हुआ, तो भारत न केवल सिल्वर इकोनॉमी का लाभ उठाएगा, बल्कि इसे स्वर्णिम अर्थव्यवस्था में बदल देगा, जहाँ अनुभव और ऊर्जा, दोनों मिलकर विकास की नई कहानी लिखेंगे।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश से सुरक्षा और पशु कल्याण की दिशा में बड़ा कदम



कांतिलाल मांडोत

देश में बढ़ते सड़क हादसों, अव्यवस्था और पशु क्रूरता की घटनाओं के बीच सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश दिया है कि वे राज्य और राष्ट्रीय राजमार्गों से आवारा पशुओं और आवारा कुत्तों को तुरंत हटाएं और उन्हें सुरक्षित आश्रयों में रखें। यह आदेश न केवल सड़क सुरक्षा से जुड़ा है बल्कि यह पशु-कल्याण, सार्वजनिक स्वच्छता और मानवीय संवेदना से भी गहराई से जुड़ा हुआ है।सुप्रीम कोर्ट ने 7 नवंबर 2025 को सुनवाई के दौरान कहा कि राज्य सरकारें, स्थानीय निकाय, एनएचएआई और सार्वजनिक निर्माण विभाग यह सुनिश्चित करें कि राजमार्गों, एक्सप्रेसवे और सार्वजनिक स्थलों पर कोई भी आवारा पशु या कुत्ता न दिखे।

अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि इन पशुओं को मारना या दूर फेंकना नहीं, बल्कि उन्हें पशु आश्रयों में उचित देखभाल के साथ रखा जाए।संबंधित अधिकारियों की व्यक्तिगत जवाबदेही तय की जाएगी और इसका पालन करना जरूरी है। वरना अधिकारियों को व्यक्तिगत तौर पर जिम्मेदार ठहराया जाएगा।इस मामले में तीन हफ्ते से स्टेट रिपोर्ट और हलफननामा मांगने को कहा है।सड़को पर समूह में गाय और भैंसे बैठ जाती है।आवारा कुत्तों का आतंक भी देश के शहरों की गलियो और गांव के मोहल्ले में आवारा पशुओं के कारण दुर्घटना और आवारा कुत्तों के काटने की घटना अक्सर होती है।आवारा पशुओं के कारण यातायात प्रभावित होता है।इतना ही नही,आवारा पशु सड़क पर बैठे रहते है तो दुर्घताग्रस्त होते देखे गए है। पशुओ के हटाने का आदेश सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने पहले भी दिया है।राजमार्गो से पशुओ को हटाने के निर्देश और आवारा कुत्तों पर रोक लगाने का आदेश दिया गया था।आवारा कुत्तों की मौजूदगी से मुक्त करने का उद्देश्य विफल भी हुआ था।सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए प्रत्येक हाईवे के किनारे हेल्पलाइन नंबर और चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं ताकि कोई भी व्यक्ति तुरंत सूचना दे सके।

नगरपालिकाएं और पंचायतें मिलकर स्थायी आश्रय गृह बनाएं, जहाँ चिकित्सा, भोजन और सुरक्षा की उचित व्यवस्था हो। सड़क सुरक्षा और जनहित का पक्ष लेते हुए सुप्रीम ने निर्देश दिए है।हररोज दुर्घटना आवारा पशुओं के कारण होती है।भारत में सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण आवारा पशु और कुत्ते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने जिम्मेदारी तय कर रिपोर्ट देने का आदेश जारी किया है।जिसमे स्कूल,अस्पताल, बस स्टैंड से अगले आठ हफ़्तों से आवारा कुते हटाना होगा।

भूटान में आवारा कुत्तों की नसबंदी के अभियान में सम्पूर्ण सफलता मिली है।उसी की तरह नीदरलैंड पहला यूरोपीय देश है, जहा सड़को पर आवारा कुत्ते नही है। भारत मे हर गांव में सैकड़ो कुत्ते मिल जाएंगे।जिनका कहर निर्दोष मासूमो पर बरपाया जाता है।क्योकि नन्हे बच्चे कुतो का सामना नही कर सकते है।कभी कभी बड़े बुजुर्ग भी डॉग बाइट का शिकार होते है।

भारत में आवारा कुत्तों तथा अन्य मुक्त घूमने वाले पशुओं के हमले-दुर्घटनाएँ एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बन चुकी हैं। न सिर्फ काटने - हमले के कष्ट बल्कि रोग संक्रमण रेबीज और दुर्घटनाओं के रूप में इसका व्यापक प्रभाव है।

भारत में वर्ष 2024 में लगभग 3,717,336 37.17 लाख कुत्तों द्वारा काटे जाने की रिपोर्ट दर्ज हुई है। वर्ष 2023 में लगभग 30.43 लाख कुत्तों द्वारा काटे जाने के मामले थे, जिनमें 286 लोगों की मृत्यु हुई। एक अन्य सरकारी आंकड़े के अनुसार, वर्ष 2024 में कुत्तों द्वारा काटे जाने के लगभग 21.95 लाख मामले और अन्य जानवरों जैसे बन्दर आदि द्वारा लगभग 5.04 लाख मामले थे, तथा इस दौरान लगभग 48 लोगों की मौत हुई।

विशेष रूप से बच्चों की स्थिति चिंताजनक है । वर्ष 2024 में कुत्तों द्वारा काटे जाने वाले कुल मामलों में लगभग 5,19,704 मामले केवल 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों के थे। हालांकि सरकार द्वारा 2024 के लिए अनुमानित कुल मानव रेबीज मृत्यु सिर्फ 54 बताई गई है।

लेकिन शोध एवं अन्य सर्वेक्षण बताते हैं कि वास्तविक मृत्यु संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है । भारत में हर साल लगभग 18,000-20,000 रेबीज मृत्यु होती हैं। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि कुत्तों और अन्य आवारा पशुओं द्वारा काटे जाने की घटनाएँ लाखों में हैं, और इससे जुड़ी मृत्यु-दर तथा दुर्घटनाओं की संख्या चिंताजनक रूप ले रही है।आवारा कुत्तों की संख्या एवं मानवीय-पर्यावरणीय स्थिति चिंताजनक है। भारत में बड़े-बड़े शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों की संख्या बहुत अधिक है। उदाहरण के लिए, एक सर्वेक्षण में बताया गया कि भारत में लगभग 6.2 करोड़ 62 मिलियनआवारा कुत्ते हो सकते हैं। कचरा प्रबंधन, खाद्य स्रोत, अनियंत्रित प्रजनन, और आवासीय-शहरी विस्तार जैसी स्थितियों ने इन जानवरों के मानव निवास के करीब आने की संभावना बढ़ा दी है।

कुत्तों एवं अन्य जानवरों द्वारा मानवों पर हमला या काटने की स्थितियाँ बढ़ रही हैं, विशेष रूप से बच्चों, वृद्धों और काम करने वाले लोगों में अधिक है। वर्ष 2024 में लगभग 60 घंटों में एक बार बच्चों द्वारा कुत्तों द्वारा काटे जाने की दर सामने आई थी।

इसके अलावा वाहन-दुर्घटनाएँ भी होती है।आवारा पशु अचानक सड़क पर आने से वाहन चालक अनियंत्रित हो सकते हैं या दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। विशेष रूप से रात में व ग्रामीण इलाकों में यह जोखिम अधिक है।

रेबीज-संक्रमण का खतरा कुत्तों द्वारा काटे जाने के बाद यदि समय पर एंटी-रेबीज टीकाकरण एवं पशु-क्षेत्र की निगरानी न हो तो मृत्युदर बहुत अधिक हो सकती है। रेबीज एक-बार लक्षण दिखने के बाद लगभग 100 % घातक है। भारत में रेबीज के लिए लक्षित कार्यक्रम चल रहे हैं लेकिन अभी तक स्थितियाँ लक्ष्य के अनुरूप नहीं हैं।

अधिकारियों द्वारा दर्ज की गयी संख्या व अनुमानित संख्या में अंतर है।सरकार द्वारा घोषित 54 मौतें और कुछ शोधों के अनुसार लगभग 5,700 अनुमानित मौतों के अंतर को लेकर चिंताएँ हैं। वैकसीनेशन और पशु-संख्या नियंत्रण में कमियों के कारण समस्या गंभीर है । भारत में 2024 तक एनीमल बर्थ कंट्रोल (अइउ) नियम2023 जैसे निर्देश जारी किये गए लेकिन उनका क्रियान्वयन सुचारू नहीं है।

स्थानीय-शहरी-ग्रामीण भिन्नताएँ है।शहरी क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का चयन, मानव-पशु संघर्ष अधिक देखा जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य-सुविधाओं की कमी जोखिम बढ़ाती है। दुर्घटनाओं की संख्या का स्पष्ट आँकड़ा नहीं मिलना है।जहाँ काटे जाने की संख्या उपलब्ध है, वाहन और अन्य प्रकार की दुर्घटनाओं जैसे वाहन-पशु टक्कर के कारणों व संख्या पर विश्वसनीय डेटा कम है।

जब एक आवारा कुत्ता काटता है, तब समस्या सिर्फ शारीरिक घाव तक सीमित नहीं रहती। इसके बाद ये स्थितियाँ उत्पन्न हो सकती हैं।काटे जाने से डर-चोट की वजह से लोगों का जीवन प्रभावित होता है ।खेल-कूद से दूर रहने, सामाजिक गतिविधियों में कमी आदि पर चिंतन किया जाना चाहिए। वाहन चलाते समय अचानक कुत्ता सड़क पर आ जाने से वाहन चालक फिसल सकते हैं, ब्रेक अचानक लगा सकते हैं, या टकराने-उछलने की वजह से दुर्घटना हो सकती है। शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में सार्वजनिक स्वास्थ्य-व्यय बढ़ता है।

## संक्षिप्त समाचार

### ताइवान की उपराष्ट्रपति ने पहली बार यूरोपीय संघ की संसद में दिया भाषण, चीन ने दे डाली चेतावनी

**ब्रसेल्स , एजेंसी।** ताइवान की उपराष्ट्रपति सियाओ बी खिम ने यूरोपीय संघ की संसद को संबोधित किया। यह ताइवान सरकार के किसी भी शीर्ष नेता का किसी विदेशी संसद में दिया गया पहला भाषण है। यही वजह है कि चीन की सरकार ने इसके प्रति कड़ी नाराजगी जाहिर की है। चीन ने चेतावनी देते हुए यूरोपीय संघ से एक चीन की नीति का पालन करने को कहा है। गौरतलब है कि चीन, ताइवान को अपना हिस्सा मानता है। यूरोपीय संघ भी एक चीन सिद्धांत का समर्थक रहा है, लेकिन अब ताइवान की उपराष्ट्रपति का यूरोपीय संघ की संसद को संबोधित करना एक बड़े बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है।

### अमेरिकी एयरलाइनों ने फिर 1000 से ज्यादा उड़ानें की रद्द

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी एयरलाइनों ने शनिवार को फिर 1,000 से अधिक उड़ानें रद्द कर दीं। यह सरकारी बंद के कारण हवाई यातायात कम करने के संघीय उड्डयन प्रशासन के आदेश का दूसरा दिन था। अब तक देश के कई व्यस्ततम हवाई अड्डों पर मंदी के कारण व्यापक व्यवधान नहीं हुआ है। लेकिन इसने देश के सबसे लंबे संघीय बंद के प्रभाव को और गहरा कर दिया है। उड़ान व्यवधानों पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ़्लाइटअवेयर के अनुसार, एफएए की मंदी के पहले दो दिनों में 1,000 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुई हैं। शनिवार, जो आमतौर पर धीमी यात्रा का दिन होता है। उत्तरी कैरोलिना के चार्लोट हवाई अड्डे पर सबसे ज्यादा असर पड़ा, जहा दोपहर तक 120 आने और जाने वाली उड़ानें रद्द हो गईं। अटलांटा, शिकागो, डलास, डेनवर और ऑरलैंडो, फ़्लोरिडा के हवाई अड्डे सबसे ज्यादा बाधित रहे। चार्लोट और न्यू जर्सी के नेवार्क में कर्मचारियों की कमी के कारण भी यातायात धीमा रहा।

### इंडोनेशियाई पुलिस ने मस्जिद हमले के संदिग्ध और नफरती समूहों के बीच संबंधों की जांच की तेज

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशियाई पुलिस ने एक हाई स्कूल में मस्जिद पर हमले के 17 वर्षीय संदिग्ध के घर से विस्फोटक पाउडर और लेख जब्त किए हैं। इस हमले में कई छात्र घायल हुए। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पुलिस उसके घृणा फैलाने वाले समूहों से संभावित संबंधों की जांच कर रही है। राष्ट्रीय पुलिस प्रमुख लिस्टियो सिगिट ने पीड़ितों से मिलने के बाद बताया कि संदिग्ध जकार्ता में शुक्रवार को हुए विस्फोट में घायल हुए 54 लोगों में शामिल था और अभी भी अस्पताल में भर्ती है। संदिग्ध उन दो छात्रों में से एक था, जिनकी विस्फोटों में लगी चोटों की सर्जरी हो रही थी। सिगित ने कहा, 卐संदिग्ध की हालत में सुधार हुआ है, और उम्मीद है कि उसके ठीक होने के बाद उससे पूछताछ करना हमारे लिए आसान हो जाएगा।卐 उन्होंने आगे कहा कि पुलिस के पास अभी केवल एक ही संदिग्ध है।

### स्वीडन में रूसी व्यापार प्रतिनिधिमंडल के विला पर ड्रोन से पेंट और अज्ञात चिपचिपा पदार्थ गिराया

**स्टॉकहोम , एजेंसी।** पुलिस ने बताया कि शनिवार तड़के स्टॉकहोम के बाहर एक द्वीप पर स्थित रूसी व्यापार प्रतिनिधिमंडल के विला के ऊपर से एक ड्रोन उड़ा और उड़ने से पहले इमारत पर पेंट और एक अज्ञात चिपचिपा पदार्थ गिरा दिया। स्टॉकहोम क्षेत्रीय पुलिस की प्रेस सचिव ओला ओस्टरलिंग के अनुसार, किसी को चोट नहीं आई और विला को खाली नहीं कराया गया। ओस्टरलिंग ने बताया कि व्यापार प्रतिनिधिमंडल के कर्मचारियों ने स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 5 :30 बजे ड्रोन को देखा और उससे पेंट और एक अज्ञात पदार्थ से भरा एक कंटेनर गिराया। इसके बाद उन्होंने स्टॉकहोम क्षेत्रीय पुलिस को फोन किया। ओस्टरलिंग ने बताया कि जांचकर्ताओं ने विश्लेषण के लिए पदार्थ के नमूने लिए और तोड़फोड़ व उत्पीड़न का मामला दर्ज किया। अधिकारियों ने ड्रोन नहीं देखा, लेकिन इसे देखने वाले कर्मचारियों से पूछताछ की। यह स्पष्ट नहीं है कि इस घटना के पीछे कौन था।

### यूएई : फहद अल गर्गावी विदेश व्यापार मंत्रालय के अवर सचिव नियुक्त

**दुबई , एजेंसी।** राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने फहद अल गर्गावी को विदेश व्यापार मंत्रालय का अवर सचिव नियुक्त करते हुए एक संघीय आदेश जारी किया है। फहद अल गर्गावी ने मोहम्मद बिन राशिद सेंटर फॉर लीडरशिप डेवलपमेंट से स्नातक की उपाधि प्राप्त की है और कई नेतृत्वकारी पदों पर कार्य किया है। उन्होंने दुबई निवेश विकास एजेंसी ( दुबई एफडीआई ) के सीईओ, दुबई विदेशी निवेश कार्यालय ( डीएफआई ) के सीईओ और दुबई चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में व्यापार एवं उद्योग विकास विभाग के सीईओ का पद संभाला है।

# अमेरिका के एतिहासिक दौरे पर पहुंचे अहमद अल शरा, 1946 के बाद किसी सीरियाई राष्ट्रपति का पहला यूएस दौरा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल शरा अमेरिका के दौरे पर पहुंचे हैं। यह दौरा बेहद ऐतिहासिक है क्योंकि साल 1946 के बाद पहली बार कोई सीरियाई राष्ट्रपति अमेरिका के आधिकारिक दौरे पर वॉशिंगटन पहुंचे हैं। सीरियाई राष्ट्रपति का अमेरिका दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब अमेरिका ने सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल शरा का नाम आतंकवादी सूची से एक दिन पहले ही हटाया है।



**सोमवार को होगी ट्रंप से मुलाकात :** सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल शरा वॉशिंगटन में सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। इससे पहले जब मई में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सऊदी अरब का दौरा किया था, उस वक्त सऊदी अरब के रियाद शहर में भी ट्रंप की अहमद अल शरा से मुलाकात हुई थी। सीरिया में अमेरिका के राजदूत टॉम बराक ने उम्मीद जताई कि अहमद अल शरा के इस अमेरिका दौरे पर सीरिया की सरकार, आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व वाले गुट में शामिल होने के समझौते पर हस्ताक्षर कर सकती है।

**शरा का नाम आतंकवादी सूची से हटा :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका, सीरियाई राजधानी दमिश्क के पास एक सैन्य अड्डा बनाने की योजना बना रहा है। इस सैन्य अड्डे का मकसद मानवीय सहायता के काम में समन्वय बताया जा रहा है। अमेरिका के विदेश विभाग ने पुष्टि की है कि अहमद अल शरा को आतंकवादी सूची से हटा दिया गया है क्योंकि शरा ने सीरिया में लापता अमेरिकियों का पता लगाने और बचे हुए रसायनिक हथियारों को खत्म करने की सहमति दी है। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भी अहमद अल शरा पर लगे प्रतिबंधों को हटा लिया था, जिसके बाद शरा ने सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा को भी संबोधित किया। ऐसा करने वाले भी शरा पहले सीरियाई राष्ट्रपति हैं।

**आतंकी संगठन अल कायदा से रहा है जुड़ाव :** अहमद अल शरा के पूर्व के संगठन हयात तहरीर अल-शाम (॥ञ्रस) का खूंखार आतंकी संगठन अल-कायदा से जुड़ाव था। यही वजह थी कि अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने शरा का नाम आतंकवादी सूची में डाला हुआ था। हालांकि बाद में शरा सक्रिय राजनीति में उतरे और बीते साल बशर अल असद के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया। सत्ता संभालने के बाद से, शरा और सीरिया के नए नेतृत्व ने खुद को अपने उग्रवादी अतीत से दूर कर सीरियाई लोगों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने एक अधिक उदार छवि पेश करने की कोशिश की है।

**बांग्लादेश में कानून-व्यवस्था दुरुस्त करे सरकारः एनसीपी : ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में अगले वर्ष फरवरी में चुनाव होने हैं लेकिन कानून व्यवस्था की स्थिति अब भी चिंताजनक बनी हुई है। नए राजनीतिक दल, नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के एक शीर्ष नेता ने अंतरिम सरकार से इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है। पार्टी के संयुक्त संयोजक खालिद सैफुल्लाह ने कहा, एक स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सरकार का कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर बहुत गंभीर होना जरूरी है।

**आतंकवाद के खिलाफ अभियान में तेजी लाएगी नाइजीरियाई सेना : अबुजा, एजेंसी।** नाइजीरिया के नए सेना अध्यक्ष ने देश के उत्तरी हिस्से में आतंकवादियों के खिलाफ अभियान में तेजी लाने का वादा किया है। यह वादा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस धमकी के बाद किया गया, जिसमें एक नंवबर को उन्होंने कहा था कि अगर नाइजीरिया ने देश में ईसाइयों पर हमले नहीं रोके तो अमेरिकी सेना को इसमें शामिल होना पड़ेगा। सेना अध्यक्ष, लेफ्टिनेंट जनरल वैदी शाइबू नेसैनिकों को संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि यह नया अभियान सफल होना ही चाहिए।

**ताइवान के साथ सुरक्षा संबंधों को बढ़ावा दे ईयू : ह्सियाओ : ताइपे, एजेंसी।** ताइवान की उपराष्ट्रपति बी-खिम ह्सियाओ ने यूरोपीय संघ (ईयू) से स्वायत्त द्वीप राष्ट्र के साथ सुरक्षा और व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने व चीन से बढ़ते खतरों के मद्देनजर इसके लोकतंत्र का समर्थन करने का आग्रह किया है। ब्रसेल्स में शुक्रवार को विभिन्न देशों के सांसदों के एक समूह को संबोधित करते हुए ह्सियाओ ने कहा, ताइवान जलडमरूमध्य में शांति वैश्विक स्थिरता और आर्थिक निरंतरता के लिए आवश्यक है।

## पुर्तगाल में मजदूरों का प्रदर्शनः नई श्रम नीतियों के खिलाफ सड़कों पर हजारों लोग, 11 दिसंबर को हड़ताल का एलान



**लिस्बन, एजेंसी।** पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन की सड़कों पर शनिवार को हजारों लोग उतर आए। ये सभी केंद्र-दक्षिणपंथी सरकार की नई श्रम सुधार नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। यह विरोध देश के प्रमुख मजदूर संघ द्वारा आयोजित किया गया था, जिसने सरकार से इन प्रस्तावित सुधारों को तुरंत वापस लेने की मांग की है। यूनियन का कहना है कि ये नीतियां कामगारों के अधिकारों को कमजोर करेंगी और उनके रोजगार को असुरक्षित बनाएंगी।

**न्यूनतम वेतन समेत कई मांग :** सरकार के प्रस्तावित कानूनों में कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की प्रक्रिया आसान करने की बात कही गई है। वहीं, स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए लचीले कार्य समय की अवधि घटाने और गर्भपात के बाद शोक अवकाश कम करने जैसे प्रावधानों को लेकर भी लोगों में नाराजगी है। इस समय पुर्तगाल में न्यूनतम वेतन 870 यूरो (लगभग ?90,000 प्रति माह) है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि इसे 2026 तक बढ़ाकर 1,050 यूरो (लगभग ?1.08 लाख) किया जाए।

**11 दिसंबर को पूरे देश में आम हड़ताल की चेतावनी :** प्रधानमंत्री लुईस मोंटेनेग्रो की अगुवाई वाली डेमोक्रेटिक अलायंस सरकार का कहना है कि ये सुधार देश की उत्पादकता और रोजगार बाजार की लचीलापन बढ़ाने के लिए जरूरी हैं।

हालांकि, विरोधियों का कहना है कि ये सुधार सिर्फ कंपनियों को फायदा पहुंचाएंगे और कामगारों की सुरक्षा को कम करेंगे। प्रदर्शन आयोजकों ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने ये प्रस्ताव नहीं हटाए, तो 11 दिसंबर को पूरे देश में आम हड़ताल की जाएगी।

## गाजा में मरने वालों का आंकड़ा 69 हजार के पार

**गाजा , एजेंसी।** गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि इस्राइल-हमास युद्ध में अब तक 69 हजार से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। ये आंकड़े ऐसे समय जारी किए गए, जब इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष विराम की शर्तों के तहत शवों का आदान-प्रदान हुआ। इनमें इस्राइल के हमलों में मारे गए फलस्तीनियों के शव और हमास की कैद में मारे गए इस्राइली बंधकों के शव शामिल हैं। इस्राइल ने शनिवार को 15 और फिलिस्तीनियों के शव गाजा को लौटा दिए, जबकि एक दिन पहले ही हमास ने एक इस्राइली बंधक के शव को इस्राइल को लौटाया था। इस्राइल के प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से जारी बयान के अनुसार, शव की पहचान लियोर रुडाएफ के रूप में हुई है। यह आदान-प्रदान संघर्ष विराम के शुरुआती चरण का मुख्य हिस्सा है, जिसके तहत हमास को सभी बंधकों के शव जल्द से जल्द लौटाने होंगे।

**रूस का केए-226 हेलिकॉप्टर जमीन से टकराया, 5 लोगों की मौत : मास्को, एजेंसी।** रूस के दागेस्तान राज्य में 7 नवंबर को एक रूसी केए-226 हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। इस हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। हेलिकॉप्टर नियंत्रण से बाहर होने के कारण जमीन से टकरा गया। मरने वालों में एक ही इलेक्ट्रो मैकेनिकल प्लांट के 4 कर्मचारी शामिल हैं। कंपनी ने 8 नवंबर को यह जानकारी दी। हादसे का कारण अभी पता नहीं चला है। हेलिकॉप्टर दागेस्तान के अची-सू गांव के पास कैस्पियन सागर क्षेत्र में गिरा।

रूसी सरकारी मीडिया ने पहले बताया था कि यह हेलिकॉप्टर पर्यटकों को ले जा रहा था। केईएमजेड एक रक्षा कंपनी है जो हवाई उपकरण बनाती है। मरने वालों में प्लांट के डिप्टी जनरल डायरेक्टर भी शामिल हैं। हेलिकॉप्टर का फ्लाइट मैकेनिक भी मारा गया। वहीं, दो लोग घायल हुए हैं। केईएमजेड पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगाए हैं क्योंकि यह यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध में शामिल है। केए-226 एक ट्विन-इंजन हेलिकॉप्टर है जो 7 यात्रियों को ले जा सकता है।

## फिलीपींस में फंग-वोंग तूफान, 50 हजार परिवार सुरक्षित जगह भेजे गए; सरकार ने किया आपातकाल घोषित

**मनीला, एजेंसी।** फिलीपींस हाल के दिनों प्रकृति के दोहरे प्रकोप से जूझ रहा है। हाल ही में आए टाइफून कल्मेगी में 200 से ज्यादा लोगों की मौत के बाद अब देश पर सुपर टाइफून फंग-वोंग का खतरा मंडरा रहा है। यह इस साल का सबसे शक्तिशाली तूफान बताया जा रहा है, जो रविवार को देश के उत्तर-पूर्वी तटों से टकराने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक, फंग-वोंग की रफ्तार 185 किमी प्रति घंटा तक है, जबकि हवा के झोंके 230 किमी प्रति घंटा तक पहुंच रहे हैं। इसका प्रभाव 1,600 किलोमीटर के दायरे में फैल सकता है यानी यह दक्षिण-पूर्व एशिया के दो-तिहाई हिस्से को प्रभावित कर सकता है।



**देशव्यापी आपात स्थिति घोषित :** सरकार ने देशव्यापी आपात स्थिति घोषित कर दी है। राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने लोगों से अपील की है कि वे तुरंत सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं। रक्षा मंत्री गिल्बर्टो टियोडोरो जूनियर ने चेतावनी दी कि यह तूफान देश के कई हिस्सों में तबाही मचा सकता है, जिसमें सेबू, औरोरा, इसाबेला और यहां तक कि राजधानी मनीला भी शामिल है। उन्होंने कहा जब बारिश शुरू हो जाएगी या तूफान पूरी तरह आ जाएगा, तब लोगों को बचाना बेहद मुश्किल हो जाएगा। इसलिए अभी निकलना ही सबसे सुरक्षित विकल्प है। अब तक लगभग 50,000 परिवारों को बिकोल क्षेत्र से निकाला गया है, जहां समुद्र किनारे और ज्वालामुखी मायोन के पास भूस्खलन और मडफ्लो का खतरा बना हुआ है। 6,600 यात्री और कर्मचारी बंदरगाहों पर फंसे इस बीच, कई इलाकों में बिजली कटौती, स्कूलों और सरकारी दफ्तरों की बंदी और उड़ानों की रद्दीकरण जैसी आपात स्थितियां घोषित की गई हैं। लगभग 6,600 यात्री और कर्मचारी बंदरगाहों पर फंसे हुए हैं क्योंकि कोस्ट गार्ड ने समुद्र में किसी भी जहाज के जाने पर रोक लगा दी है। फिलीपींस हर साल करीब 20 तूफानों की चपेट में आता है, साथ ही यहां अक्सर भूकंप और ज्वालामुखी विस्फोट भी होते रहते हैं। यह दुनिया के सबसे अधिक आपदा-प्रवण देशों में से एक माना जाता है।

## ब्राजील में तेज हवाओं और भारी बारिश से तबाही-ःइमारतें ढही, सड़कें टूटी, 6 मौतें

**ब्रासीलिया/ मनीला, एजेंसी।** ब्राजील के दक्षिणी राज्य पराना में शुक्रवार देर रात तेज हवाओं और भारी बारिश के साथ आए तूफान ने भारी तबाही मचाई। राज्य सरकार के अनुसार, इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है। सबसे ज्यादा नुकसान रियो बोनिटो डो इगुआकू शहर में हुआ। यहां आधे से अधिक घरों की छतें उड़ गईं, कई इमारतें ढह गईं, सड़कें बंद हो गईं और बिजली की लाइनें टूट गईं। इस हादसे में अब तक 437 लोग घायल हुए हैं। वहीं, लगभग 1000 लोग बेघर हो गए। मौसम विभाग के अनुसार हवा की गति 180 से 250 किलोमीटर प्रति घंटा तक थी। दूसरी ओर फिलीपींस में



रविवार को फंग-वोंग सुपर टाइफून के कारण भारी बारिश, तेज हवाएं चलीं। इसके चलते फिलीपींस के पूर्वी और उत्तरी इलाकों से 1.5 लाख से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। यहां ऊंची समुद्री लहरों के लिए चेतावनी जारी कर दी गई है।

**फिलीपींस में तूफान से 300 उड़ानें रद्द :** फिलीपींस के बड़े हिस्से में चेतावनी जारी कर दी गई हैं। जिनमें सिग्नल संख्या 5 (सबसे ऊंची चेतावनी है) दक्षिण-पूर्वी लूजोन में जारी की गई है। इसमें कैटनडुआनस और कैमरिन्स नॉर्टे और कैमरिन्स सुर के तटीय क्षेत्र शामिल हैं। वहीं, मेट्रो मनीला और आसपास के क्षेत्र सिग्नल संख्या 3 के अंदर हैं। तूफान की रफ्तार 185 किमी प्रति घंटा से 230 किमी प्रति घंटा है।

यह रात तक मध्य लुजोन के औरोरा प्रांत में दस्तक दे सकता है। यहां भारी बारिश, तेज हवाएं और समुद्री लहरों का खतरा है। कई इलाकों में बिजली गुल हो चुकी है। 300 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। कुछ दिन पहले ही टाइफून कलमेगी ने फिलीपींस में 204 लोगों की जान ली थी और वियतनाम में 5 की मौत हुई थी। वहां मछली पकड़ने की नावें और कई लॉब्स्टर फार्म तबाह हो गए।

## लापरवाही ने ले ली कई जानें: पुलिस से बचने को भगाई कार, बार में घुसकर भीड़ को रौंदा; चार की मौत,11 घायल




**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के फ्लोरिडा में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। दरअसल यहां एक युवक ने पुलिस से बचने के लिए कार दौड़ाई, लेकिन तेज गति के चलते वह कार पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार बार में घुस गई। कार ने बार में बैठे लोगों को रौंद दिया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हुए हैं।

**पुलिस से बचने के लिए भगाई कार, जिससे हादसा हुआ :** घटना फ्लोरिडा के टेम्पा शहर की है। यह शहर अपनी नाइट लाइफ और पर्यटन के लिए मशहूर है। टेम्पा पुलिस ने बताया कि पुलिस की एक पेट्रोल यूनिट ने देर रात करीब 12.40 बजे एक सेडान कार को खतरनाक तरीके से ड्राइविंग के लिए रोकने की कोशिश की, लेकिन कार सवार ने पुलिस को देखकर स्पीड और बढ़ा दी और वहां से भागने की कोशिश की। जब पुलिस ने कार का पीछा किया तो एक जगह कार सवार गाड़ी पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार अनियंत्रित होकर एक भीड़भाड़ वाले बार में घुस गई। कार की टक्कर से चार लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए।

**आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज :** पुलिस ने बताया कि संदिग्ध की पहचान 22 साल के सिलास सिंपसन के रूप में हुई है। आरोपी कार ड्राइवर घटना से पहले एक अन्य जगह स्ट्रीट रेसिंग करते हुए देखा गया था। जब दोबारा पुलिस ने उसे खतरनाक तरीके से कार चलाते देखा तो उसका पीछा किया। इसी हड़बड़ी में आरोपी कार पर नियंत्रण नहीं रख सका। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में 11 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। आरोपी युवक को गिरफ्तार कर हिल्सबोरो काउंटी जेल भेज दिया गया है। आरोपी के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाकर जान लेने, पुलिस से बचकर भागने और चकमा देने के आरोप लगाए गए हैं।

## एक कमरे के किराए के घर से बंगले में शिफ्ट होंगे ममदानी ! मेयर बनते ही जीवन में आया बड़ा बदलाव

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** न्यूयॉर्क के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी अपनी पत्नी रामा दुवाजी के साथ एक कमरे के किराए के मकान में रहते हैं। इस मकान की स्थिति ऐसी है कि उसमें लीकेज के चलते कई बार पानी भर जाता है, लेकिन अब मेयर चुनाव में जीत के साथ ही ममदानी की जिंदगी में बड़ा बदलाव आया है और अब वे किराए के मकान से एक शानदार बंगले में शिफ्ट हो सकते हैं। यह शानदार बंगला न्यूयॉर्क मेयर का आधिकारिक आवास है, जो अपनी लग्जरी, शानदार वास्तुकला के लिए जाना जाता है।

**मेयर के बंगले में शिफ्ट होने पर क्या बोले ममदानी :** न्यूयॉर्क रेडियो के साथ बातचीत में ममदानी ने संकेत दिए थे कि अब उन्हें एक कमरे का मकान छोटा पड़ता है। हालांकि अभी तक ममदानी ने तय नहीं किया है कि वे मेयर के बंगले में शिफ्ट करेंगे या नहीं। न्यूयॉर्क मेयर का आधिकारिक आवास जिसे ग्रेसी मेंशन के नाम से जाना जाता है, वह 11 हजार वर्ग फुट में फैला है, जिनमें खूबसूरत झूमर, शानदार दरवाजे और एक बड़ा सा बगीचा है, जिसमें सेब के पड़े लगे हैं। साथ ही सब्जियां उगाने के लिए भी एक अलग बगीचा है। एक हालिया इंटरव्यू में ममदानी ने कहा कि मुझे अभी नहीं पता कि मैं कहां रहूंगा, लेकिन मुझे इतना पता है कि मैं सिटी हॉल से काम करूंगा।

**हालिया घोषित मेयर चुनाव में जीते ममदानी :** हाल ही में घोषित हुए न्यूयॉर्क मेयर के चुनाव नतीजों में 34 वर्षीय जोहरान ममदानी ने शानदार जीत दर्ज की। जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क के पहले मुस्लिम और पहले भारतीय अमेरिकी मेयर हैं। जोहरान का जन्म युगांडा की राजधानी कंपाला में हुआ था। उनके माता-पिता भारतीय मूल के हैं। जोहरान की मां मीरा नायर एक मशहूर फिल्म निर्माता हैं, जिन्होंने मानसून वेडिंग, द नेमसेक और मिसिसिपी मसाला जैसी



अंतरराष्ट्रीय फिल्मों का निर्देशन किया है। उनके पिता महमूद ममदानी कोलंबिया यूनिवर्सिटी में मानव विज्ञान के प्रोफेसर हैं। राजनीति में जोहरान का असली आगाज 2020 में हुआ, जब वो न्यूयॉर्क विधानसभा के लिए चुने गए। क्वींस के एस्टोरिया इलाके से विधायक बनने के बाद उन्होंने बसों में मुफ्त सफर करने की योजना लागू करवाई और इस्राइल की बस्तियों को समर्थन देने वाले संगठनों पर रोक लगाने का प्रस्ताव भी रखा। यहीं से ममदानी की लोकप्रियता बढ़ती गई। 33 वर्षीय जोहरान का चुनावी एजेंडा प्रगतिशील और वामपंथी है। वह अमीरों पर टैक्स बढ़ाने, सरकारी स्तर पर किराना स्टोर खोलने और प्रवासियों के अधिकारों के लिए लड़ने का वादा कर रहे हैं। हालांकि, इससे कारोबारी वर्ग और रियल एस्टेट लॉबी नाराज है।

### तंजानिया : प्रदर्शनों पर विपक्षियों नेताओं के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

**डोडोमा, एजेंसी।** तंजानिया में पिछले महीने विवादित मतदान केंद्रों के आसपास हुए हिंसक प्रदर्शनों को लेकर विपक्षी नेताओं के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं। इनमें चाडेमा की संचार निदेशक ब्रेंडा रुपिया और महासचिव जॉन मन्यिका भी शामिल हैं। इनके अलावा, सैकड़ों लोगों पर देशद्रोह का आरोप लगाया गया है। इस कार्रवाई से पूर्वी अफ्रीकी देश में राजनीतिक तनाव में और बढ़ गया है। चाडेमा, तंजानिया की प्रमुख विपक्षी पार्टी है। इसके नेता टुंडू लिस्सु को कई महीनों की जेल हुई है। उन पर कभी देशद्रोह के आरोप हैं।

# प्रदूषण की वजह से न छोड़े Exercise

## घर में ही कर सकते हैं ये 5 आसान वर्कआउट



बढ़ते प्रदूषण ने कहीं न कहीं हर किसी की सेहत पर असर डाला है। ऐसे में सभी की यही कोशिश रहती है कि बाहर नहीं निकलना पड़े। कुछ लोग तो ऐसे भी हैं, जो मॉर्निंग वॉक भी छोड़ रहे हैं, जिससे उनकी सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है। अगर आप भी प्रदूषण की वजह से अपना वर्कआउट छोड़ बैठे हैं, तो ऐसी गलती बिल्कुल न करें, हम आपको कुछ ऐसे इनडोर वर्कआउट बताने जा रहे हैं, जिन्हें आप बिना बाहर गए भी कर सकते हैं-



### डांस करें

पॉल्यूशन में घर से बाहर निकलना खतरे से खाली नहीं तो आप इनडोर वर्कआट्स जैसे योगा और जुंबा ट्राई कर सकते हैं। जुंबा के अलावा आप कोई भी डांस कर सकती हैं। इससे आप फ्रेश और एनर्जेटिक महसूस करेंगी।

### योग और सूर्यनमस्कार

अगर आपको योग नहीं आता, तो बेसिक योगासन जैसे सूर्य नमस्कार से शुरुआत कर सकते हैं। सूर्य नमस्कार से बॉडी की मसल्स स्ट्रेच होती हैं और आप पूरे दिन फ्रेश फील करेंगे। आप इंटरनेट पर ये आसन देख सकते हैं।

### प्राणायाम करें

इसके अलावा प्राणायाम करना भी अच्छा ऑप्शन है। इसमें डीप ब्रीदिंग करनी होती है, जो कि आपके रिस्पिरेटरी सिस्टम को दुरुस्त रखता है।

### ऐक्रोयोगा

घर के अंदर आप ऐक्रोयोगा भी ट्राई कर सकते हैं। यह ऐक्रोबेटिक्स और योग का मिलाजुला रूप है। मसल स्ट्रेंथ के लिए आप अपना बॉडी वेट, किताबें वगैरह यूज कर सकते हैं।

### वॉल पुशअप्स

वॉल पुशअप्स, स्क्वैट्स, क्रंचेज वगैरह कुछ ऐसी एक्सर्साइज हैं, जो 15-20 मिनट में हो जाती हैं।

## इन 5 चीजों से तेजी से कर सकते हैं अपना वजन कम



### रोजमेरी

ज्यादातर लोगों को लगता है कि रोजमेरी सिर्फ ब्यूटी फेस पैक में ही इस्तेमाल होता है, लेकिन आपको बता दें कि खाने में रोजमेरी के नियमित इस्तेमाल से आपके पेट पर चर्बी नहीं आती।

### अजवाइन

आपने सुना होगा कि पेट खराब होने पर अजवाइन का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन बहुत से लोग नहीं जानते कि खाने में अजवाइन डालने से न सिर्फ खाना आसानी से पच जाता है, बल्कि इससे फैट भी जमा नहीं होता।

### ओर्गेनो

आपने पिज्जा और सैंडविच में ओर्गेनो का स्वाद चखा होगा। ओर्गेनो के इस्तेमाल से किसी भी डिश का जायका बढ़ जाता है, वहीं ओर्गेनो सिर्फ स्वाद बढ़ाने के लिए ही नहीं, बल्कि इसमें वजन कम करने के फैक्टर भी होते हैं।

### पुदीना

पुदीना की चटनी और शिंकजी में इसका इस्तेमाल बहुत ही अच्छा माना जाता है। पुदीना खाने को पचाने में भी बहुत असरदायक है। आप अगर पेट पर चर्बी जमा नहीं होने देना चाहते, तो पुदीने का इस्तेमाल आज ही शुरू कर दें।

### नीबू

आप अगर वजन कम करना चाहते हैं, तो नीबू पानी का इस्तेमाल आज से ही शुरू कर दीजिए। रोजाना सुबह पानी में नीबू डालकर पीने से आप न सिर्फ मोटापे को कम कर सकते हैं, बल्कि इससे आपकी पेट की कई बीमारियां भी दूर हो जाएगी।

## रेसिपी



### वेजिटेबल फिंगर्स

**सामग्री**

- **आलू:** 3 (उबले और मैश किए हुए)
- **गाजर:** 1/2 कप (बारीक कटे हुए)
- **मेथी:** 1/4 कप
- **बीन्स:** 3-4 कप (बारीक कटा)
- **नमक:** स्वाद के अनुसार
- **काली मिर्च:** स्वाद के अनुसार
- **ब्रेड क्रम्स:** 1 कप
- **तेल:** तलने के लिए

**विधि**

सभी सामग्री को एक साथ बाउल में मिक्स कर लें और उन्हें फिंगर्स का शेप दें। अब कढ़ाही में तेल डालें और सुनहरा होने तक तल लें। तैयार है वेजिटेबल फिंगर्स।



### तवा पुलाव

**सामग्री**

- **चावल:** 1/2 कप
- **तेल या मक्खन:** 1 चम्मच
- **जीरा:** 1/2 चम्मच
- **प्याज बारीक काटा:** 1/4 कप
- **अदरक-लहसुन पेस्ट:** 1 चम्मच
- **टमाटर:** 1/3 कप बारीक कटे
- **पावभाजी मसाला:** 1 बड़ा चम्मच
- **लाल मिर्च पाउडर:** 1/2 चम्मच
- **शिमला मिर्च:** 1/4 कप बारीक कटी
- सीजनल सब्जियां आलू
- गाजर, बींस, मटर- 3/4 कप
- **हरी धनिया:** बारीक कटी
- **नमक:** स्वाद के अनुसार

**विधि**

चावल को धोकर अच्छे से पका लें। सारी सब्जियों को काटकर हल्का उबाल लें। अब एक पैन में तेल गर्म करें। उसमें जीरा डालकर तड़काएं। अब इसमें प्याज डालें और उसे सुनहरा भूरा करें। इसके बाद इसमें अदरक-लहसुन पेस्ट डालकर भूनेंगे। फिर टमाटर और नमक डालकर नरम होने तक पकाएं। अब इसमें सभी उबली हुई सब्जियों को डाल दें। ऊपर से पावभाजी मसाला डालें और पानी डालकर थोड़ी देर और पकाएं। पानी की मात्रा बहुत ज्यादा न हो। अब इसमे चावल डालेंगे और ऊपर से बारीक कटी हरी धनिया डालकर सर्व करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा)
परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-1-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-2-4-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-5-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। शुभांक-2-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-5-6

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-4-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-3-5-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-8

## काकुरो पहेली - 2643



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो - 2642 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक व्यक्ति ने कहा, 'आज इंसानियत है कहाँ?'
दूसरा व्यक्ति झट से बोला, 'क्यों आपके घर में 'शब्दकोश' नहीं हैं.

आप चार बार तलाक देने के बाद पाँचवीं बार विवाह करने क्यों जा रहे हैं? पहले व्यक्ति ने पूछा.
'क्यों, क्या पाँचों अंगुलियाँ बराबर होती हैं?' दूसरे व्यक्ति ने कहा.

पत्नी- 'आप नींद में बहुत बोलते हैं.'
पति- 'तो क्या तुम चाहती हो कि मैं नींद में भी तुम्हारी ही सुनता रहूँ.'

रमेश बहुत शर्मीला था.
एक दिन पार्टी में उसने अपनी प्रेमिका को फूलों का एक गुलदस्ता भेंट किया. प्रेमिका एकदम से भाव-विभोर होते हुए उससे लिपट गई और उसने उसका चुम्बन ले लिया.
रमेश झेंपकर हॉल से बाहर जाने लगा. इस पर उसकी प्रेमिका ने डरते हुए पूछा- ''नाखुश हो गए ?''
''नहीं.''
रमेश जल्दी से बोला- ''नाखुश होने की कोई बात नहीं है. मैं और फूल लेने जा रहा हूं.''

## फिल्म वर्ग पहेली- 2643



**बायें से दायें:-**

१. 'दिल से तुझको बेदिली' गीत वाली दिलीपकुमार, मीना की फिल्म-३
३. राजेश खन्ना, डिम्पल की 'जब दर्द नहीं था सीने' गीत वाली फिल्म-४
६. संजय दत्त, नम्रता की फिल्म-३
७. संजीव, सुचित्रा की 'तेरे बिना जिंदगी से कोई' गीत वाली फिल्म-२
८. 'आया है मुझे फिर' गीत वाली धर्मेन्द्र, शर्मिला की फिल्म-३
१०. 'हुन हुना रे हुन' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'हंसाती है रूलाती' गीत वाली तुषार, ग्रेसी, अमृता की फिल्म-२
१३. संजीवकुमार, राखी की 'तेरे आँखों के दो' गीत वाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'निकाह' में दीपक और राज बब्बर के साथ नायिका कौन थी-३
१६. अनिल, पूनम की 'मिली तेरे प्यार की' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'दिल क्यों धड़कता है' गीत वाली राहुल राय, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२१. तुषार कपूर, अंतरा की फिल्म-३
२३. 'आपका खत मिला' गीत वाली जीतेंन्द्र, रामेश्वरी की फिल्म-३
२४. अभिषेक, अंतरा की 'आवारा मन में' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'ये दुनिया वाले' गीत वाली देव आनंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२६. 'सुन जरा सोनिये सुन' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनी, सुष्मिता पटेल की फिल्म-२
२८. सुनील शेट्टी, सोमी की 'दिल मेरा यहाँ' गीत वाली फिल्म-२
३०. मनोजवाजपेई, उर्मिला की फिल्म-२
३२. देवानंद, नूतन की 'हम तो जानी प्यार करेगा' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'जाने क्या पिलाय' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. जीतेंद्र, जीनत की 'मेरी उमर का एक लड़का' गीत वाली फिल्म-२,२
२. अमिताभ, शशि, परवीन, नीतू की फिल्म-३
३. 'चलो बुलावा आया' गीत वाली फिल्म-४
४. 'कोई मिल गया' में ऋतिक का नाम था-३
५. 'चल चमेली बाग में' गीत वाली फिल्म-२
७. 'भोर भये पंछी धुन' गीत वाली राजेश खन्ना, रेखा की फिल्म-३
९. सचिन, सुचेता की 'झुमका कजरा बिंदिया गजरा' गीत वाली फिल्म-४
११. ऋषि, चंकी, नीलम की फिल्म-३
१३. राजकपूर डबल रोल, नर्गिस की फिल्म-२
१४. 'जिंदगी ये पल, ये पल जिंदगी' गीत वाली सुष्मिता, सुशांत की फिल्म-३
१५. धर्मेन्द्र वाली 'जब याद किसी की आती है' की नायिका कौन थी?-२
१७. 'ना ये जमीं थी ना आसमां था' गीत वाली विश्वजीत, राजश्री की फिल्म-३
१८. देव आनंद, हेमा की 'इलाहाबाद में पैदा हुई' गीत वाली फिल्म-४
१९. दिलीप कुमार, अनिल कपूर, रति की फिल्म-३
२०. प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-४
२२. 'बाजूबंद खुल खुल जाये' गीत वाली फिल्म-४
२८. अब्बास, शर्बाणी की 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं तो प्यार' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'याईला रे लड़की' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'कोरे कागज पे लिखवाले' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 2642

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बै | र | ग | | स | ड़ | क | | आ | |
| जू | | ज | ल्ला | द | | स | सु | र | ल |
| बा | द | ल | | मा | लि | क | | ध | |
| व | | | बा | | बा | | बे | ना | म |
| र | जा | बा | बू | | स | रि | ता | | हा |
| | ल | व | | बे | | | ब | से | र |
| इ | | चीं | | खु | द्दा | र | | | जा |
| क | र्ज | | शा | दी | | ख | ली | फा | |
| बा | | गै | र | | दा | वा | | | द |
| ल | ज्जा | | दा | ग | | ला | वा | रि | स |

## सुडोकु

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## शब्द पहेली - 2643



**बाएँ से दाएँ**

1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**

1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

### शब्द पहेली - 2642 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | म | हा | भा | र | त | | प | र | वा | ना |
| त | न | | स्क | | मा | हि | र | | र | ग |
| न | | त | र | क | श | | ख | र | | वा |
| ब | न्ध | क | | | बी | वी | | न | ज | र |
| द | | दी | | दा | न | | फां | | ल | |
| न | ज | र | बं | द | | न | सी | ब | वा | ला |
| | रु | | दी | | म | न | | च | | प |
| श | री | र | | जं | हा | | | प | गा | र |
| रा | | न | म | | सा | ग | वा | न | | वा |
| फ | ल | | स | ज | ग | | च | | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | | र | द्द | क | र | ना | |

## आचार्य शांतिसागर महाराज का जीवन संयम, सरलता और करुणा का प्रतीकः उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**श्रवणबेलगोला (कर्नाटक)।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि आचार्य शांतिसागर महाराज जी का जीवन जैन धर्म के मूल सिद्धांतों अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांतवाद का सजीव उदाहरण है। भौतिकवाद और अस्थिरता के इस युग में उनका संदेश हमें यह सिखाता है कि सच्ची स्वतंत्रता भोग में नहीं, बल्कि संयम में है। संपत्ति में नहीं, बल्कि आत्मशांति में है। शांतिसागर महाराज की प्रतिमा सरलता, पवित्रता और करुणा का प्रतीक बनेगी और श्रद्धालुओं को धर्म, सहिष्णुता तथा शांति के मार्ग पर प्रेरित करेगी। कर्नाटक के श्रवणबेलगोला में उपराष्ट्रपति ने परंपूज्य आचार्य श्री 108 शांतिसागर महाराज जी के दर्शन एवं पुण्य स्मृति शताब्दी समारोह में भाग लिया और उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। यह आयोजन वर्ष 1925 में महामस्तकाभिषेक अवसर पर आचार्य श्री के श्रवणबेलगोला आगमन की शताब्दी के उपलक्ष्य में किया गया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह समारोह केवल एक संत के स्मरण तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए आध्यात्मिक ज्योति के पुनः प्रज्ज्वलन का प्रतीक है। उन्होंने श्रवणबेलगोला की दो हजार वर्ष पुरानी जैन विरासत का उल्लेख करते हुए भगवान बाहुबली की 57 फुट ऊंची एकाश्म मूर्ति को भक्ति और शिल्पकला की अनुपम मिसाल बताया। उन्होंने सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य के इसी स्थल पर आचार्य भद्रबाहु के मार्गदर्शन में राजसत्ता का त्याग करने की घटना को स्मरण करते हुए कहा कि यह त्याग सांसारिक सफलता से आध्यात्मिक उत्थान की यात्रा का प्रतीक है।

## आंध्र प्रदेश के मंत्री नारा लोकेश ने बिहार में एनडीए के लिए मांगा जनसमर्थन

**अमरावती/ पटना।** आंध्र प्रदेश के मंत्री और चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश ने आज बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन के लिए समर्थन मांगा। पटना में लोकेश ने पत्रकार वार्ता कर एनडीए की उपलब्धियों और भविष्य की नीतियों के बारे में बताया। पत्रकार वार्ता में मंत्री लोकेश ने कहा कि 'डबल इंजन सरकार के कारण बिहार में विकास कार्य तेज़ी से हो रहे हैं। नीतीश सरकार से पहले बिहार में जंगलराज था। वर्तमान में विकास कार्य तेज़ी से हो रहे हैं। मैंने पटना में उद्योगपतियों से भी बात की है। उन्होंने यहां के विकास कार्यों और सरकारी नीतियों पर प्रसन्नता व्यक्त की। लोकेश ने कहा कि केंद्रीय बजट में बिहार को सबसे ज़्यादा धनराशि आवंटित की गई। बिहार के बाद, आंध्र प्रदेश को बजट में ज़्यादा धनराशि दी गई। इसका कारण यह है कि दोनों राज्यों में एनडीए गठबंधन सत्ता में है। उद्योगों के साथ-साथ शिक्षा, नौकरी और रोज़गार के अवसर बढ़े हैं। नारा लोकेश ने कहा कि जब विकास कार्य चल रहे हों, तब सरकार बदलना उचित नहीं है। लोकेश ने कहा, अगर सरकार बदलती है, तो नुकसान होगा। पहले एक पार्टी एक मौके के नाम पर आंध्र प्रदेश में सत्ता में आई थी। उसके बाद सभी उद्योग भाग गए। आंध्र प्रदेश में जो हुआ, उसे ध्यान में रखते हुए बिहार को जागृत और विशेष कर युवाओं को जागना चाहिए। विकासशील भारत के लिए बिहार का विकास ज़रूरी है। यहां के युवाओं और मतदाताओं को एक बार फिर एनडीए को जिताना चाहिए।

## नेहा शर्मा रोड के शो में उमड़ी भीड़, अपने पिता अजीत शर्मा के लिए मांगा समर्थन

**भागलपुर।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण को लेकर प्रचार अपने चरम पर है। अंतिम दिन भागलपुर में बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा शर्मा ने अपने पिता और कांग्रेस प्रत्याशी अजीत शर्मा के समर्थन में रोड शो किया। चुनावी माहौल में नेहा की मौजूदगी ने भागलपुर का सियासी तापमान और बढ़ा दिया है। यह रोड शो दोपहर 2 बजे के बाद बूढ़ानाथ से शुरू हुआ और शहर के प्रमुख इलाकों से गुजरते हुए स्टेशन तक पहुंचा। तय मार्ग के अनुसार नेहा शर्मा का काफिला नया बाजार, सराय, साहेबगंज, नरगा चौक, चंपा नगर विषहरी स्थान चौक, चंपा नगर, मेदनी नगर चौक, नाथनगर, परबत्ती और तातारपुर चौक होते हुए आगे बढ़ा। रोड शो के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भारी भीड़ देखी गई। माना जा रहा है कि नेहा शर्मा की लोकप्रियता और ग्लैमर फैक्टर से अजीत शर्मा के अभियान को नई ऊर्जा मिलने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि पिछले विधानसभा चुनाव में भी नेहा ने भागलपुर में रोड शो कर पिता के लिए वोट मांगे थे, जिसका उन्हें लाभ मिला था। हालांकि, इस बार अजीत शर्मा भागलपुर सीट से लगातार तीसरी बार मैदान में हैं और उनका सीधा मुकाबला भाजपा प्रत्याशी रोहित पांडेय से है। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन नेहा शर्मा की मौजूदगी से कांग्रेस खेमे में जोश का माहौल है।

## गंगा-नारायणी गंडक के संगम पर लगने वाला विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र मेला, आस्था-संस्कृति, परंपरा और आधुनिकता का संगम

**पटना।** बिहार के सारण जिले में गंगा और नारायणी गंडक के पावन संगम पर स्थित हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला सदियों से आस्था, संस्कृति, परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता आ रहा है। यह मेला न केवल बिहार बल्कि पूरे भारतवर्ष और पड़ोसी देशों के लिए भी आस्था, व्यापार, पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का केंद्र रहा है। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाला यह मेला भारतीय लोकजीवन की गहराई और विविधता को सजीव रूप में प्रदर्शित करता है। सोनपुर मेले का इतिहास पौराणिक काल तक जाता है। लोकमान्यता है कि इसी पवित्र भूमि पर भगवान विष्णु ने हरि और हर (शिव) का रूप धारण कर गज (हाथी) और ग्राह (मगर) की लड़ाई के दौरान गज की रक्षा की थी। इसीलिए इस क्षेत्र को हरिहर क्षेत्र कहा जाता है। हरिहरनाथ मंदिर, जो मेले का केंद्र बिंदु है, आस्था और भक्ति का प्रतीक है। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लाखों श्रद्धालु गंगा-गंडक संगम में स्नान कर हरिहरनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करते हैं।

# राष्ट्रीय शहरी सम्मेलन में केंद्र सरकार ने शहरी विकास से जुड़ी कई नई पहलें शुरू कीं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शहरी विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से 'राष्ट्रीय शहरी सम्मेलन 2025' के समापन सत्र में कई नई पहलें शुरू कीं। इस मौके पर केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू ने 'आईआईआरएस संकलन' मोबाइल ऐप लॉन्च किया।

राष्ट्रीय शहरी मामलों के संस्थान में 'आवास और निवास पर सार्वजनिक नीति केंद्र' की स्थापना की घोषणा की और उत्तर प्रदेश सरकार, उस्मानिया विश्वविद्यालय, आईआईपीए तथा एआईआईएलएसजी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कराए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के तहत पहाड़ी और हिमालयी शहरों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 1,000 करोड़ रुपये का विशेष



फंड बनाने की भी घोषणा की। केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय के अनुसार, नई दिल्ली में आयोजित इस दो दिवसीय सम्मेलन में 'विकसित भारत 2047' के विज़न को आगे बढ़ाने के लिए समावेशी, सक्षम और सुशासित शहरों के निर्माण की दिशा तय की गई। मंत्रालय के सचिव श्रीनिवास कटिकिथाला ने कहा कि प्रधानमंत्री के 50 वैश्विक शहर विकसित करने के लक्ष्य को एक संरचित चैलेंज फ्रेमवर्क के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा।

भारत अप्रैल 2026 में ब्रिक्स अर्बन फोरम और अर्बन टेक एक्सपो की मेजबानी करेगा। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष प्रो. एस. महेन्द्र देव ने कहा कि शहरीकरण को देश की आर्थिक प्रगति और समावेशी विकास की रणनीति के रूप में देखा जाना चाहिए। तोखन साहू ने कहा कि अब देश गरीबी उन्मूलन के मॉडल से आगे बढ़कर सशक्तिकरण और उद्यमिता के रास्ते पर है। केंद्र, राज्य, शहरी निकायों और निजी क्षेत्र के संयुक्त प्रयासों से ही विकसित भारत का लक्ष्य साकार होगा।

## गुवाहाटी के आसमान में भारतीय वायु सेना का रोमांचक हवाई प्रदर्शन

एजेंसी

**गुवाहाटी।** भारतीय वायु सेना ने अपनी 93वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नद के ऊपर एक शानदार हवाई प्रदर्शन किया। इस भव्य समारोह के मुख्य अतिथि असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य थे। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, पूर्वी वायु कमान के एओसी-इन-सी एयर मार्शल सुरत सिंह तथा वायु सेना और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

इस वर्ष के उत्सव का विषय रहा 'अचूक, अभेद्य व सटीक,' जिसे हवाई प्रदर्शन के माध्यम से शानदार ढंग से प्रस्तुत किया गया। लाचित घाट के ऊपर उड़ान भरते विभिन्न फाइटर, ट्रांसपोर्ट विमानों और हेलीकॉप्टरों ने गुवाहाटी के आसमान को देशभक्ति के रंगों से भर दिया। कार्यक्रम में तेजस, लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर 'प्रचंड', सी-295 और हॉक जैसे आधुनिक विमानों ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया।

हार्वर्ड, सुखोई-30 और राफेल विमानों की अद्भुत एरोबेटिक कलाबाज़ियों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम का समापन सूर्यकिरण एरोबेटिक्स टीम और सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम के समन्वित हवाई प्रदर्शन के साथ हुआ, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह प्रदर्शन उत्तर-पूर्व के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बना, जिन्होंने वायु सेना के साहस, अनुशासन और समर्पण का प्रत्यक्ष अनुभव किया। नीली वर्दीधारी वीरों के सटीक समन्वय ने देशभक्ति की भावना को और प्रगाढ़ किया तथा युवाओं को भारतीय वायु सेना में करियर बनाने की प्रेरणा दी।

## कोयम्बटूर में संस्कृतभारती का अखिल भारतीय अधिवेशन सम्पन्न, भारतीय ज्ञान परंपरा के संवर्धन का लिया संकल्प

एजेंसी

**कोयम्बटूर।** अमृता विश्वविद्यापीठम, कोयम्बटूर में आयोजित संस्कृतभारती का तीन दिवसीय अखिल भारतीय अधिवेशन अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। 07 नवम्बर से आरम्भ हुए इस अधिवेशन में देश-विदेश से आए तीन हजार से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अधिवेशन में देश के सभी राज्यों के साथ-साथ इण्डोनेशिया और दुबई से भी संस्कृतभारती के कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले जी मुख्य अतिथि रहे, जबकि महामहोपाध्याय डॉ मणि द्रविड शास्त्री विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन हुए।

इस अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न भागों से आए 20 संस्थानों ने सहभागिता की। अधिवेशन में संस्कृतभारती का नया अखिल भारतीय अध्यक्ष डॉ रमेश चंद्र पाण्डेय को चुना गया, जो पूर्व में श्री लाल बहादुर शास्त्री संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली के कुलपति रह चुके हैं। कार्यक्रम के दौरान संस्कृतभारती एवं संस्कृत संवर्धन प्रतिष्ठान, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित आठ




पुस्तकों का लोकार्पण किया गया। शाम के सत्रों में संस्कृत नाट्य और नृत्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष रूप से तमिलनाडु की सांस्कृतिक विरासत पर आधारित प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। अधिवेशन का प्रमुख उद्देश्य संस्कृत के संवर्धन, प्रचार और सामाजिक समरसता के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक युग से जोड़ना रहा। इसमें गीता अध्ययन, साप्ताहिक संस्कृत मिलन, कुटुंब बोध और सामाजिक एकता जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम में पद्मश्री सी.एम. कृष्ण शास्त्री, डॉ श्रीनिवास मूर्ति (निदेशक, आईआईटी हैदराबाद), प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी (कुलपति, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय), तथा डॉ गांती एस. मूर्ति (निदेशक, भारतीय ज्ञान प्रणाली प्रभाग, भारत सरकार) सहित अनेक विद्वान उपस्थित रहे। समापन समारोह में अमृता विश्वविद्यापीठम के कुलपति प्रो. वेंकटरंगन मुख्य अतिथि रहे।

## भोपाल में तीन नए आपराधिक कानूनों पर राष्ट्रीय सम्मेलन में विशेषज्ञों ने तकनीक आधारित और तेज न्याय प्रणाली पर रखे सुझाव

एजेंसी

**नई दिल्ली।** तीन नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता(बीएनएस ), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) पर भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में न्याय प्रणाली को तकनीक आधारित, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के उपायों पर विस्तृत चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने ई-साक्ष्य, ई-समन, न्याय-श्रुति और सामुदायिक सेवा जैसे डिजिटल प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन पर सुझाव दिए और कहा कि ये कानून न्याय को पीड़ित केंद्रित और सुलभ बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

यह दो दिवसीय सम्मेलन गृह मंत्रालय और राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी भोपाल की ओर से 8 और 9 नवम्बर को आयोजित किया गया। इसमें देशभर के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से न्यायपालिका, अभियोजन और पुलिस विभाग से जुड़े लगभग 120 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। गृह सचिव गोविंद मोहन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में देश एक नई, पारदर्शी और साक्ष्य आधारित न्याय व्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी



ने इन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मॉडल नियम और मानक संचालन प्रक्रियाएं तैयार की हैं, जिनमें ई-साक्ष्य (डिजिटल साक्ष्य प्रणाली), ई-समन (नोटिस की डिजिटल डिलीवरी), न्याय-श्रुति (ऑडियो वीडियो न्याय प्रणाली) और कम्युनिटी सर्विस (सामुदायिक सेवा के रूप में दंड) जैसी पहलें शामिल हैं। गृह सचिव ने कहा कि नई संहिताओं का मूल आधार तकनीक है, जिससे जांच, सुनवाई और न्याय प्रक्रिया में तेजी आएगी। उन्होंने राज्यों से आग्रह किया कि वे पुलिस और अभियोजन कार्यों का पूरा डिजिटलीकरण सुनिश्चित करें और सुधारों की निरंतर निगरानी करें। राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के निदेशक न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस ने कहा कि यह सम्मेलन आपराधिक न्याय प्रणाली के तीनों स्तंभ पुलिस, अभियोजन और न्यायपालिका को एक मंच पर लाने का सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम नई तकनीक और कानूनी अवधारणाओं को समझने तथा लागू करने में बहुत उपयोगी हैं।

# लखनऊ में एसटीएफ ने नकली ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया, दो गिरफ्तार

एजेंसी

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने गोमतीनगर के उजरियाव गांव (विजय खंड-1) में एक मकान पर छापेमारी की। इस छापेमारी की बदौलत एसटीएफ ने जहरीले नकली ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन बनाने और तस्करी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया। एसटीएफ ने सरगना समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि मकान मालिक फरार है। बरामद माल की कीमत करीब 1 करोड़ रुपए आंकी गई है।एसटीएफ के डिप्टी एसपी दीपक सिंह ने बताया कि महीनों से इस मकान में चीन से मंगवाए गए पाउडर को फिनायल, यूरिया, नमक, विनेगर और रंग मिलाकर जहरीले ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन तैयार किए जा रहे थे। ये इंजेक्शन लखनऊ, आसपास के जनपदों के अलावा बिहार, दिल्ली और कई अन्य राज्यों में सप्लाई किए जा रहे थे। गिरफ्तार आरोपी बागपत जिले के बड़ौत क्षेत्र के मलकपुर गांव निवासी कयूम अली (बसंतकुंज ꠂꠂꠂ आवास में रहता था) और मदेयगंज कदम रसूल वार्ड निवासी मोहम्मद इब्राहिम हैं। मकान मालिक गौसुल हसन की तलाश जारी है।

डिप्टी एसपी दीपक सिंह ने खुलासा किया कि कयूम चीन से कुरियर के जरिए इंजेक्शन बनाने का पाउडर मंगवाता था, जो पहले गाजियाबाद के लोनी कटरा पहुंचता था। वहां से गैंग के सदस्य इसे लखनऊ लाते थे। तैयार इंजेक्शन डेयरी मालिकों, सब्जी विक्रेताओं और किसानों तक एजेंटों के माध्यम से पहुंचाए जाते थे। ये इंजेक्शन गाय-भैंस को दूध बढ़ाने के लिए, सब्जियों की चमक बढ़ाने और फसल में तेजी लाने के लिए इस्तेमाल होते थे।

उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे जहरीले इंजेक्शन से निकला दूध पीने और इंजेक्शन लगी सब्जियां खाने से लोगों में कैंसर, हार्मोन असंतुलन, प्रजनन क्षमता में कमी और अन्य गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। बच्चों और गर्भवती महिलाओं पर इसका असर और खतरनाक है।

एसटीएफ को सूचना मिली कि उजरियाव गांव में अवैध इंजेक्शन फैक्ट्री चल रही है। दरोगा हरीश चौहान की टीम ने मकान को ट्रेस किया और रविवार दोपहर छापा मारा। मौके से दोनों आरोपी गिरफ्तार किए गए। बरामद किए गए सामान में, 1018 शीशियां (180 एमएल) तैयार ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन,

70 लीटर ऑक्सीटोसिन (5 लीटर के 14 गैलन), 55 लीटर फिनायल, 27 लीटर विनेगर, 16,500 खाली शीशियां (180 एमएल), 9 कैप सीलर मशीन, 3000 नीले और 3000 लाल एल्यूमिनियम कैप, 2500 रबर कैप, 19 किग्रा नमक, 1 फोन पे स्कैनर, 3 मोबाइल फोन और 790 रुपए नकद बरामद किए।

सभी बरामद नमूने लैब परीक्षण के लिए भेजे गए हैं। पूछताछ में कयूम ने कबूल किया कि वह लंबे समय से इस धंधे में लगा है और मुनाफा लाखों में होता था। एसटीएफ अब गिरोह के अन्य सदस्यों, सप्लायर्स और खरीदारों की तलाश कर रही है।

## आईएफएफआई में होगा भारत और दुनिया भर के सात नए निर्देशकों की शानदार पहली फिल्मों का प्रदर्शन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के 56वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) 2025 में 'सर्वश्रेष्ठ पहली फिल्म निर्देशक पुरस्कार' श्रेणी के तहत भारत और विश्वभर के सात नए निर्देशकों की पहली फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। इस श्रेणी का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में उभरती प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है। विजेता को सिल्वर पीकॉक ट्रॉफी, 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अनुसार, इस साल की ज्यूरी का नेतृत्व प्रसिद्ध भारतीय फिल्म निर्देशक राकेश ओमप्रकाश मेहरा करेंगे। ज्यूरी में ऑस्ट्रेलिया के ग्रेम क्लिफर्ड, जर्मनी की कैथरीना शुटलर, श्रीलंका के चंद्रन रुटनम और इंग्लैंड के रेमी अडेफारसिन शामिल हैं। इस साल की प्रतियोगिता में पांच अंतरराष्ट्रीय और दो भारतीय फिल्में एस्टोनिया की 'फ्रैंक', स्पेन की 'फ्यूरी', जर्मनी की 'कार्ला', ईरान की 'माय डॉटर'स हेयर (राहा)', मैक्सिको की 'द डेविल स्मोक्स', भारत की 'शेप ऑफ मोमो' (निर्देशक त्रिबेनी राय) और मराठी फिल्म 'अता थांबायचा नाय!' (निर्देशक शिवराज वैचाल) शामिल हैं। इन फिल्मों में मानवीय संवेदनाओं, साहस, सामाजिक असमानताओं, लैंगिक न्याय, और आत्मसम्मान जैसे विषयों को नई दृष्टि से प्रस्तुत किया गया है। जूरी के अनुसार, यह श्रेणी विश्व सिनेमा की नई आवाज़ों और अगली पीढ़ी के कहानीकारों के दृष्टिकोण को सामने लाने का मंच है।

# हिंदुस्तान में दो विचारधाराओं की लड़ाई है : राहुल गांधी

एजेंसी

**पटना।** हिंदुस्तान में दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ आरएसएस, जो देश को खांचों में बांटना चाहती है। जाति? का खांचा, धर्म का खांचा, प्रदेश का खांचा, भाषा का खांचा, स्त्री-पुरुष का खांचा और दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी, हम सब, महागठबंधन जो देश को जोड़ना चाहता है, हर धर्म को, हर जाति? को एक साथ लाकर आगे ले जाना चाहता है। यह बातें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बिहार के किशनगंज में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा।

उन्होंने कहा कि मैंने 4,000 किमी भारत जोड़ो यात्रा की, उसमें एक ही मैसेज था, नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलनी है। उनकी यात्रा होती है और वो कहते हैं कि हमें नफरत फैलानी है, नफरत का बाजार खोलना है और मोहब्बत की दुकानों को बंद करना है। हम कहते हैं - हमें नफरत को मिटाना है, नफरत के बाजार को बंद करना है और मोहब्बत की दुकान खोलनी है, यही राजनीति चल रही है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी में, उनकी सोच में नफरत है। वह बांटना चाहते हैं, नफरत फैलाना चाहते हैं। दूसरी तरफ मेरे खून में मोहब्बत है, भाईचारा है और हिंदुस्तान को मैं जोड़ना चाहता हूं। यह फर्क है, यह लड़ाई है। बीजेपी, आरएसएस एक तरफ, नरेंद्र



मोदी, अमित शाह एक तरफ, कांग्रेस पार्टी दूसरी तरफ, राहुल गांधी दूसरी तरफ, खरगे जी दूसरी तरफ, तेजस्वी जी दूसरी तरफ। यही बात चल रही है। नफरत से इनको क्या मिलता है? मैं आपको बताता हूं। नफरत से इनको देश का धन मिलता है, नफरत से ये जनता के ध्यान को इधर-उधर भटका सकते हैं, नफरत से ये जनता को डरा सकते हैं और जब जनता डरती है, तो जनता सही सवाल नहीं पूछती। उन्होंने कहा कि बिहार में, हिंदुस्तान में तीन-चार राजनीतिक सवाल हैं। सबसे पहला और सबसे जरूरी राजनीतिक सवाल- इस देश के युवा को और बिहार के युवा को रोजगार क्यों नहीं मिल रहा है? दूसरा - अगर युवाओं को रोजगार देना है तो बिना शिक्षा, बिना कॉलेज, बिना यूनिवर्सिटी, बिना स्कूल ये नहीं किया जा सकता है। तो दूसरा सवाल बिहार में यूनिवर्सिटीज, कॉलेजेस सारे के सारे या बेचे जा रहे हैं या बंद हो रहे हैं और अगर बिहार के युवा को रोजगार चाहिए, तो उसे दूसरे प्रदेशों में जाकर मजदूरी करनी पड़ती है। मैं आपसे पूछना चाहता हूं - आप अलग-अलग प्रदेशों में गए हो। बिहार के लोग आपको अरुणाचल प्रदेश में मिलेंगे, दिल्ली में मिलेंगे, पंजाब में मिलेंगे, कर्नाटका में मिलेंगे, बैंगलोर में मिलेंगे, हैदराबाद में मिलेंगे, दुबई तक बिहार के लोग आपको मिलेंगे, मगर जहां भी आप जाओगे, बिहार के लोग मेहनत करते हैं, खून-पसीना देते हैं, ये बड़ी-बड़ी इमारतें बनाते हैं, सड़कें बनाते हैं, हाईवे बनाते हैं, पुल बनाते हैं, इंफ्रास्ट्रक्चर बनाते हैं।

## बीएसएफ ने किया डॉग बबीता की बुद्धिमत्ता को सलाम, मिला के-9 अवार्ड

एजेंसी

**चंडीगढ़।** भारत-पाक सीमा पर बीएसएफ के साथ कदमताल करते हुए उत्कृष्ट सेवाएं देने वाली ट्रेकर डॉग बबीता को इस वर्ष का वल्लभभाई पटेल आरआरयू नेशनल के-9 अवार्ड देकर सम्मानित किया गया है। यह सम्मान हैदराबाद में आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में असाधारण साहस और विशिष्ट सेवा के लिए दिया गया। अमृतसर सेक्टर में सीमा पर तैनात एक बटालियन के साथ सेवारत बबीता ने सितंबर, 2025 में एक बड़े ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी तीक्ष्ण प्रवृत्ति और बुद्धिमत्ता ने सैनिकों को एक संदिग्ध घर तक पहुंचाया, जिसके परिणामस्वरूप तीन भारतीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया। बीएसएफ ने बबीता के सहयोग से तस्करों के कब्जे से एक पिस्तौल, दो मैगज़ीन, 63 राउंड और 04 मोबाइल फ़ोन ज़ब्त किए।

# कंस और श्रीकृष्ण एक ही कुल के थे, लेकिन बिहार की जनता जानती है किसे चुनना हैः डॉ. मोहन यादव

एजेंसी

**पटना।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि रामराज की सच्ची ताकत अगर कहीं से आती है तो वह बिहार की भूमि से आती है। यह चुनाव धर्म और अधर्म के बीच है। कंस और श्री कृष्ण एक ही कुलवंश के थे, लेकिन बिहार की जनता जानती है किसे चुनना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार बिहार का विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है। परिवारवादी पार्टियों को अगर मौका मिला तो वह अपने परिवार के अलावा किसी का विकास नहीं होने देती हैं। बिहार का भविष्य संवारने और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एनडीए प्रत्याशियों को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बिहार के ढाका विधानसभा क्षेत्र में रोड-शो कर पूर्वी चंपारण जिले की चिरैया सहित नरकटिया एवं मोतिहारी विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सदैव राष्ट्रहित के लिए कार्य किया और भारत का मान-सम्मान वैश्विक स्तर में बढ़ाने का कार्य किया है। आप सभी लोगों का स्नेह, प्यार, आशीर्वाद और समर्थन बता रहा है कि आप बिहार में एक बार फिर एनडीए सरकार बनाने का निर्णय ले चुके हैं। यह चुनाव गुंडों को ठिकाने



लगाने और सज्जनों की शक्ति बढ़ाने के संकल्प का चुनाव है।

अब अपराधी पाकिस्तान में भी सुरक्षित नहींमुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 2004 से 2014 के बीच यूपीए की सरकार थी। उस समय पाकिस्तानी आतंकी हमारे निर्दोष नागरिकों का खून बहाते थे। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह कहते थे, क्या करें वो पाकिस्तान में भाग जाते हैं हम कुछ नहीं कर सकते। लेकिन आज हमारे सैनिक आतंकियों को देखते ही गोली चला देते हैं, उन्हें दिल्ली से पूछने की जरूरत भी नहीं पड़ती। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अपराधी पाकिस्तान में भी सुरक्षित नहीं हैं तो यहां कहां से सुरक्षित रहेंगे। एनडीए की सरकार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गरीब से गरीब आदमी के जीवन में बदलाव लाने के लिए काम कर रही है।

**बिहार के विकास के लिए प्रदेश में एनडीए की सरकार होना आवश्यक**

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और बिहार की जनता प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनके कामों के लिए जानती है। एक तरफ मोदी देश बदल रहे हैं, तो दूसरी तरफ नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में बड़े बदलाव आए हैं। कुछ दिन पहले विधानसभा चुनाव का पहला चरण संपन्न हुआ। मतदान वाले दिन कहीं कोई गोली नहीं चली, कहीं पर भी दोबारा मतदान की नौबत नहीं आई। प्रधानमंत्री मोदी ने जब से देश की बागडोर संभाली है, भारत तेजी से विकास कर रहा है। बिहार विकास की राह पर तेजी से कदम बढ़ा सके, इसके लिए जरूरी है कि दिल्ली के साथ-साथ बिहार में भी एनडीए की सरकार चलती रहे। डबल इंजन वाली सरकार के कार्यकाल में बिहार विकास के नए मापदंड स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार गरीबों, महिलाओं के साथ सभी समाज वर्ग के कल्याण और जिंदगी बेहतर बनाने के लिए कार्य कर रही है।

# ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू ने की गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से शिष्टाचार भेंट

एजेंसी

**गांधीनगर।** ओडिशा के राज्यपाल डॉ. हरि बाबू कंभमपति ने गांधीनगर में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से शिष्टाचार भेंट की। ओडिशा के राज्यपाल 8 नवंबर शनिवार को भारत पर्व में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री पटेल ने डॉ. कंभमपति को स्मृति चिह्न अर्पित कर सम्मानित किया। एक भारत, श्रेष्ठ भारत अंतर्गत इस भारत पर्व में जिन राज्यों की कलाकृतियों का प्रदर्शन और प्रस्तुति होते हैं, उन राज्यों के महानुभाव विशेष रूप से उपस्थित रहकर कलाकारों को प्रोत्साहित करते हैं। इसी क्रम में शनिवार को भारत पर्व में ओडिशा के कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर ओडिशा के राज्यपाल डॉ. हरि बाबू कंभमपति अतिथि विशेष के रूप में उपस्थित रहे। सरदार पटेल की 150वीं जयंती का उत्सव 15 नवंबर तक नर्मदा जिले के एकता नगर में भारत पर्व तथा एकता पर्व के साथ मनाया जा रहा



है। उन्होंने एकता नगर में एकता प्रकाश पर्व की रोशनी, विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, सरदार सरोवर रिवर बेड पावर हाउस, बटरफ्लाई पार्क, फूड कोर्ट, हस्तकला हाट, थीम पैवेलियन आदि भी देखे। उन्होंने गांधीनगर में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के साथ शिष्टाचार भेंट के दौरान एकता नगर को एक संपूर्ण विश्व पर्यटन धाम के रूप में विकसित करने की राज्य सरकार की सफलता की सराहना की।

ओडिशा के राज्यपाल ने भावना व्यक्त की कि वे भारत पर्व में सहभागी होने आए कलाकारों, हस्तकला कारीगरों सहित पर्यटकों के लिए की गई सुंदर व्यवस्थाओं से प्रभावित हुए। उन्होंने राज्य सरकार को इसके लिए अभिनंदन दिया। राज्य सूचना विभाग ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से देशभर में मनाई जा रही सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में इस वर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह के साथ आयोजित होने वाला भारत पर्व गुजरात में हो रहा है। इस भारत पर्व में प्रतिदिन रात्रि में देश के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक प्रस्तुति कर 'अनेकता में एकता ही हमारी विशेषता' का ध्येय साकार किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की अपर प्रधान सचिव अवंतिका सिंह ने डॉ. कंभमपति का स्वागत कर अभिवादन किया।

# 'हम अभी उस स्थिति में नहीं हैं' : आगामी टी20 विश्व कप पर गौतम गंभीर का बड़ा बयान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने स्वीकार किया कि उनकी टीम अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों के मामले में अभी उस स्थिति में नहीं है जहां वह पहुंचना चाहती है लेकिन उन्होंने इसके साथ ही कहा कि इस मुकाम पर पहुंचने के लिए टीम के पास अभी पर्याप्त समय है।

गंभीर ने 'बीसीसीआई डॉट टीवी' से बातचीत में फिटनेस के महत्व पर भी जोर देते हुए कहा कि खिलाड़ियों को अपनी फिटनेस को अगले स्तर पर ले जाने की ज़रूरत है क्योंकि खिताब बचाने की तैयारी भारत घरेलू मैदान पर कर रहा है। उन्होंने कहा, 'यह एक ऐसा ड्रेसिंग रूम है जहां बहुत अधिक पारदर्शिता और ईमानदारी है। हम चाहते हैं कि यह ड्रेसिंग रूम आगे भी ऐसा ही बना रहे।'

उन्होंने कहा, 'फिटनेस के नजरिए से मुझे लगता है कि टी20 विश्व कप से पहले हम अभी उस मुकाम पर नहीं पहुंचे हैं जहां पहुंचना चाहते हैं। यही बात हमने खिलाड़ियों से भी की है। हम पूरी तरह से चुस्त-दुरुस्त रहना चाहते हैं। हम फिट रहना चाहते हैं। हम तेजी से आगे बढ़ना चाहते हैं। भारतीय कोच ने कहा, 'हम जितने ज्यादा फिट होंगे, मानसिक रूप से उतने ही मजबूत होंगे। क्योंकि दबाव वाले मैच और दबाव वाली स्थिति में आप जितने ज्यादा शारीरिक रूप से मजबूत होंगे, मानसिक रूप से भी उतने ही मजबूत होंगे। हमारे पास अभी भी तीन महीने हैं।'

टी20 विश्व कप अगले साल फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। भारत इस प्रतियोगिता का मौजूदा चैंपियन है। गंभीर ने हाल ही में भारत के एशिया कप के विजयी अभियान के दौरान पावरप्ले में जसप्रीत बुमराह से तीन ओवर कराने के पीछे के तर्क पर भी बात की। उन्होंने कहा, 'बहुत से लोग इस टी20 टीम को एक बेहद आक्रामक बल्लेबाजी क्रम के रूप में देखते हैं। मेरे हिसाब से, पहले छह ओवरों में जसप्रीत बुमराह से तीन ओवर गेंदबाजी कराना और भी आक्रामक विकल्प था। हम ऐसी टीम नहीं बनना चाहते जिसकी पहचान सिर्फ आक्रामक बल्लेबाजी क्रम हो। हम एक ऐसी टीम बनना चाहते हैं जो कुल मिलाकर एक आक्रामक टीम के रूप में जानी जाए।'

उन्होंने कहा, 'हम इस विकल्प को आजमा कर परखना चाहते थे कि इससे हमें भविष्य में क्या परिणाम मिल सकते हैं। मुझे लगता है कि एशिया कप में यह हमारे लिए वाकई अच्छा रहा है क्योंकि पावरप्ले में शुरुआती तीन ओवर में उनकी शानदार गेंदबाजी से हम मैच में दबदबा बनाने में कामयाब रहे।' गंभीर ने कहा, 'हमारे पास वरुण (चक्रवर्ती) और कुलदीप (यादव) के रूप में बीच के ओवरों में विकेट लेने वाले दो अच्छे विकल्प है। मुझे लगता है कि यह एक बहुत ही आक्रामक कदम था।'

गंभीर के कोच बनने के बाद से भारत आठवें नंबर तक बल्लेबाजी करना पसंद करता रहा है। मुख्य कोच ने कहा कि यह भी जरूरी है कि टीम के पास सात से आठ गेंदबाजी विकल्प हों और यह तभी संभव है जब शिवम दुबे, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर जैसे ऑलराउंडरों को एकादश में शामिल किया जाए।

उन्होंने कहा, 'टीम में जितने ज्यादा हरफनमौला होंगे, उतना ही अच्छा होगा। यह एक ऐसी चीज है जो महत्वपूर्ण है। कम विकल्पों की तुलना में अधिक विकल्प होना हमेशा बेहतर होता है। इसलिए पहले भी कई बार हमने छह गेंदबाजी विकल्पों के बारे में सोचा है और इस टी20 टीम में हमारे पास सात या आठ गेंदबाजी विकल्प हैं, जो हमेशा महत्वपूर्ण होता है।'




गंभीर ने कहा, 'पिछले कई वर्षों से हम इस बारे में बात करते रहे हैं कि हमारे पास ऐसे खिलाड़ी कैसे हो सकते हैं जो हमें कुछ ओवर गेंदबाजी कर सकें। वह चाहे टी20 मैच हो या 50 ओवर का मैच। अब हम ऐसे खिलाड़ी तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं जो जरूरत पड़ने पर गेंदबाजी और मध्यक्रम या मैच के अलग-अलग चरणों में बल्लेबाजी भी कर सकें। ऐसे में मुझे लगता है कि इस तरह के विकल्प होना हमेशा अच्छा होता है।''

गंभीर ने इसके साथ ही खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का अच्छी तरह से अहसास कराने और उन्हें समझने के लिए उनके सामने मुश्किल चुनौतियों को रखने की बात भी दोहराई। उन्होंने कहा, 'हम खिलाड़ियों के सामने जितना संभव हो सके उतनी कड़ी चुनौती रखते हैं। हमने शुभमन (गिल) के साथ भी यही किया था, जब उन्हें टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया था।' गिल ने कप्तान के रूप में इंग्लैंड के खिलाफ अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला में शानदार बल्लेबाजी की। उनकी अगुवाई में भारतीय टीम ने श्रृंखला 2-2 से बराबर की। इस श्रृंखला के सभी मैच रोमांचक रहे और प्रत्येक मैच पांचवें दिन तक खिंचा था।

# धोनी ने प्रशंसक की मोटरसाइकिल के टैंक पर दिया ऑटोग्राफ, प्रशंसक बोला अब मेरी गाड़ी करोड़ों की हुई





**रांची (एजेंसी)।** भारतीय भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को संन्यास लिए काफी समय हो गया है पर अभी भी वह प्रशंसकों के दिलों में छाये हुए हैं। हाल ही में एक प्रशंसक की रॉयल एनफील्ड इंटरसेप्टर 650 पर धोनी ने ऑटोग्राफ दे दिया। इससे उत्साहित ये प्रशंसक बोला की अब मेरी तीन लाख की बाइक तीन करोड़ की हो गयी है।

वीडियो में धोनी इस प्रशंसक की लाल रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल की प्रशंसा करते हैं। इसके बाद वह पेट्रोल टैंक पर अपने ऑटोग्राफ देते हैं। वहीं जाने से पहले उन्होंने प्रशंसक से कहा, 'चला के रिपोर्ट देना।'

प्रशंसक की मोटरसाइकिल पर धोनी के ऑटोग्राफ वाला वीडियो तत्काल ही हिट हो गया। इसे कई हजारों बार देखा गया। धोनी ने भी इस क्लिप पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, 'राइड विद माही?'

धोनी के हस्ताक्षर की कीमत के बारे में बात करते हुए, एक व्यक्ति ने कहा, 'बाइक की कीमत 3 लाख से बढ़कर 30 करोड़ पहुंच गयी है।' धोनी खेल के साथ ही कारों और विशेषकर बाइक्स के खासे शौकीन है। उन्हें आम तौर पर कूल और विंटेज वाहनों की सवारी करते देखा गया है। उनके रांची स्थित घर का गैराज एक से बढ़कर एक वाहनो से भरा पड़ा है।

धोनी अपने करियर के शुरुआती दिनों से ही बाइक्स का कलेक्शन करते रहे हैं। उनके फार्महाउस में एक गैराज आइकॉनिक बाइक्स से भरा पड़ा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, 2011 विश्व कप विजेता टीम कप्तान के सुपरबाइक्स के कलेक्शन में कावासाकी निंजा एच2, कॉन्फेडरेट एक्स132 हेलकैट, कावासाकी निंजा जेडएक्स-14आर, हार्ले डेविडसन फैटबॉय, डुकाटी 1098, यामाहा आरडी350, यामाहा राजदूत, सुजुकी शोगुन, यामाहा थंडरकैट, बीएसए गोल्डस्टार, नॉर्टन जुबली 250 और टीवीएस अपाचे आरआर 310 शामिल हैं।

वहीं धोनी को हाल ही में रांची में एक विंटेज रोल्स-रॉयस में घूमते हुए देखा गया था. धोनी खेल से संन्यास के बाद भी आईपीएल खेलते हैं और माना जा रहा है कि वह 2026 सत्र में भी खेलेंगे।

# जुरेल को टेस्ट में नंबर तीन पर मिल सकता है अवसर

### –दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ दो शतक लगाकर चर्चाओं में आये

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने भारत ए की ओर से जिस प्रकार दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी की है। उससे उन्हें कोच गौतम गंभीर नंबर तीन पर अवसर दे सकते हैं। भारतीय टीम पिछले काफी समय से तीसरे नंबर पर एक ऐसे बल्लेबाज की तलाश कर रही है जो लंबी पारी खेल सके। इस जगह पर साई सुदर्शन सहित कई खिलाड़ियों को आजमाया गया पर अब तक कोई भी सफल नहीं रहा है। अनुभवी चेतेश्वर पुजारा के बाद से ही इस नंबर पर भारतीय टीम को कोई भी भरोसेमंद बल्लेबाज नहीं मिला है। अब



जिस प्रकार से जुरेल ने दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ दूसरे मैच की दोनों पारियों में शतक लगाया है। उससे अंदाजा होता है कि वह बड़ी पारी खेलने में सक्षम हैं। दोनों पारियों में दक्षिण अफ्रीका ए के गेंदबाज़ों का समझदारी से सामना किया। पहली पारी में जब भारत ए टीम मुश्किल में आई तो जुरेल ने उसे संभाला। उसके बाद दूसरी पारी में भी शानदार शतक लगाया। शुरुआत से ही जुरेल बेहद संयमित नजर आये।

# 'यहां की खराब एयर क्वालिटी को पचा पाना मुश्किल है', दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेटर ने जताया दुख

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेटर जॉन्टी रोड्स ने दिल्ली में बढ़ते एयर पॉल्यूशन पर चिंता जताई है। रोड्स ने अपने एक्स अकाउंट (पहले ट्विटर) पर एक पोस्ट में लिखा, 'आज शाम रांची जाते समय दिल्ली से गुजर रहा था, और हमेशा की तरह यहां की खराब एयर क्वालिटी को पचा पाना मुश्किल है। मैं शुक्रगुजार हूं कि मैं साउथ गोवा के एक छोटे से मछली पकड़ने वाले गांव में रहता हूं।'

क्रिकेट इतिहास के महानतम फील्डरों में से एक माने जाने वाले रोड्स का भारत से गहरा रिश्ता रहा है, जहां वे अब अपने परिवार के साथ गोवा में रहते हैं। उनकी पोस्ट में न सिर्फ उनकी पर्सनल परेशानी बल्कि राजधानी में बिगड़ते पर्यावरण के हालात के बारे में भी चिंता झलकती है जिसमें उन्होंने दिल्ली के घने स्मॉग की तुलना गोवा के साफ-सुथरे, शांत माहौल से की है।

फैंस और फॉलोअर्स ने तुरंत उनकी



पोस्ट पर रिएक्ट करते हुए उनके विचारों से सहमति जताई और दिल्ली के गंभीर एयर क्वालिटी संकट से निपटने के लिए सख्त पर्यावरण नीतियों की मांग की। दूसरों ने रोड्स के शहरी भीड़भाड़ से दूर रहने के फैसले की तारीफ की और मछली पकड़ने वाले गांव में एक सिंपल, प्रकृति-आधारित जीवन शैली को पसंद करने के लिए उनकी सराहना की। दिल्ली की एयर क्वालिटी इस सीजन में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। शहर में स्मॉग की मोटी चादर छाई हुई है और तापमान सामान्य से काफी नीचे गिर गया है। जैसे-जैसे पॉल्यूशन का लेवल बिगड़ता गया, सोमवार को माता-पिता और बच्चे इंडिया गेट पर इकट्ठा हुए और सरकार से राजधानी के जहरीले हवा के संकट से निपटने के लिए तुरंत कार्रवाई करने की अपील की। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (CPCB) के डेटा के अनुसार, दिल्ली में सोमवार को इस सीजन की सबसे खराब एयर क्वालिटी दर्ज की गई। सुबह 7 बजे एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 354 था - जिसे 'बहुत खराब' कैटेगरी में रखा गया है - जिससे शहर 'रेड जोन' में आ गया है। यह रविवार के 390 के,त्त्ध्र से सिर्फ मामूली सुधार था, जो भी इसी कैटेगरी में आता था।

# रणजी मैच में विरोध टीम के खिलाड़ियों से बहस करते दिखे थे वैभव, प्रशंसक बोले, विराट की राह पर चल रहे

नई दिल्ली। 14 साल के उभरते हुए क्रिकेट वैभव सूर्यवंशी अपनी शानदार बल्लेबाजी के साथ ही आक्रामक व्यवहार के कारण भी विवादों में घिर गये हैं। पटना में हाल ही में हुए रणजी ट्रॉफी 2025-26 के मैच में वैभव अपनी बल्लेबाजी की जगह पर विकेटकीपर से झगड़े के कारण निशाने पर आ गये हैं। ये मैच बिहार और मेघालय के बीच हुआ था। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। इसमें देखा गया कि वैभव की मेघालय के विकेटकीपर अर्पित भाटेवारा और गेंदबाजों के साथ बहस हो गयी जिस कारण अंपायरों को बीच में आना पड़ा। अंपायरों के हस्तक्षेप और साथी बल्लेबाज के समझाने के बाद ही वैभव वापस क्रीज पर आ गये। वैभव की इस आक्रमकता को देखकर प्रशंसक उनकी तुलना विराट कोहली से करने लगे हैं, उनका मानना है कि ये बल्लेबाज भी विराट के नक्शेकदम पर है। विराट को भी अपने आक्रामक रवैये के लिए जाना जाता है। वह भी विरोधियों के जवाब उन्हीं के अंदाज में देते हैं। कोहली के निडर और आक्रामक रवैये टीम टीम पर काफी प्रभाव पड़ा है। अब अधिकतर खिलाड़ी आक्रामक अंदाज अपनाते हैं। मेघालय के खिलाफ मुकाबले में वैभव ने 93 रन बनाये थे। इस मैच में पहले दो दिन बारिश के कारण खेल नहीं हो पाया था। इस मैच में वैभव ने केवल 33 गेंदों में अर्धशतक लगा दिया था हालांकि वह अपना शतक नहीं पूरा कर पाये।

# मोहम्मद शमी की वापसी की संभावना पड़ सकती है मुश्किल, इग्लैंड में खेलने से किया था इनकार

नई दिल्ली। मोहम्मद शमी ने मौजूदा रणजी ट्रॉफी में 93 ओवर गेंदबाजी कर ली है लेकिन भारत के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक का दोबारा टेस्ट क्रिकेट में खेलना मुश्किल लग रहा है और उनकी वनडे टीम में भी नीली जर्सी पहनने की संभावना कम ही दिख रही है। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी ने भारत की तरफ से अपना आखिरी मैच इस साल मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी में खेला था लेकिन



उसके बाद से उन्हें किसी भी प्रारूप की टीम में नहीं चुना गया। वह 2023 में वनडे विश्व कप के बाद एड़ी की चोट के कारण लंबे समय तक खेल से बाहर रहे थे। उन्हें इस चोट से निजात पाने के लिए सर्जरी करानी पड़ी थी। वर्तमान समय में भारतीय क्रिकेट जिस दिशा में आगे बढ़ रहा है उसे देखते हुए ऐसी संभावना नहीं लगती है कि शमी तीनों प्रारूपों में अब तक खेले गए 197 अंतरराष्ट्रीय मैचों में और मैच जोड़ पाएंगे। वह टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दोनों में ही राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में पिछड़ गए हैं क्योंकि प्रसिद्ध कृष्णा और आकाशदीप के रूप में भारत के पास अच्छे विकल्प हैं। ऐसा लगता है कि उनके लिए अब केवल एक दिवसीय क्रिकेट ही बचा है। अगला वनडे विश्व कप 2027 में होगा और तब तक शमी 37 साल के हो जाएंगे। ऐसे में भारतीय टीम एक उम्र दराज तेज गेंदबाज को की टीम में रखने का जोखिम नहीं उठाएगी क्योंकि शमी का करियर चोटों से जुड़ा रहा है, जिसमें घुटने की समस्या भी शामिल है। शमी राष्ट्रीय चयनकर्ताओं से बिल्कुल भी खुश नहीं हैं और उन्होंने खुलकर कहा है कि चयनकर्ताओं ने उनसे कोई बातचीत नहीं की है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र हालांकि ऐसा नहीं मानते हैं।

# बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स में अपनी जगह पक्की करने उतरेंगे लक्ष्य सेन

**कुमामोटो (जापान) (एजेंसी)।** चोट से उबरने के बाद एचएस प्रणॉय एक महीने के अंतराल के बाद मंगलवार से शुरु हो रहे कुमामोटो मास्टर्स जापान 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में राष्ट्रीय टीम में वापसी करने के लिए तैयार हैं। वहीं लक्ष्य सेन अच्छा प्रदर्शन कर बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स में अपनी जगह पक्की करने मैदान में उतरेंगे।

बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता प्रणॉय आखिरी बार सितंबर में कोरिया ओपन में खेले थे, जहां चोट के कारण मैच से हटने के बाद उन्हें पहले राउंड में ही बाहर होना पड़ा था। 33 साल के प्रणॉय के लिए 2025 का सीजन मुश्किल रहा है। वह अपने 14 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर में से किसी में भी दूसरे राउंड से आगे नहीं बढ़ पाए हैं, और इस दौरान उन्हें आठ बार पहले राउंड में ही बाहर



होना पड़ा है।

लक्ष्य सेन कुमामोटो मास्टर्स जापान में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद करेंगे ताकि उन्हें सीज़न के आखिर में होने वाले वर्ल्ड टूर फाइनल्स के लिए क्वालिफाई करने में मदद मिल सके। लक्ष्य, सीजन के आखिर में होने वाले टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने वाले एकमात्र भारतीय एकल खिलाड़ी हैं। कल से शुरु हो रहे टूर्नामेंट में लक्ष्य सेन पहले दौर में जापान के कोकी वतनबे की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। वहीं प्रणय मलेशिया के जुन हाओ लियोंग के खिलाफ मैदान में उतरेंगे।

आयुष शेट्टी इस साल यूएस ओपन जीतकर बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय हैं, वे भी किरण जॉर्ज और तरुण मन्नेपल्ली के साथ जापान में पुरुष एकल ड्रॉ में हैं। इसके आलवा 17 साल की नैशा कौर भटोये महिला एकल में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं और वह क्वालिफायर से शुरुआत करेंगी। रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गड्डे की मिश्रित युगल जोड़ी ही देश की एकमात्र युगल चुनौती पेश करेगी। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रूथविका शिवानी गादे का मुकाबला अमेरिका की प्रेस्ली स्मिथ और जेनी गाई की जोड़ी से होगा।

# अतुलदीप को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का ख़िताब




वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के वाणिज्य विभाग में कार्यरत अतुलदीप ने 01 नवम्बर से 08 नवम्बर,2025 तक नई दिल्ली के शिवाजी स्टेडियम में आयोजित 35वें लाल बहादुर शास्त्री हॉकी टूर्नामेंट में टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। वह भारतीय रेलवे टीम के लिए खेलते हैं, जिसने एयर फ़ोर्स स्पोर्ट्स के खिलाफ रोमांचक मुकाबले के बाद चैंपियनशिप का खिताब जीता है। 35वें लाल बहादुर शास्त्री हॉकी टूर्नामेंट का हाल ही में समापन हुआ, जिसमें एक पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया, जिसमें खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार और युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी पुरस्कार रू.11,000/- का नकद पुरस्कार गुरुग्राम के श्री राज कुमार यादव द्वारा प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम को एसबीआई, अमूल, कृभको, जिंदल पावर और डालमिया जैसे संगठनों द्वारा प्रायोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में वायु सेना हॉकी टीमों सहित बारह टीमों ने भाग लिया था। मंडल रेल प्रबंधक,वाराणसी आशीष जैन एवं मंडलीय अधिकारियों ने अतुल दीप की इस उपलब्धी के लिए बधाई दी है। उल्लेखनीय ही की अतुल दीप विगत नौ वर्षो से भारतीय रेलवे एवं उत्तर प्रदेश की हाकी टीम में पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल की तरफ से प्रतिभाग करते हुए लगातार मेडल प्राप्त कर रहे हैं।

# महिला जूनियर हॉकी विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा, ज्योति सिंह को मिली कप्तानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया ने चिली के सैंटियागो में 25 नवंबर से 13 दिसंबर तक होने वाले एफआईएच महिला जूनियर विश्व कप 2025 के लिए 20 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की है। इस टीम की अगुवाई ज्योति सिंह करेंगी, जबकि टीम की कोचिंग की जिम्मेदारी पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तुषार खांडेकर निभाएंगे।

घोषित टीम में 18 मुख्य खिलाड़ी और 2 वैकल्पिक खिलाड़ी शामिल हैं। खांडेकर ने कहा, 'मैं टीम के प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। अनुशासन हमारा मुख्य सिद्धांत है। खिलाड़ियों ने पिछले कुछ महीनों में जबरदस्त मेहनत की है और खेल में उल्लेखनीय सुधार दिखाया है।'

भारत को पूल-सी में रखा गया है और टीम अपना अभियान 1 दिसंबर को नामीबिया के खिलाफ शुरू करेगी। इसके बाद भारत 3 दिसंबर को जर्मनी और 5 दिसंबर को आयरलैंड से भिड़ेगा। पूल की शीर्ष टीमें 7 से 13 दिसंबर के बीच होने वाले नॉकआउट चरण में जगह बनाएंगी।

खांडेकर ने कहा, 'टीम पूरी तरह तैयार और उत्साहित है। लड़कियां विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

#### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम

गोलकीपरः निधि, एंगिल हर्षा रानी मिंज

डिफेंडरः मनीषा, लालथनलुआलांगी, साक्षी शुक्ला, पूजा साहू, नंदिनी

मिडफील्डरः साक्षी राणा, इशिका, सुनेलिता टोप्पो, ज्योति सिंह, खैदेम शिलेमा चानू, बिनिमा धान



फॉरवर्डः सोनम, पूर्णिमा यादव, कनिका सिवाच, हिना बानो, सुखवीर कौर

वैकल्पिक खिलाड़ीः प्रियंका यादव, पार्वती टोपनो।

# बाबर आजम सबसे तेजी से 15000 रन बनाने वाले पहले पाकिस्तानी बल्लेबाज बने

## पाक ने तीसरे एकदिवसीय में दक्षिण अफ्रीका को हराया

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 15000 रन पूरे कर लिए हैं। बाबर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में ये उपलब्धि हासिल की है। अब वह 15000 रन बनाने वाले पाक के पांचवें बल्लेबाज बने हैं हालांकि उन्होंने यह आंकड़ा 370 पारियों में ही हासिल कर लिया। अब वह सबसे तेजी से 15000 रन बनाने वाले पहले पाक क्रिकेटर बन गये हैं। इससे पहले इंजमाम-उल-हक, यूनिस खान, मोहम्मद यूसुफ और जावेद मियांदाद ने भी ये आंकड़ा हासिल किया था। बाबर से पहले पाक ही अन्य बल्लेबाजों को इतने रनों तक पहुंचने के लिए 400 से 550 पारियां खेलनी पड़ी थीं। बाबर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में 32 गेंद में 27 रन बनाये। अब तक 329 मैचों में बाबर ने 45.46 की औसत से 15004 रन बनाए हैं, जिसमें 31 शतक और 104 अर्धशतक शामिल हैं, उनका सबसे अधिक स्कोर 196 है। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 37.5 ओवर में ही 143 रन पर आउट हो गयी। पाक की ओर से अबरार अहमद ने 27 रन देकर चार विकेट लिये जबकि शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद नवाज और आगा सलमान ने दो-दो विकेट लिए। इसके बाद पाकिस्तान ने 25.1 ओवर में ही तीन विकेट पर 144 रन बनाकर ये मैच जीत लिया है। वहीं इससे पहले पाक टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में फखर जमान को खाता खोले बिना ही पेवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये बाबर आजम ने सैम अयूब के साथ दूसरे विकेट के लिए 64 रन बनाये। इसके बाद बाबर 27 रनों पर बदकिस्मती से रन आउट हो गये। ऐसे में मोहम्मद रिजवान ने सैम अयूब के साथ 65 रनों बनकार अपनी टीम को जीत दिलायी। अयूब ने 70 गेंदों में 11 चौके और एक छक्का लगाते हुए 77 रन बनाये।



# ऋचा घोष के नाम पर बनेगा क्रिकेट स्टेडियम, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने की घोषणा

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट की उभरती सितारा ऋचा घोष को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक ऐतिहासिक घोषणा की है। उन्होंने बताया कि दार्जिलिंग में बनने वाले नए क्रिकेट स्टेडियम का नाम 'ऋचा घोष क्रिकेट स्टेडियम' रखा जाएगा। यह सम्मान 22 वर्षीय सिलीगुड़ी की इस खिलाड़ी को उनके शानदार विश्व कप प्रदर्शन की याद में दिया जा रहा है। ऋचा ने 2025 महिला विश्व कप में भारत को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। यह फैसला न केवल उनकी उपलब्धियों का सम्मान है, बल्कि महिला क्रिकेट को नई ऊंचाई देने का प्रतीक भी बनेगा।

#### ममता बनर्जी की घोषणा और भावनात्मक संबोधन

कोलकाता में आयोजित एक सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ऋचा घोष की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा, 'ऋचा सिर्फ 22 साल की हैं, लेकिन उन्होंने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। बंगाल सरकार चाहती है कि आने वाली पीढ़ियां उनके संघर्ष और सफलता से प्रेरणा लें।' ममता ने बताया कि दार्जिलिंग में करीब 27 एकड़ जमीन पर एक आधुनिक क्रिकेट स्टेडियम बनाया जाएगा और इसे ऋचा घोष के नाम समर्पित किया जाएगा। उन्होंने नगर निगम के मेयर को इस परियोजना की विस्तृत योजना तैयार करने के निर्देश भी दिए हैं।



#### सिलीगुड़ी में हीरो की तरह हुआ स्वागत

2 नवंबर को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका पर भारत की 52 रन की ऐतिहासिक जीत के बाद ऋचा जब अपने गृहनगर सिलीगुड़ी लौटीं, तो उनका शानदार स्वागत हुआ। सड़कों पर हजारों प्रशंसकों ने उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (ष्ट्रक्) के अध्यक्ष सौरव गांगुली भी मौजूद थे, जिन्होंने राज्य सरकार के साथ मिलकर ऋचा को सम्मानित किया। गांगुली और झूलन गोस्वामी ने उन्हें सोने की परत चढ़ा हुआ बैट और बॉल भेंट किया। पश्चिम बंगाल सरकार ने ऋचा को बंगा भूषण पुरस्कार, एक सोने की चेन और डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (ष्ठस्क्र) * के पद से नवाजा, यह उनके योगदान की अद्भुत पहचान है।

#### 'भविष्य की भारतीय कप्तान': गांगुली ने की प्रशंसा

पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने ऋचा की बल्लेबाज़ी और संयम की तारीफ करते हुए कहा कि वह भारतीय क्रिकेट का भविष्य हैं। गांगुली ने कहा, 'ऋचा में कप्तानी की सभी खूबियां आत्मविश्वास, अनुशासन और निर्णायक मानसिकता हैं। आने वाले समय में वह भारतीय महिला टीम की कप्तान बन सकती हैं।'

#### विश्व कप में दमदार प्रदर्शन

ऋचा घोष का 2025 महिला विश्व कप शानदार रहा। उन्होंने अपनी टीम के लिए कई अहम पारियां खेलीं, जिनमें सबसे यादगार थी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 94 रनों की पारी, जब भारत का स्कोर 102 पर छह विकेट था। उनकी बल्लेबाज़ी ने मैच का पासा पलट दिया और भारत को फाइनल की राह पर आगे बढ़ाया।




# क्या फिर टलेगी प्रभास की 'द राजा साहब' की रिलीज?

प्रभास की 'बाहुबली- द एपिक' इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। यह फिल्म पिछली दोनों बाहुबली का मिश्रित वर्जन है। इस बीच फैंस प्रभास की मच अवेटेड फिल्म 'द राजा साहब' को लेकर भी काफी उत्साहित हैं। फिल्म का एक ट्रेलर रिलीज किया जा चुका है, फिलहाल फिल्म को अगले साल मकर संक्रांति के मौके पर रिलीज किया जाना है। लेकिन इस बीच ऐसी खबरें सामने आ रही थीं कि फिल्म की रिलीज फिर से टल गई है। अब मेकर्स ने खुद सामने आकर इन खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए फिल्म की रिलीज को लेकर सच्चाई बताई है।

## मेकर्स ने चर्चाओं को किया खारिज

पिछले हफ्ते कई मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया गया कि 'द राजा साहब' की रिलीज संक्रांति से आगे बढ़ा दी जाएगी, क्योंकि पोस्ट-प्रोडक्शन, खासकर वीएफएक्स में उम्मीद से ज्यादा समय लग रहा था। अब खबरों के लगातार फैलने पर मेकर्स ने एक ऑफिशियल बयान जारी कर इन खबरों को खारिज किया है। फिल्म के निर्माता टीजी विश्व प्रसाद ने प्रशंसकों और मीडिया से इस तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने का अनुरोध किया और ये कंफर्म किया कि 'द राजा साहब' संक्रांति 2026 को रिलीज होगी।

## 9 जनवरी 2026 को ही रिलीज होगी फिल्म

मेकर्स की ओर जारी किए गए बयान में कहा गया कि रिबेल स्टार प्रभास की आगामी फिल्म 'द राजा साहब' की रिलीज को लेकर चल रही अटकलों के जवाब में टीम यह स्पष्ट करना चाहती है कि संक्रांति 2026 से फिल्म के रिलीज आगे बढ़ने की सभी खबरें सिर्फ अफवाह हैं। आधिकारिक घोषणा के अनुसार, 'द राजा साहब' 9 जनवरी 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पोस्ट-प्रोडक्शन का काम बिना किसी देरी के तेजी से आगे बढ़ रहा है। फिल्म को दर्शकों तक अच्छे तरीके से पहुंचाने के लिए हर विभाग मिलकर अच्छे से काम कर रहा है। फिल्म को उच्च स्तर पर बनाया जा रहा है। मेकर्स ने अंत में ये भी कंफर्म किया कि जल्द ही फिल्म का प्रमोशन भी शुरू किया जाएगा। 'राजा साहब' एक हॉरर-कमेडी फिल्म है। प्रभास एक लंबे वक्त बाद इस तरह की एंटरटेनर फिल्म में वापसी कर रहे हैं। मारुति द्वारा निर्देशित और लिखित इस फिल्म में प्रभास के अलावा संजय दत्त, मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल, ऋद्धि कुमार और बोमन ईरानी भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसे कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। फैंस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# दिल्ली क्राइम 3 में बड़ी दीदी का रोल कर खुश हैं हुमा कुरैशी बताया शूटिंग का अनुभव

धांसू सीरीज 'दिल्ली क्राइम' के तीसरे सीजन का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो चुका है और नेटफ्लिक्स की सीरीज में हुमा कुरैशी ने निगेटिव रोल प्ले किया है। ट्रेलर में हुमा कुरैशी का रोल काफी प्रॉमिसिंग लग रहा है। पहले उन्होंने बेल बॉटम में निगेटिव रोल प्ले किया था, लेकिन अब अपनी एक्टिंग से 'दिल्ली क्राइम 3 सिर्फ देश में ही नहीं, बल्कि विदेश तक अपने काले व्यापार के तार बिछा रही हैं। हुमा ने ट्रेलर लॉन्च के दौरान शूटिंग से जुड़े अपने अनुभव को भी शेयर किया। मंगलवार को दिल्ली क्राइम 3 सीरीज का शानदार ट्रेलर लॉन्च किया गया, जहां हुमा कुरैशी ने सीरीज से जुड़े अपने अनुभव को शेयर किया। हुमा ने मीडिया से अपने कोस्टार शेफाली शाह की तारीफ करते हुए कहा, टीम के सभी लोगों ने बहुत अच्छा काम किया है, मुझे महसूस ही नहीं हुआ कि मैं इस टीम के लिए नई हूं। मेरे लिए इस टीम का हिस्सा बनना गर्व की बात है। उन्होंने आगे कहा कि सेट पर सभी ने मेरा स्वागत किया।

बता दें कि हुमा कुरैशी पहली बार सीरीज का हिस्सा बनी हैं। इससे पहले दो सीजन में शेफाली शाह, रसिका दुग्गल, राजेश तैलंग, जया भट्टाचार्य और अनुराग अरोड़ा थे, लेकिन इस बार सयानी गुप्ता और मीता वशिष्ठ भी तीसरे सीजन का हिस्सा बनी हैं। सीरीज के ट्रेलर की बात करें तो सीरीज में भौकाल से ज्यादा सस्पेंस और क्राइम है। हुमा ने सीरीज में बड़ी दीदी का रोल प्ले किया है, जो बच्चियों की तस्करी करती हैं। हुमा गैंग के साथ लड़कियों को नौकरी का बहाना देकर किडनैप करती है और फिर बाहर विदेशों में बेच देती है, लेकिन डीएसपी वर्तिका चतुर्वेदी यानी शैफाली शाह गुत्थी को सुलझाने के लिए टीम का गठन करती हैं और गैंग को पकड़ने की कोशिश करती हैं, लेकिन इस बार क्राइम सिर्फ दिल्ली तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के अलग-अलग राज्यों और विदेश तक फैला है। सीरीज में बड़ी दीदी और पुलिस के बीच चूहे-बिल्ली का खेल देखने को मिल रहा है। ट्रेलर से साफ है कि सीरीज धमाकेदार होने वाली है, लेकिन इसे देखने के लिए फैंस को थोड़ा इंतजार करना होगा क्योंकि सीरीज 13 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।



# रानी चटर्जी ने शुरू की अपनी नई फिल्म यूपी वाली-बिहार वाली की शूटिंग

भोजपुरी सिनेमा की क्वीन और अपने बयानों को बेबाकी से रखने वाली एक्ट्रेस रानी चटर्जी सोशल मीडिया की भी रानी हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया के जरिए फैंस को पर्सनल से लेकर प्रोफेशनल लाइफ की जानकारी देती हैं। अब उन्होंने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है। रानी चटर्जी ने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की, जिसमें नए सेट पर हुई पूजा-पाठ दिख रही है। पूजा-पाठ के बीच एक फिल्मबोर्ड रखा है, जिसपर लिखा है, यूपी वाली-बिहार वाली। यह एक्ट्रेस की नई फिल्म का नाम है, जिसकी शूटिंग रानी ने शुरू कर दी है। फिल्म में रानी के अलावा और कौन-कौन हैं, इसे लेकर ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। इससे पहले रानी ने परिणय सूत्र की शूटिंग पूरी की है और गैंगस्टर इन बिहार में भी दिखने वाली हैं। गैंगस्टर इन बिहार का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, लेकिन अभी तक फिल्म की रिलीज डेट सामने नहीं आई है।

रानी चटर्जी की कई बैक-टू-बैक फिल्में यूट्यूब पर रिलीज हो चुकी हैं। यूट्यूब पर रानी की अम्मा, जय मां संतोषी, मायके की टिकट कटा दे पिया, प्रिया ब्यूटी पार्लर, सास बहू चली स्वर्गलोक और चुलगखोर बहुरिया मौजूद हैं। फिल्मों के साथ-साथ रानी अपनी फिटनेस पर भी बराबर ध्यान देती हैं। वे घंटों जिम में पसीना बहाकर अपना वजन कंट्रोल कर रही हैं। रानी ने खुद बताया था कि फिल्मों की शूटिंग में बिजी होने की वजह से वो अपनी फिटनेस पर ध्यान नहीं दे पा रही थी, जिसकी वजह से उनका वजन काफी बढ़ गया।

# द फैमिली मैन सीजन 3 का हिस्सा बनने पर निमरत ने कहा मैंने अपना परिवार चुना है

**द फैमिली मैन सीजन 3 इस महीने के अंत में अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होने को तैयार है। निर्माताओं ने शो का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। ट्रेलर में दर्शकों को इस सीजन की कहानी की एक झलक मिल गई है। ट्रेलर लॉन्च इवेंट में सीरीज के कलाकार मौजूद रहे। इन कलाकारों ने सीरीज का हिस्सा बनने पर अपनी बात रखी है।**

## निमरत ने परिवार को चुना

द फैमिली मैन सीजन 3 का हिस्सा बनने पर निमरत कौर ने कहा कहा जाता है कि आप जन्म लेना नहीं चुन सकते। आप मरना नहीं चुन सकते। आप अपने परिवार को नहीं चुन सकते। लेकिन मैं कह सकती हूं कि मैंने अपना परिवार चुना है।

## सीरीज की स्टारकास्ट

शो में प्रियामणि, शारिब हाशमी, अश्लेषा ठाकुर, वेदांत सिन्हा, श्रेया धनवंतरी और गुल पनाग भी हैं। फैमिली मैन सीजन 3 का प्रीमियर 21 नवंबर 2025 को प्राइम वीडियो पर होगा।

## सीरीज का हिस्सा बनने पर बोले जयदीप अहलावत



ट्रेलर लॉन्च के मौके पर द फैमिली मैन सीजन 3 का हिस्सा बनने पर जयदीप अहलावत ने कहा मैं राज और डीके का बहुत आभारी हूं। इस साल के शुरुआत में उन्होंने हमें पाताल लोक में लिया और साल के आखिर में द फैमिली मैन में। इसमें मनोज वाजपेयी भी हैं।

## जयदीप ने मनोज के पैर छुए

सोशल मीडिया पर ट्रेलर लॉन्च इवेंट का एक वीडियो वायरल है। इसमें जयदीप अहलावत ने मनोज बाजपेयी के पैर छू लिए। फिर मनोज ने उन्हें उठाकर गले लगा लिया। दोनों ने हाथ मिलाया। इसके बाद दोनों ने हंसते हुए पोज दिए।





# मनोज बाजपेयी के साथ हिंदी फिल्म में काम करेंगे राणा दग्गुबाती

**'बाहुबली' फेम अभिनेता व निर्माता राणा दग्गुबाती की प्रोडक्शन कंपनी 'स्पिरिट मीडिया' ने अपनी पांच आगामी फिल्मों की घोषणा कर दी है। सबसे खास बात कि इस लिस्ट में राणा दग्गुबाती के प्रोडक्शन हाउस की पहली हिंदी फिल्म भी शामिल है। इसमें बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी नजर आएंगे।**

## बेन रेखी करेंगे निर्देशन

राणा दग्गुबाती के स्पिरिट मीडिया की पहली हिंदी फिल्म अरविंद अडिगा के लोकप्रिय उपन्यास 'लास्ट मैन इन टावर' का रूपांतरण होगी। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी प्रमुख भूमिका में होंगे। इस फिल्म का निर्देशन अमेरिकी निर्देशक बेन रेखी करेंगे, जिन्होंने पहले आश्रम (2018) और वॉच लिस्ट (2019) का निर्देशन किया था।

## राणा दग्गुबाती ने जताई खुशी

अपने प्रोडक्शन हाउस की पहली हिंदी फिल्म और मनोज बाजपेयी के साथ करने पर राणा दग्गुबाती ने कहा कि मुझे लास्ट मैन इन टावर के रूपांतरण के साथ स्पिरिट के हिंदी प्रोडक्शन की शुरुआत की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। हमारी पहली हिंदी फिल्म के लिए इससे बेहतर टीम नहीं हो सकती थी। कांथा, लास्ट मैन इन टावर का रूपांतरण और अन्य फिल्में जिन्हें हम अलग-अलग क्षमताओं में सहयोग दे रहे हैं, इन सभी ने हमें अलग-अलग क्रिएटिव टीमों निर्देशकों, लेखकों और प्रोड्यूसर्स के साथ काम करने का मौका दिया है।

## मनोज बाजपेयी ने की राणा दग्गुबाती की तारीफ



मनोज बाजपेयी ने फिल्म को लेकर कहा कि राणा दग्गुबाती के स्टूडियो के साथ इसके पीछे उद्देश्य और समर्थन की एक मजबूत भावना है। ईमानदार कहानी कहने में उनका विश्वास फिल्म को वह जगह और आत्मविश्वास देता है, जिसकी वह हकदार है। बेन रेखी के साथ काम करना एक बहुत ही संतोषजनक अनुभव रहा है।

## 14 नवंबर को रिलीज स्पिरिट मीडिया की पहली फिल्म 'कांथा'

मनोज बाजपेयी स्टारर इस हिंदी फिल्म की घोषणा स्पिरिट मीडिया की पहली होम प्रोडक्शन फिल्म 'कांथा' की रिलीज से पहले हुई है। जिसमें दुलकर सलमान होंगे और इसका निर्देशन सेल्वामणि सेल्वराज ने किया है। तमिल पीरियड-ड्रामा थ्रिलर 'कांथा' 14 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। स्पिरिट मीडिया की लिस्ट में तीन तेलुगु फिल्में भी शामिल हैं। इनमें 'डार्क चॉकलेट', 'साइके सिद्धार्थ' और 'प्रेमंते' भी शामिल हैं।



# रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा फरवरी में करेंगे शादी? उदयपुर में बजेगी शहनाई

**रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा को लेकर हाल ही में सगाई की खबरें आईं। अब दोनों की शादी की तारीख भी चर्चा हो रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा कथित तौर पर 26 फरवरी, 2026 को उदयपुर में शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं।**

रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की सगाई की खबरों के बाद अब उनकी शादी की चर्चा तेज हो गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टॉलीवुड की सबसे चहेती जोड़ियों में से एक रश्मिका और विजय अब से चार महीने बाद शादी के पवित्र बंधन में बंधने जा रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रश्मिका और विजय की शादी करीब चार महीने बाद 26 फरवरी, 2026 को राजस्थान के उदयपुर स्थित एक आलीशान महल में होने की खबर है। हालांकि शादी को लेकर दोनों में से किसी की ओर से कोई ऑफिशियल कन्फर्मेशन नहीं है। वैसे, दोनों की शादी की खबर सुनकर ही फैन्स में इस जोड़ी को लेकर उत्सुकता काफी बढ़ गई है।

## विजय के हैदराबाद वाले घर पर हुई सगाई?

यहां बताते चलें कि दोनों एक्टर्स के करीबी सूत्र ने मीडिया को ये जानकारी दी थी कि उनकी सगाई 3 अक्टूबर, 2025 को विजय के हैदराबाद वाले घर पर हुई। इस समारोह को काफी इंटीमेट और भव्य बताया गया था, जिसमें केवल परिवार के सदस्य और कुछ करीबी दोस्त ही शामिल हुए थे। रश्मिका के अलावा विजय की टीम का बयान हाल ही में अपनी आने वाली फिल्म थामा के एक प्रमोशनल इवेंट के दौरान, रश्मिका से उनकी सगाई की अफवाहों के बारे में पूछा गया। रश्मिका ने शरमाते हुए जवाब दिया, सबको इस बारे में पता है। इससे फैन्स काफी उत्साहित हो गए। इसके साथ ही विजय की और से किसी सूत्र ने ये बताया है कि दोनों अगले साल शादी करने की प्लानिंग कर रहे हैं। इसी के साथ उन्हें लेकर फरवरी में शादी समारोह की अटकलों को बल मिला है।

## दोनों पहली बार कब मिले

बता दें कि रश्मिका और विजय की पहली बार गीता गोविंदम (2018) के सेट पर मिले थे। दोनों की जबरदस्त केमिस्ट्री ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। वहीं इसके बाद डियर कॉमरेड (2019) में वे फिर से साथ आए। इस फिल्म ने जहां उनके ऑन-स्क्रीन रिश्ते को मजबूत किया, वहीं कहते हैं कि उनका ऑफ-स्क्रीन रोमांस की इसी फिल्म से शुरू हुआ। अगर फरवरी में शादी सच में होती है तो ये साल 2026 में होनेवाली बड़ी शादियों में से एक होगी। यहां उदयपुर में होनेवाली शादी में रश्मिका और विजय की साउथ इंडियन जोड़ी और रीति-रिवाजों में राजस्थान की शाही भव्यता का तड़का नजर आएगा।

## रश्मिका की पहले भी हुई थी सगाई

यहां बता दें कि रश्मिका विजय के साथ इस रिश्ते में आगे बढ़ने से पहले एक टूटे हुए रिश्ते का दर्द झेल चुकी हैं। दरअसल रश्मिका की साल 2017 में एक्टर रक्षित शेट्टी से सगाई हुई थी। वहीं अगले साल दोनों की सगाई टूट गई।



# क्वींसटाउन
## दुनिया की रोमांच राजधानी



उस शहर जाने की कल्पना ही रोमांचक हो सकती है जिसे दुनिया की एडवेंचर कैपिटल के रूप में शोहरत हासिल हो। जिन्हें हम एक्सट्रीम एडवेंचर की संज्ञा देते हैं, वे सभी यहां हैं। हम बात कर रहे हैं न्यूजीलैंड के क्वींसटाउन शहर की। कहा जाता है कि उन्नीसवीं सदी के मध्य में जब क्वींसटाउन में शॉटओवर नदी में सोना मिलने की खबर फैली तो लोग यहां उमड़ने शुरू हो गए थे। आखिरकार जब सोना खत्म हो गया तो यहां पहुंचे लोगों का ध्यान यहां के पहाड़ों और नदियों की खूबसूरती पर गया और तब उन्होंने यही बसने का फैसला कर लिया। रोमांच में यहां शुरुआत पिछली सदी के मध्य में स्कीइंग से हुई।

1970 के दौरान जेट बोटिंग की शुरुआत हुई। यह एक तरह से विशुद्ध रूप से रोमांच की दुनिया को क्वींसटाउन की देन थी। शॉटओवर नदी की गहरी कंदराओं में से जेटबोट की राइड का रोमांच ही अलग है। कुछ ही समय बाद रिवर राफ्टिंग भी क्वींसटाउन की नदियों में शुरू हो गई। 1988 में ऐ जे हैकट ने यहां बंजी जंपिंग की शुरुआत की। क्वींसटाउन को बंजी जंपिंग का जनक माना जाता है। आज यहां बंजी जंपिंग की कई साइट हैं। एक समय तो हैकट एंड कंपनी 450 मीटर की ऊंचाई से हेलीकॉप्टर से बंजी जंपिंग करा रहे थे। हालांकि सरकारी नीतियां बदलने से बाद में उसे रोकना पड़ा।

क्वींसटाउन ही टेंडम पैरापेंटिंग व कमर्शियल स्काइडाइविंग का भी मुख्य अड्डा है। इसके अलावा यहां टेंडम हैंग ग्लाइडिंग, पैरासेलिंग व एब्सेलिंग जैसी गतिविधियां भी होती हैं। सैलानी क्वींसटाउन केवल एडवेंचर के लिए जाते हैं, जबकि वहां की प्राकृतिक खूबसूरती भी किसी जगह से कम नहीं।

कैसे जाएंः न्यूजीलैंड के दक्षिणी द्वीप के दक्षिण-पश्चिमी कोने में स्थित क्वींसटाउन में हालांकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट है, लेकिन यहां की सारी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें आस्ट्रेलिया के विभिन्न शहरों से होकर हैं।

# खतलिंग
## ग्लेशियर का नजारा

उत्तराखंड में एक वक्त 7,941 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र बर्फ से ढका रहता था, जो यहाँ के भौगोलिक क्षेत्रफल का लगभग 15 प्रतिशत क्षेत्र है। यमुना, गंगा और काली नदी समेत उनकी कई सहस्रधाराएँ इसी क्षेत्र में जन्म लेती हैं, लेकिन यह क्षेत्र लगातार सिमट रहा है। यहाँ के तमाम ग्लेशियर पिघल रहे हैं।

चार धामों की यात्रा के अलावा साहसिक पर्यटन के प्रेमियों में खतलिंग ग्लेशियर के दर्शन को पाँचवाँ धाम दर्शन माना जाता है। यहीं से केदारनाथ तक पैदल यात्रा क्षेत्र भी है। पिछले हफ्ते इसी यात्रा मार्ग पर ट्रैकिंग के लिए कुछ पर्यटकों का दल भारी बर्फबारी में फँसने से राज्य में हड़कंप मच चुका है। बमुश्किल इस यात्री दल के तीन पर्यटकों को हेलिकॉप्टरों से निकाला गया तो छः अन्य लोगों को दो दिन बाद त्रियुगी नारायण क्षेत्र में आईटीबीपी एवं पुलिस की गठित टीमों ने पैदल रास्ते से जाकर ढूँढ निकाला।

### यही है कस्तूरी मृगों का क्षेत्र :

पाँचवें धाम खतलिंग को जाने वाले मार्ग पर फँसे इन पर्यटकों ने वन विभाग से यहाँ जाने की अनुमति नहीं ली थी। इस क्षेत्र में कस्तूरी मृग क्षेत्र होने से यहाँ जाने की पूर्वानुमति आवश्यक है। 3,700 मीटर की ऊँचाई पर खतलिंग ग्लेशियर पहुँचने के रास्ते में चौकी बुग्याल रुद्रागंगा, हिमानी गुफा, दुमलिया ताल भी दर्शनीय हैं। यहाँ से सात किलोमीटर की दूरी तय कर गंगोत्री पहुँचा जा सकता है। यहाँ से साढ़े छः हजार मीटर की ऊँचाई पर स्थित सतलिंग तेज चमकता है।

स्फटिक लिंग जो ग्रेनाइट धातु से बना है, पर बर्फ नहीं टिकती और भगवान शिव का आत्मलिंग का खिताब इसे प्राप्त है । 6,460 मीटर जोगिन चोटी, मयाली टॉप के रास्ते वासुकीताल होते हुए 14 किलोमीटर दूरी तय कर केदारनाथ धाम पहुँचना संभव है । मयाली टॉप की चोटी से तिब्बत का इलाका दिखाई देता है।

### पिघल रहे ग्लेशियर :

हिमालय में तैंतीस हजार वर्ग किलोमीटर में ग्लेशियर फैले हैं जो पूरे हिमालय क्षेत्र के 17 प्रतिशत रहे हैं। गोमुख, मिलम, पिंडारी, खतलिंग व नामिक जैसे उत्तराखंड के हजारों ग्लेशियर पानी की मीनारों का काम करते हैं। हजारों साल पहले गौमुख ग्लेशियर गंगोत्री से मिलता था, लेकिन आज गंगोत्री व गोमुख के बीच की दूरी 19 किलोमीटर है।

पिछले दो सौ वर्षों में गंगोत्री व गोमुख के बीच की दूरी ही नहीं बढ़ी। ग्लेशियर का स्नाउट भी खिसकता जा रहा है। मिलम ग्लेशियर 1828 में मिलम गाँव से दो किलोमीटर पर बताया गया जो अब छः किलोमीटर से भी अधिक दूरी पर है। खतलिंग ग्लेशियर का मुख जो चौकी ताल पर था, अब सात किलोमीटर दूर है। पिंडारी ग्लेशियर भी काफी पीछे चला गया।

### बढ़ते लोग, बढ़ता ताप :

सन 1808 तक गंगोत्री क्षेत्र में गंगा की मूर्ति के पूजन की परंपरा थी, लेकिन यहाँ दस-पंद्रह लोग ही रहते थे। गंगा की मूर्ति के साथ ये लोग भी अपने गाँवों में वापस चले जाते थे। 1981 की जनगणना में गंगोत्री की स्थाई आबादी लगभग 125 के आसपास थी जो आज हजारों तक पहुँच चुकी है। साधु-संन्यासी ही काफी पहले पहुँचे थे। चार धामों में से बद्रीनाथ में ही यह संख्या श्रद्धालुओं के हिसाब से लाख तक पहुँचती थी। अब यहाँ एक हफ्ते में लाख से अधिक श्रद्धालु आते हैं।

पूर्ण कुंभकाल के वक्त ही बद्रीनाथ से ज्यादा श्रद्धालु आते थे। 1808 के पूर्ण कुंभ में 45 हजार श्रद्धालु बद्रीनाथ पहुँचे थे, जबकि 2010 के पूर्ण कुंभ के बाद दो दिन में यह संख्या पार कर ली गई। 1808 में केदारनाथ की यात्रा विषम थी। उस साल केदारनाथ गए कई यात्री मारे भी गए थे। अब तमाम साधन, बढ़ते गाड़ियों व रेल नेटवर्क बढ़ने से तीर्थयात्रियों की संख्या में असाधारण वृद्धि हुई है। इसी तरह इस क्षेत्र के ग्लेशियरों में भी ट्रैक कर जाने वालों की संख्या में वृद्धि हो रही है।

### प्रकृति छेड़छाड़ ने पैदा किया संकट :

इसी तीर्थ क्षेत्र के आसपास बुग्यालों, ग्लेशियरों एवं तमाम खूबसूरत घाटियों व नदियों पर जलविद्युत परियोजनाओं के लिए प्रकृति से छेड़छाड़ से भी यहाँ के माहौल में बदलाव आया है। स्वयं चिपको नेता चंडीप्रसाद भट्ट ने भी इस तरह की गतिविधियों को विश्व धरोहर पार्कों के आसपास हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर भ्यूंडार घाटी जल विद्युत परियोजना समेत तमाम क्षेत्रों की परियोजनाओं को सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के विरुद्ध बताया है।

इस बाबत उन्होंने केंद्र को पत्र भी भेजकर इस संवेदनशील क्षेत्र में इस गतिविधि को लगाम लगाने की माँग की है। विश्व धरोहर फूलों की घाटी से सात किलोमीटर की दूरी पर भ्यूंडार घाटी जल विद्युत परियोजना भी इस सुप्रीम कोर्ट के आदेश के विरुद्ध जारी है। इस आदेश के अनुसार विश्व धरोहर से 10 किलोमीटर की परिधि में इस तरह की परियोजनाएँ प्रतिबंधित हैं। तथापि यहाँ इस तरह की परियोजनाओं का बेरोकटोक निर्माण इस क्षेत्र में प्रकृति प्रेमियों के रोष का कारण बन रहा है।



# कला-शिल्प का अद्भुत संगम
## खजुराहो

**खजुराहो के मंदिर भारतीय कला का एक उत्कृष्ट नमूना है। इन मंदिरों की दीवारों पर उकरी देवी-देवताओं की विभिन्न मुद्राओं की मनोहारी प्रतिमा अपने आप में दुलर्भ है, जिसके समान कोई ओर नहीं है। मध्यप्रदेश में स्थित खजुराहो पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र है।**

हर साल लाखों की संख्या में देशी व विदेशी पर्यटक खजुराहों आते हैं व यहाँ की खूबसूरती को अपनी स्मृति में कैद करके ले जाते हैं। यहाँ शाम के वक्त होने वाले लाइट शो में खजुराहो के मंदिरों की खूबसूरती का चरम देखने को मिलता है, जो एक यादगार व अविस्मरणीय अनुभव होता है।

भारतीय कला व संस्कृति के संगम स्थल खजुराहों के आसपास भी कई ऐसे स्थान है, जो आपकी खजुराहो यात्रा को पूर्णता प्रदान करते हैं। इनमें खजुराहो से 25 किमी दूर स्थित राजगढ़ पैलेस (हैरिटेज होटल), रंगून झील (पिकनिक स्पॉट), पन्ना राष्ट्रीय उद्यान आदि स्थल है। खजुराहो को प्यार का प्रतीक भी कहा जाता है। यहाँ काम मुद्रा में मग्न देवताओं की भी मूर्तियाँ है, जो अश्लीलता नहीं बल्कि सौंदर्य और प्यार की प्रतीक हैं। प्यार के साक्षी इन्हीं मंदिरों में प्रतिवर्ष कई जोड़े परिणय सूत्र में बँधकर अपने दांपत्य जीवन की शुरुआत करते हैं।

खजुराहो एक पर्यटक स्थल होने के साथ-साथ मंदिरों के गाँव के रूप में भी विख्यात है। यहाँ के मंदिर लगभग 1000 सालों से भी अधिक पुराने हैं, जिन्हें मध्यभारत के चंदेल राजपूत राजाओं ने बनवाया था।



वर्तमान में प्राचीन 85 मंदिरों में से मात्र 22 मंदिर ही सुरक्षित बचे हैं। शेष मंदिर आज खंडहर के रूप में तब्दील होकर जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं। खजुराहो के प्रसिद्ध मंदिर पूर्वी, पश्चिमी व दक्षिणी आदि तीन भागों में विभाजित हैं।

पश्चिमी भाग के मंदिर ः- खजुराहो में पश्चिमी भाग के मंदिरों में प्रमुख मंदिर कंडरिया महादेव मंदिर, चौंसठ योगिनी मंदिर (ग्रेनाइट से बना सुंदर मंदिर), काली माँ का मंदिर, देवी जगदंबा मंदिर आदि प्रमुख हैं। इन मंदिरों के उत्तर में चित्रगुप्त मंदिर (सूर्य देवता का मंदिर), विश्वनाथन मंदिर (तीन मुखी ब्रह्मा की प्रतिमा तथा 6 फीट ऊँची नंदी प्रतिमा), मटंगेश्वर मंदिर (8 फीट ऊँचा शिवलिंग) आदि स्थित है।

मंदिरों में स्थित प्रतिमाओं की जर्जर स्थिति को देखते हुए इनमें से कई मंदिरों में पूजा करना प्रतिबंधित है। इनमें से केवल ममटंगेश्वर मंदिर में ही अब तक पूजा करना जारी है।

***पूर्वी भाग के मंदिर :***

इस भाग में हिंदू व जैन दोनों के देवी-देवताओं की दुर्लभ प्रतिमाएँ स्थित हैं। मंदिरों का यह भाग खजुराहो गाँव के समीप स्थित है। पूर्वी भाग का सबसे बड़ा मंदिर जैन तीर्थंकर 'भगवान पार्श्वनाथ जी का मंदिर' है। इसके बाद दूसरा जैन मंदिर 'घाटी मंदिर' है। इस मंदिर के उत्तर में 'आदिनाथ मंदिर' हैं। मंदिरों के इस समूह में ब्रह्मा, वामन आदि हिंदू देवताओं के मंदिर भी शोभायमान है।

***दक्षिणी भाग के मंदिर :***

मंदिरों का यह समूह खजुराहो गाँव से लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इनमें सबसे अच्छा मंदिर 'चित्रभुज मंदिर' है। इस भाग के मंदिरों से कुछ दूरी पर सड़क के उस पार जैन मंदिरों का एक समूह है, जिनमें कई जैन तीर्थंकरों के सुंदर व आकर्षक मंदिर है।

***खजुराहो के आसपास:*** भारतीय कला व संस्कृति के संगम स्थल खजुराहों के आसपास भी कई ऐसे स्थान है, जो आपकी खजुराहो यात्रा को पूर्णता प्रदान करते हैं। इनमें खजुराहो से 25 किमी दूर स्थित राजगढ़ पैलेस (हैरिटेज होटल), रंगून झील (पिकनिक स्पॉट), पन्ना राष्ट्रीय उद्यान (34 किमी दूर) आदि रमणीय स्थल हैं।

भारत की इस विरासत को देखना मात्र ही अपने आप में भारतीय कला से रूबरू होना है, जो अपने आप में अनूठी है, प्राचीन है व गौरवशाली है। आप भी मंदिरों के इस गाँव की सुंदरता को निहारने एक बार अवश्य खजुराहों जाएँ।